


“सारे सबक किताबों में नहीं मिलते कुछ सबक जिंदगी भी सिखाती है।”

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी



अगर जिंदगी में सुकून चाहते हो तो लोगों की बातों को दिल से लगाना छोड़ दो।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 24 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्ष: तृतीया, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 293 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### 79,000 करोड़ रुपए के रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी

**नई दिल्ली (अप्रस)।** नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता और सामरिक तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लगभग 79,000 करोड़ रुपए के विभिन्न रक्षा अधिग्रहण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। भारतीय थलसेना के लिए नाग क्षेपणास्त्र प्रणाली (ट्रैक्ड) मार्क-2 को स्वीकृति दी गई है। भारतीय नौसेना के लिए 30 एमएम नेवल सरफेस गन का स्वीकृत प्रस्ताव है। वायुसेना के लिए कोलैबोरेटिव लॉन्ग रेंज टार्गेट सैचुरेशन/डिस्ट्रक्शन सिस्टम मंजूर किया गया है। बैठक में भारतीय थलसेना के लिए तीन प्रमुख प्रणालियों की खरीद की आवश्यकता को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनमें नाग क्षेपणास्त्र प्रणाली (ट्रैक्ड) मार्क-2, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक खुफिया प्रणाली (जीबीएमईएस) व उच्च गतिशीलता वाले वाहन जिनमें सामग्री उठाने हेतु क्रेन लगी होगी, शामिल हैं।




# युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने में सक्षम बनाएंगे: सीएम मान

**मोरिंडा में स्कूल ऑफ एमिनेंस के विद्यार्थियों से मिले मुख्यमंत्री**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोरिंडा (रूपनगर), 23 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वीरवार को कहा कि राज्य सरकार युवाओं का भविष्य सुनहरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि हमारे युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने में सक्षम बन सकें। मुख्यमंत्री ने शहीद सूबेदार मेवा सिंह स्कूल ऑफ एमिनेंस के विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब में शिक्षा क्रांति के एक नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि यह क्रांति विद्यार्थियों को भविष्य के प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए तैयार कर रही है और उन्हें जीवन में नई ऊंचाइयां छूने योग्य बना रही है।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि एक ओर जहां युवाओं को रोजगार देने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर युवाओं की असीम ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हवाई अड्डों पर रनवे विमान को उड़ान भरने में मदद करते हैं, उसी तरह राज्य सरकार युवाओं को उनके सपने साकार करने में सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के बच्चों को उनके सपनों को हकीकत में बदलने और जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य ने वर्ष 2022 में 'शिक्षा क्रांति' की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम अतीत की ओर देखते हैं तो दुख होता है कि किस तरह गलत नीतियों ने गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर दिया था।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह गर्व की बात है कि अब निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी इन स्कूल ऑफ एमिनेंस में प्रवेश ले रहे हैं, जो इस मॉडल की सफलता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन विद्यार्थियों को सशस्त्र सेनाओं की तैयारी के साथ-साथ नीट, जेईई, सीएलएटी और निफ्ट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि स्कूल ऑफ एमिनेंस और अन्य सरकारी स्कूलों के 265 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में योग्यता प्राप्त की, 44 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस पास किया और 848 विद्यार्थियों ने नीट में सफलता प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि एक और पहल के तहत ÷स्कूल मेंटरशिप प्रोग्राम÷ (स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन कार्यक्रम) शुरू किया गया है, जिसके तहत वरिष्ठ अधिकारी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पी.टी.एम.) शुरू की गई, जिसे अभिभावकों से जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि इस समय पंजाब में 19,200 सरकारी स्कूल हैं और लगभग 25 लाख अभिभावक पी.टी.एम. में भाग ले चुके हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी और निजी स्कूलों के बीच की खाई को पूर्ण करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है।

### राज्य सरकार के उठाए गए कदमों की हो रहा सराहना

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे क्रांतिकारी कदम उठाए हैं जिनकी पूरे देश में सराहना की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में कुल 118 स्कूल ऑफ एमिनेंस स्थापित किए जा रहे हैं, जिन पर अब तक 231.74 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन स्कूलों को गरीब बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक शानदार शुरुआत माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्कूलों में विद्यार्थियों को मुफ्त यूनिफॉर्म दी जा रही है और खास तौर पर लड़कियों के लिए मुफ्त बस सेवा की व्यवस्था की गई है ताकि एक भी लड़की शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये स्कूल 'आधुनिक युग के मंदिर' के रूप में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर हजारों विद्यार्थियों के जीवन को रोशन करेंगे।

# किसी भी विद्यार्थी की स्कॉलरशिप राशि न छूटे, अधिकारी करें सुनिश्चित: नायब सैनी

**स्कूलों व कॉलेजों में लगाएं छात्रवृत्ति योजना के बोर्ड**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के तहत किसी भी विद्यार्थी की स्कॉलरशिप राशि न छूटे इसके लिए हरियाणा भवन स्थित आवासीय आयुक्त केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर रखें और प्रदेश सरकार के विभागों को भी इस बारे में नियमित रूप से अवगत कराएं। मुख्यमंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में एससी व बीसी विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी मेधावी व जरूरतमंद छात्र आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि हर स्कूल और कॉलेज में सूचना बोर्ड लगाए जाएं, जिन पर सभी छात्रवृत्ति योजनाओं की पूरी जानकारी साफ-साफ लिखी हो ताकि विद्यार्थियों को फार्म भरने और आवेदन की प्रक्रिया में कोई कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं की ग्राउंड मॉनिटरिंग करें और समय-समय पर समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपा, ताकि प्रदेश सरकार अपनी 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी विद्यार्थियों के खातों में डाल सकें और शेष 60 प्रतिशत केंद्र की हिस्सेदारी सीधे डीबीटी के माध्यम विद्यार्थियों के खाते में आ सके। राज्य के विद्यार्थियों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से जुड़े अनुसूचित जाति (एससी) और पिछड़ा वर्ग (बीसी) के युवाओं के कौशल को निखारने पर विशेष बल देगी। विद्यार्थियों स्कॉलरशिप के लिए को उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना होता है। इसके उपरांत राज्य सरकार की हिस्सेदारी का 40 प्रतिशत अदायगी की जाती है। तदनुसार 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के खाते में डाला जाता है।

## पंजाब में मुठभेड़ के बाद पिता-पुत्र गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने होशियारपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में गांव बैंचा के रहने वाले दो बदमाशों-कृष्ण गोपाल और उसके बेटे केशव को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। दोनों पर 18 अक्तूबर को होशियारपुर के गणपति ज्वेलर्स पर हुई फायरिंग और रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर की शाम को दो हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार होकर गणपति ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंचे थे और फायरिंग कर दी थी। गोलीबारी के दौरान दुकान में अफरातफरी मच गई, हालांकि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद दुकान के मालिक को एक अज्ञात विदेशी नंबर से फोन आया, जिसमें 20 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गई। घटना के बाद से ही पुलिस टीम लगातार जांच में जुटी थी। सुराग मिलने पर एजीटीएफ और होशियारपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। जब पुलिस टीम ने संदिग्धों को घेरने की कोशिश की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से पिस्तौल और कई कारतूस बरामद किए। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इस घटना के पीछे किसी बड़े गिरोह का हाथ है या ये किसी बाहरी नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। पंजाब पुलिस ने कहा कि हमारी प्राथमिकता राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।







# प्रदेश में अब तक 61.01 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा, किसानों को 13073 करोड़ रुपए का भुगतान: मुख्यमंत्री

**मुख्य मंत्री की ओर से केंद्र सरकार से बाढ़ के मद्देनजर धान की खरीद के मानदंडों में ढील देने की मांग**

**बस्सी पठाना और मोरिंडा की अनाज मंडियों का दौरा, धान का एक-एक दाना खरीदने और उठान के लिए प्रतिबद्धता दोहराई**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बस्सी पठाना/मोरिंडा, 23 अक्टूबर।** प्रदेश में बाढ़ के कारण धान की फसल को हुए नुकसान के मद्देनजर मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने आज भारत सरकार से धान की खरीद के लिए निर्धारित मानदंडों में ढील देने की मांग की है। आज बस्सी पठाना और मोरिंडा की अनाज मंडियों में धान की खरीद के चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भयानक बाढ़ ने किसानों का बहुत बड़ा नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण किसानों को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार को धान की खरीद के लिए निर्धारित मानदंडों में ढील देनी चाहिए क्योंकि धान में नमी की मात्रा, खराब और बदरंग दानों की मात्रा बढ़ गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे इस संबंध में केंद्र सरकार से पहले ही अनुरोध कर चुके हैं कि वह प्रदेश के किसानों की इस अति आवश्यक मांग को पूरा करे क्योंकि रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण कई प्रभावित क्षेत्रों में धान का नुकसान हुआ है और दाने बदरंग हो गए हैं।

मुख्य मंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश में बाढ़ के कारण हुई भारी तबाही के बावजूद पंजाब द्वारा अभी भी राष्ट्रीय अन्न भंडार में 170 लाख मीट्रिक टन धान का योगदान देने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मंडियों में व्यापक प्रबंध किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पंजाबी किसानों की कड़ी मेहनत से पैदा हुआ एक-एक दाना खरीदा जाए। भगवंत सिंह मान ने बताया कि पंजाब सरकार ने खरीफ मंडीकरण सीजन, 2025-26 में धान की खरीद के लिए 1822 खरीद केंद्रों को अधिसूचित किया है और ये सभी मंडियां खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, पंजाब द्वारा आवंटित की गई हैं।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्य मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेश की मंडियों में 63.49 लाख मीट्रिक टन धान पहुंचा है, जिसमें से 61.01 लाख मीट्रिक टन पहले ही खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद के 72 घंटों के भीतर उठान को सुनिश्चित करते हुए मंडियों से 91.80 प्रतिशत उठान हो चुका है। भगवंत सिंह मान ने आगे बताया कि धान की खरीद के बदले किसानों को कुल 13073.07 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के कारण मंडियों में खरीद कार्य बहुत ही सुचारू ढंग से चल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि उन्हें मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों के कारण मंडियों से फसल का समयबद्ध और तुरंत उठान सुनिश्चित किया जा रहा है और इसके साथ ही किसानों को फसल की खरीद का भुगतान 24 घंटों के भीतर किया जा रहा है।

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्य मंत्री ने गंभीर संकट की घड़ी में केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार अपनाने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को अभी तक प्रधानमंत्री द्वारा बाढ़ राहत के लिए घोषित 1600 करोड़ रुपए नहीं मिले हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र सरकार को प्रदेश के साथ इस दुर्व्यवहार को बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब को देश का अन्नदाता और खड्गभुजा के रूप में जाना जाता है।

मुख्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और बुनियादी ढांचा उनकी सरकार की पांच प्रमुख प्राथमिकताएं हैं और इसके लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही है।

### पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाए जाएंगे श्रृंखलाबद्ध समारोह

मुख्य मंत्री ने कहा कि ये श्रृंखलाबद्ध समारोह पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाए जाएंगे। राज्य सरकार इस ऐतिहासिक समारोह को मुख्य रूप से श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि इन श्रृंखलाबद्ध समारोहों का उद्देश्य लोगों को नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी द्वारा धर्म निरपेक्षता, मानवता और बलिदान की भावना के उच्च आदर्शों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा, जिन्होंने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बलिदान दे दिया था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादर जी की लासानी कुर्बानी मानवता के इतिहास में विशिष्ट और बेमिसाल है, जो अन्याय, जुल्म और दमन के खिलाफ धर्म युद्ध का प्रतीक थी।

# अमृतसर में सीमा पार से मादक पदार्थ तस्करी करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश; 5 किलो हेरोइन सहित ड्रग सरगना काबू

**ड्रोन के माध्यम से भेजी गई नशे की खेपों को डेरा बाबा नानक सेक्टर में प्राप्त कर रहा था गिरफ्तार आरोपी: डीजीपी गौरव यादव**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर शुरू की गई ' युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम' के दौरान, गुप्त जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक ड्रग सरगना को 5.025 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार किया और सीमा पार नशा तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया। यह जानकारी आज पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजपाल सिंह (25) के रूप में हुई, जो छेहरटा, अमृतसर में मजीद बिल्डिंग का निवासी है। आरोपी का आपराधिक पिछोकड़ है और उसके खिलाफ एन डी पी एस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी, पाकिस्तानी हैंडलर द्वारा संचालित एक सीमा पार नेटवर्क चला रहा था और डेरा बाबा नानक सेक्टर का उपयोग करके ड्रोन के माध्यम से भेजी गई नशे की खेपों को प्राप्त करता था। इस मामले में आगे और पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए और जांच की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

इस कार्रवाई के विवरण साझा करते हुए, पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि अगस्त 2025 में एक नशा तस्कर लक्की को 3 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसी मामले की जांच के दौरान, पुलिस टीमों ने राजपाल सिंह की संलिप्तता पाई, जिसके कारण उसे एफआईआर में नामजद किया गया। इसके बाद, 19 अक्टूबर को पुलिस टीमों ने राजपाल सिंह को गिरफ्तार किया और उसकी पहचान व खुलासे के बाद 5.025 किलो और हेरोइन बरामद की गई।

सीपी ने कहा कि आरोपी राजपाल नशे की खेप छिपाने के लिए कपड़ों से भरे बैगों का उपयोग कर रहा था और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने के लिए बसों के माध्यम से जालंधर और लुधियाना सहित विभिन्न बस अड्डों का इस्तेमाल किया जाता था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारी एवं बरामदगी की आशा है।

इस संबंध में, अमृतसर के छेहरटा थाना में एन डी पी एस एक्ट की धाराओं 21-बी, 21-सी, 27-ए और 29 के तहत एफ आई आर नंबर 151, दिनांक 07-08-2025 पहले ही दर्ज किया जा चुका है।

# कैबिनेट मंत्रियों चीमा व कटारूचक ने श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहादत समारोह के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/भुवनेश्वर, 23 अक्टूबर।** पंजाब सरकार द्वारा राष्ट्रीय साझा विरासत की भावना के तहत ओडिशा से राबता कायम करने के लिए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक ने आज भुवनेश्वर का विशेष दौरा किया, जहाँ उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से भेंट की। इस उच्चस्तरीय दौरे का मुख्य उद्देश्य नौवें सिख गुरु, 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादर जी की 350वीं शहादत की वर्षगांठ के अवसर पर पंजाब में आयोजित होने वाले महान समारोहों के लिए मुख्यमंत्री माझी को औपचारिक निमंत्रण देना था।

ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई बैठक के दौरान वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री माझी को निमंत्रण पत्र सौंपा और स्मृति समारोहों के पैमाने तथा महत्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। एडवोकेट चीमा ने कहा कि ये आयोजन गुरु साहिब द्वारा धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की रक्षा हेतु दी गई अद्वितीय कुर्बानी को समर्पित एक राष्ट्रीय श्रद्धांजलि हैं।

वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादर जी की शहादत भारत के इतिहास का वह महत्वपूर्ण अध्याय है जो बुनियादी मानवीय मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'हिंद की चादर' द्वारा दी गई यह अद्वितीय कुर्बानी एक ऐसी राष्ट्रीय विरासत है जो सभी धार्मिक और प्रांतीय सीमाओं से परे है। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक आयोजनों में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का स्वागत करना पंजाब सरकार के लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ने अंतरराज्यीय सहयोग की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री माझी ने अत्यंत आत्मीयता से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह दौरा उस एकजुट श्रद्धांजलि को समर्पित है जो सम्पूर्ण देश को गुरु साहिब को अर्पित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब द्वारा दिया गया साहस, धर्मनिरपेक्षता और विश्व-भाईचारे का संदेश ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा सहित देश के सभी राज्यों में गूंजता है।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने श्री गुरु तेग बहादर जी की कुर्बानी के प्रति गहरा सम्मान प्रकट किया और 350वीं बरसी के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों ने मुख्यमंत्री माझी को एक स्मृति चिन्ह और साहित्य भेंट किया, जिसमें समारोहों के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य का विस्तृत विवरण दिया गया था। इस प्रकार दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक और राजनीतिक आदान-प्रदान को और अधिक सशक्त किया गया।

# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने पठानकोट के परिवार को रोमानिया से मृतक का शव घर वापिस लाने में सहायता की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** पंजाब के प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने पठानकोट के एक दुखी परिवार को उनके 32 वर्षीय रिश्तेदार कुलदीप कुमार, जिनका इस महीने की शुरुआत में टिमिसोआरा, रोमानिया में निधन हो गया था, का मृतक शव भारत वापस लाने में महत्वपूर्ण मदद प्रदान की है। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि पठानकोट जिले के सुजानपुर के रहने वाले कुलदीप कुमार टिमिसोआरा में एस.सी. स्टारेटो एस.आर.एल. कंपनी में कार्यरत थे। उनके परिवार को 3 अक्टूबर को उनके एक सहकर्मी श्मशेर सिंह, जो रोमानिया में भी कार्यरत हैं, द्वारा उनकी मृत्यु की जानकारी दी गई। कुलदीप के भाई हीरा सिंह ने अधिकारियों को पत्र लिखकर मृतक शव की भारत वापसी हेतु सरकारी मदद की मांग की थी। परिवार की इस संवेदनशील अपील के बाद, पंजाब के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारूचक ने यह अनुरोध मंत्री संजीव अरोड़ा को भेजा।

जिस पर मंत्री संजीव अरोड़ा ने तत्काल विदेश मंत्रालय और बुखारेस्ट स्थित भारतीय दूतावास को पत्र लिखकर मृतक शव की वापसी की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। अपने संदेश में मंत्री अरोड़ा ने कहा कि परिवार गहरे दुख में है और अंतिम संस्कार के लिए शव को भारत वापस भेजने की तत्काल आवश्यकता है।

मंत्री ने भारतीय मिशन से अपील की कि इस संवेदनशील समय में दुखी परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और नई दिल्ली स्थित रोमानिया उच्चायोग के साथ समन्वय किया जाए।

उनकी अपील के बाद बुखारेस्ट स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की कि वे परिवार के सदस्यों और रोमानिया अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं और मृतक शव की वापसी के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। दूतावास के काउंसलर सितेश कुमार ने भरोसा दिलाया कि सभी आधिकारिक प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

22 अक्टूबर को विदेश मंत्रालय में अधीनस्थ सचिव विभूति पांडे ने मंत्री अरोड़ा को सूचित किया कि भारतीय दूतावास ने मृतक शव की वापसी के प्रबंध के लिए एक अंतिम संस्कार एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप दी है। थोड़ी देर बाद एजेंसी ने ईमेल के माध्यम से पुष्टि की कि उन्होंने मृतक शव को अपने कब्जे में ले लिया है और टिमिसोआरा से आवश्यक दस्तावेज़ प्राप्त कर लिए हैं।

पंजाब के एनआरआई मामलों के विभाग, विदेश मंत्रालय और रोमानिया में भारतीय दूतावास के बीच समन्वित प्रयासों ने दुखी परिवार को राहत प्रदान की, जो कुलदीप का अंतिम संस्कार करने के लिए उनके शव की वापसी का इंतजार कर रहे थे।

यह मामला मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में पंजाब सरकार के सक्रिय प्रयासों को उजागर करता है, जो संकट के समय विदेशों में रहने वाले पंजाबियों के परिवारों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पंजाब राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त वरिष्ठ वाइस चेयरपर्सन, वाइस चेयरपर्सन और 10 सदस्यों ने संभाला पदभार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 अक्तूबर।** पंजाब राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त वरिष्ठ वायसचेयरपर्सन, वाइस चेयरपर्सन और दस सदस्यों ने आज विधिवत रूप से अपना पदभार संभाल लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती राज लाली गिल ने बताया कि जिला बठिंडा की श्रीमती रुपिंदर कौर गिल ने वरिष्ठ वाइस चेयरपर्सन और अजनाला की श्रीमती गीता गिल ने वाइस चेयरपर्सन के रूप में आज अपना पदभार ग्रहण किया है।

उन्होंने बताया कि इनके साथ ही आयोग के 10 नवनियुक्त सदस्यों ने भी आज अपना पदभार संभाला। इनमें शामिल है, जिला होशियारपुर से श्रीमती नवजोत कौर, जिला जालंधर से श्रीमती कृष्णा देवी, जिला बठिंडा से श्रीमती जसविंदर कौर, जिला लुधियाना से श्रीमती अजींदरपाल कौर, जिला मोहाली से श्रीमती स्वरनजीत कौर, जिला बठिंडा से श्रीमती सुनीता रानी, जिला अमृतसर से श्रीमती सुखबीर कौर, जिला पठानकोट से श्रीमती रेखा मनी शर्मा, जिला पटियाला से श्रीमती वीरपाल कौर चहल, और जिला लुधियाना से श्रीमती अमृत पुरी शामिल हैं।

इस अवसर पर श्रीमती राज लाली गिल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हुए प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और कल्याण सुनिश्चित करने में अपना योगदान दें।

उन्होंने कहा कि महिला आयोग प्रदेश में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।

# पुलिस-राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़: एसएसपी हरमनदीप हांस

## पुलिस कर्मियों का ऊंचा मनोबल राष्ट्र को सुरक्षित रखता है: डी सी कोमल मित्तल

**पंजाब पुलिस अपने कर्मियों और उनके परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ी है: एस एस पी**

**मोहाली में पुलिस स्मृति दिवस परेड में 191 पुलिस और अर्धसैनिक बलों के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई**



अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**एस ए एस नगर, 21 अक्टूबर।** राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की ज़िम्मेदारी पुलिस के कंधों पर है। पुलिस बल का अटूट समर्पण और उत्साह देश की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करता है, यह बात मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरमनदीप सिंह हांस, आई पी एस ने जिला प्रशासनिक परिसर, एस ए एस नगर में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस परेड के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हर साल 21 अक्टूबर को उन बहादुर सी आर पी एफ कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने 1959 में लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर गश्त करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह दिन उन सभी पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को याद करने के लिए समर्पित है जिन्होंने राष्ट्र के लिए कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। एस एस पी ने बताया कि पिछले वर्ष भारत भर के विभिन्न पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 191 जवानों ने शहादत प्राप्त की। उन्होंने कहा, 'देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे सच्चे नायक हैं। उनकी बहादुरी और समर्पण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।'

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब पुलिस ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी साहसी लड़ाई के लिए दुनिया भर में पहचान बनाई है। उग्रवाद के वर्षों के दौरान, पंजाब पुलिस के अधिकारियों और कर्मियों ने राज्य में शांति और सद्भाव बहाल करने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, 'हमें उनके बलिदानों को हमेशा याद रखना चाहिए और राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने के उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करना चाहिए।'

आतंकवाद से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले और अब एस ए एस नगर में रह रहे पंजाब पुलिस अधिकारियों/कर्मियों के 35 परिवारों का ज़िक्र करते हुए, एस एस पी ने उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। कई परिवार के सदस्यों ने अपनी चिंताएँ साझा कीं और उन्हें ज्ञापन सौंपे, जिनका उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए, उपायुक्त श्रीमती कोमल मित्तल ने कहा कि हर साल पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन हमें उन बहादुर कर्मियों की याद दिलाता है जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इस अवसर पर, उपायुक्त कोमल मित्तल और एस एस पी हरमनदीप सिंह हांस ने पुलिस शहीदों के सचित्र स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्मृति दिवस परेड की अगुवाई डी एस पी पृथ्वी सिंह चाहल ने की। शहीदों के नाम पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) हरसिमरत सिंह छेतरा ने पढ़े। इस अवसर पर अनीश कुमार गोयल (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मोहाली), सभी पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, पुलिसकर्मी और शहीदों के परिवारजन उपस्थित थे, जिन्होंने अपने प्रियजनों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की।

# डी.के. तिवाड़ी ने एन.आई.सी. पंजाब के प्रशिक्षण-कार्यशाला में नवाचार-आधारित शासन के महत्व पर दिया जोर

**डिजिटल क्षेत्र में पंजाब की प्रगति पूरे भारत में शासन और सेवा प्रदान करने में एक मील का पत्थर साबित हो रही है**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 अक्तूबर।** डिजिटल कार्यप्रणाली और प्रशासनिक उत्कृष्टता को मजबूत करने के महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.), पंजाब ने सभी एन.आई.सी. अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण-कार्यशाला का आयोजन किया, जो कर्मयोगी आई.जी.ओ.टी. सत्र के साथ संपन्न हुई। यह कार्यक्रम अधिकारियों को नई तकनीकों से लैस करने, नवाचार-आधारित शासन को प्रोत्साहित करने और पंजाब को पूर्ण रूप से डिजिटल तथा नागरिक-केंद्रित राज्य बनाने के लिए एक मजबूत प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराता है।

इस अवसर पर संबोधन करते हुए, डिपार्टमेंट ऑफ गुड गवर्नेंस एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के अतिरिक्त मुख्य सचिव डी.के. तिवाड़ी ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्र में पंजाब की प्रगति पूरे भारत में शासन और सेवाओं के वितरण की दिशा में एक नया मील का पत्थर स्थापित कर रही है। उन्होंने आई.एच.आर. एम.एस. और ई-ऑफिस जैसे प्रमुख प्रोजेक्टों के माध्यम से पूरे प्रदेश में ई-गवर्नेंस को नई दिशा देने में एन.आई.सी. पंजाब की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि एन.आई.सी. पंजाब सरकार के कार्यों की डिजिटल रीढ़ बन गया है, जो प्रदेश को कुशल, पारदर्शी और जवाबदेह सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाता है। डिजिटल तकनीक को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने अधिकारियों से प्रशासनिक कार्यक्षमता को पुनर्परिभाषित करने और नागरिक पहुंच बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और स्मार्ट सिस्टम को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एन.आई.सी. लगातार प्रशासनिक दक्षता और डिजिटल पहुंच को बेहतर बनाने में योगदान दे रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नए प्रोजेक्ट्स के माध्यम से आधुनिक डिजिटल इंटरफेस और रीयल-टाइम सेवा प्लेटफ़ॉर्म द्वारा नागरिक और सरकार के बीच तालमेल और बेहतर हुआ है।

इस कार्यशाला का उद्घाटन विवेक वर्मा, डीडीजी और स्टेट इन्फॉर्मेटिक्स ऑफिसर (एस.आई. ओ.), पंजाब ने किया, जिसमें 23 जिलों और राज्य केंद्र के अधिकारियों ने भाग लिया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने भविष्य के अनुकूल शासन प्रणालियों के निर्माण के लिए कौशल वृद्धि और ज्ञान साझा करने के महत्व पर जोर दिया। श्री विक्रमजीत ग्रोवर, ए.एस.आई.ओ. (राज्य) ने भागीदारों को कार्यशाला के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए कहा कि यह टीम वर्क और सीखने की भावना को मजबूत करने के लिए नवाचारकारी विचार साझा करने के लिए प्रेरित करती है। सत्रों में एआई विशेषज्ञों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रेजेंटेशन दिए गए और पंजाब के डिविजनल प्रमुख श्री धर्मेश कुमार, श्री अनुप के. जलाली, श्री अनिल पलटा और श्रीमती ऊषा राय की अगुवाई में विस्तृत तकनीकी विचार-विमर्श किया गया, जिसमें डिजिटल शासन में नवीनतम पहलुओं का प्रदर्शन किया गया। आई.आई.टी. रोपड़ से प्रोफेसर जे.एस. सैंहबी और वैज्ञानिक-एफ दिनेश शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सूचना अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रशासनिक आचरण, हार्डवेयर प्रबंधन और स्वास्थ्य पर भी सत्र आयोजित किए गए। समापन सत्र में श्री विक्रमजीत ग्रोवर ने सभी प्रतिभागियों और प्रबंधकों की सक्रिय भागीदारी और समर्पण भावना की सराहना की।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 236वें दिन पंजाब पुलिस ने 685 ग्राम हेरोइन सहित 95 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 29 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास के लिए किया राज़ी**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** राज्य में नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 236वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज 339 स्थानों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप राज्य भर में 75 एफआईआर दर्ज की गई और 95 नशा तस्कर गिरफ्तार किए गए। 236 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या अब 33,802 हो गई है।

इन छापों के दौरान गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 685 ग्राम हेरोइन, 93 किलोग्राम भुक्की, 1,245 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 14,760 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपीज को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी बनाई है। इस ऑपरेशन के दौरान 59 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 339 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 343 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - इन्फोर्समेंट , डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ई डी पी) लागू की है। पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के तहत आज 29 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास के लिए राज़ी किया।

# पंचकूला को कौशल्या डैम से जल्द मिलेगी पेयजल आपूर्ति

## मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त वाटर पाइपलाइन का कार्य शीघ्र करवाने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंचकूला शहर को कौशल्या डैम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षतिग्रस्त वाटर पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि पंचकूला के विभिन्न सेक्टरों में पूर्व की भांति ट्यूबवेल की जगह डैम से पेयजल आपूर्ति बहाल की जा सके।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राधिकरण पिंजौर-कालका क्षेत्र में स्वच्छ पानी के भंडारण हेतु 10-12 एकड़ भूमि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को उपलब्ध करवाए ताकि यह व्यवस्था होने से पिंजौर-कालका क्षेत्रों में भी कौशल्या डैम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति शीघ्र शुरू की जा सके।

नायब सिंह सैनी गुरुवार को बांध सुरक्षा से संबंधित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के सभी संबंधित विभागों को पेयजल आपूर्ति के लिए भू-जल (ग्राउंड वाटर) की बजाय सतही जल (सरफेस वाटर) पर निर्भर रहना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कजौली वाटर वर्क्स से होने वाली पानी की सप्लाई को सुदृढ़ किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कौशल्या डैम की जल भंडारण क्षमता बढ़ाने की दिशा में सिंचाई विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गंदा पानी किसी भी स्थिति में डैम तक न पहुंचे, इसके लिए भी विभाग द्वारा अन्य संबंधित विभागों से तालमेल कर प्रभावी कदम उठाए जाएं।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पंचकूला के कौशल्या डैम, सिरसा के ओटू हेड और यमुनानगर स्थित हथनीकुंड बैराज की स्थिति की समीक्षा की तथा विशेषज्ञों के स्वतंत्र पैनल द्वारा बांधों के मूल्यांकन के निर्देश दिए ताकि इन बांधों की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### गन्ना का एमएसपी बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर किसान हित में कार्य कर रही है। चाहे किसानों के गन्ने का एमएसपी बढ़ाने की बात हो या धान एवं गेहूं आदि फसलों की एमएसपी पर खरीद हो, हर कदम किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में किसानों से बात कर रहे थे। आज कुरुक्षेत्र, यमुनानगर समेत कई क्षेत्रों से अनेक किसान दीपावली के अवसर पर गन्ने का एमएसपी बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद करने आए थे। गन्ने का एमएसपी बढ़ाने से गदगद हुए किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने अगेती किस्म के गन्ने का रेट 400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल तथा पछेती किस्म का रेट 393 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 408 रुपये प्रति क्विंटल करके किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि गन्ने के समर्थन मूल्य में की गई बढ़ोतरी किसानों की मेहनत और समर्पण को सम्मान देने के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति को और मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह भी कहा कि सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है।

### कलायत अनाज मंडी में गहराया संकट

# व्यापारियों और ट्रक यूनियन के बीच तनाव, धान की खरीद-लोडिंग ठप, किसान एमएसपी से वंचित

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 23 अक्तूबर।** कलायत अनाज मंडी में धान उठान को लेकर लगातार स्थिति तनावपूर्ण बनती जा रही है। आढ़ती इस पक्ष में हैं टेंडर अनुसार वाहनों को बिना किसी गतिरोध के उठान करने दिया जाए। जबकि निजी माल ढुलाई वाहन चालकों ने अपना एक कार्यालय पिछले कुछ दिन पहले मंडी में स्थापित किया। इनकी मांग है कि बाहर की बजाए उनके वाहनों को उठान में लगाया जाए। इसको लेकर दोनों पक्षों में तकरार है। इसके चलते आढ़तियों ने मंडी में खरीद कार्य बंद कर अग्रवाल धर्मशाला में आपात बैठक बुलाई। इसमें पूर्व मंडी प्रधान सुनील गर्ग, रणधीर चहल, प्रताप गुहणा, अशोक कंसल, पवन कौलेखां, आढ़ती एसोसिएशन प्रधान सुनील कुमार व अन्य आढ़तियों ने ट्रक यूनियन के नाम पर खोले गए कार्यालय के कुछ वाहन चालकों द्वारा परेशान करने के आरोप लगाए। उन्होंने कि एजेंसी की तरफ से धान उठान के लिए वाहनों को अलाट किया गया है। इसके बावजूद भी कुछ लोग अपने निजी स्वार्थों के चलते अलग से माल ढुलाई का कार्यालय खोलते हुए अन्य वाहनों की रोक-टोक करते हैं। ये लोग व्यापारियों पर दबाव बनाकर अपने वाहनों से उठान करवाना चाहते हैं। जिससे मंडी में अव्यवस्था बनती जा रही है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा निर्धारित वाहनों के बावजूद अन्य वाहन मंडी परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। इससे जाम की स्थिति बन रही है और उठान कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों की आवक भी धीमी पड़ गई है। व्यापारियों और एजेंसी के बीच पहले से तय व्यवस्था के तहत ही उठान होना चाहिए। ताकि किसी प्रकार का विवाद या देरी न हो। लेकिन लोगों द्वारा इस व्यवस्था में हस्तक्षेप किया जा रहा है। जिससे मंडी का सामान्य कामकाज बाधित हो गया है। व्यापारियों ने उठान के नाम पर परेशान करने के मामले में पुलिस को शिकायत दी है। इसमें उन्होंने नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक उठान की प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारु रूप से नहीं चलती तब तक वे खरीद कार्य पुन- शुरू नहीं करेंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मंडी में कानून व्यवस्था बनाए रखी जाए और उठान में अनावश्यक दखल देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। समाचार लिखे जाने तक मंडी में खरीद कार्य शुरू नहीं हो पाया था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चोरों के हौसले बुलंद, पेट्रोल पंप से चुराया डंपर

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** बराड़ा क्षेत्र में चोरों के हौसले काफी बुलंद हैं। नकदी, जेवर या अन्य छोटे-मोटे सामान चोरी करने के अलावा चोर इतने बेखौफ हैं कि उन्होंने पेट्रोल पंप से डंपर ही चुरा लिया। अधोया हिंदुआन निवासी पंकज शर्मा ने बताया कि अधोया-बराड़ा रोड पर एस्सार पेट्रोल पंप के सामने उसकी बिल्डिंग मैटिरियल की फर्म है। उसके पास दो डंपर हैं। गत 20 अक्टूबर को उसका ड्राईवर राजेश कुमार ने त्यौहार के चलते एक डंपर को अधोया-शाहबाद रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर लॉक कर खड़ा करके चला गया। जब वह 22 अक्टूबर को डंपर लेने पहुंचा को डंपर वहां से गायब था। आसपास पूछताछ करने पर कोई सुराग नहीं लगा। जिस पर पंकज शर्मा ने बराड़ा थाना में डंपर चोरी की शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 24 लाख कर्मियों में से मात्र 97 हजार ने ही चुनी यूपीएस



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष व एनएमओपीएस के राष्ट्रीय मुख्य संगठन सचिव विजेन्द्र धारीवाल ने कहा कि यूपीएस पूरी तरह फेल साबित हुई है। केंद्र सरकार के कर्मियों ने इस पेंशन योजना को सिरे से नकार दिया है। कर्मचारियों की एक ही मांग है कि सरकार पुरानी पेंशन योजना बहाल करे। एनपीएस में शामिल कर्मियों को पहली अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक यूपीएस में शामिल होने का विकल्प देना था। इस अवधि में केंद्र के चौबीस लाख कर्मियों में से मात्र 31555 कर्मचारियों ने ही यूपीएस का विकल्प चुना। इसके बाद सरकार ने यूपीएस के प्रति कर्मियों की उदासीनता को देखते हुए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को पहले 30 सितंबर और बाद में 30 नवंबर तक बढ़ा दिया था। अब 14 अक्तूबर तक 97 हजार कर्मचारियों ने ही यूपीएस का विकल्प चुना है। विजेन्द्र धारीवाल ने बताया कि सरकार के इतने प्रयास और प्रचार के बावजूद अभी तक महज तीन फीसदी कर्मियों ने ही यूपीएस का विकल्प चुना है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि यूपीएस की बजाए पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

### फरीदाबाद में 13 दिसंबर को होगी चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत



**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल के तहत चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को किया जा रहा है। यह आयोजन जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-12, फरीदाबाद में संपन्न होगा। लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन और सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रितु यादव के सक्षम नेतृत्व में किया जा रहा है। सीजेएम रितु यादव ने बताया कि इस लोक अदालत में सभी प्रकार के ऐसे मामले लिए जाएंगे, जिनका निपटारा आपसी सहमति से संभव हो सके। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र, सुलभ एवं किफायती समाधान सुनिश्चित करना है। सीजेएम रितु यादव ने आमजन से अपील की है कि जिन भी पक्षकारों के मामले लंबित हैं, वे लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों का निपटारा कर लाभान्वित हों। लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटाए गए मामलों का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा और इसके विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकेगी।

# स्नेह, आस्था और परंपरा का संगम अपना भाई दूज का त्यौहार

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर मांगी लंबी आयु की दुआ, भाइयों ने प्रेम भरे उपहारों से जताया स्नेह

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 23 अक्तूबर।** जिले भर में भाई दूज का पर्व अपार श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। बहनों ने विधिवत पूजाअर्चना कर अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी दीर्घायु, सुखसमृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इसके बदले में भाइयों ने भी प्रेमपूर्वक बहनों को उपहार भेंट कर अपने स्नेह का इजहार किया और उनकी रक्षा का वचन दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन यमुना ने अपने भाई यमराज को स्नेहपूर्वक आमंत्रित कर सत्कार सहित भोजन करवाया था। यमराज ने प्रसन्न होकर यह वरदान दिया कि जो व्यक्ति इस दिन यमुना में स्नान कर यम का पूजन करेगा, उसे मृत्यु के पश्चात यमलोक नहीं जाना पड़ेगा। तभी से यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस दिन बहनें अपने भाई की दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए यमराज से प्रार्थना करती हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन यम की पूजा एवं बहन के हाथों तिलक ग्रहण करने से धन, यश और आयु की प्राप्ति होती है। भाई दूज का यह पर्व न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता के संदेश को भी प्रबल करता है। जिला मुख्यालय और आसपास के गांवों में बहनों और भाइयों ने बड़े हर्षोल्लास से यह पर्व मनाते हुए इसके ऐतिहासिक महत्व और सामाजिक एकता के भाव को साझा किया।

# हरियाणा डे पर 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की पहली किस्त होगी जारी: डीसी

## लाडो लक्ष्मी योजना में पंजीकरण के लिए बिजली बिल नंबर उपलब्ध कराने का आग्रह

25 अक्टूबर तक पंजीकृत लाभार्थियों को ही 01 नवंबर को मिलेगी योजना राशि

सभी वार्ड और ग्राम पंचायतों में समयबद्ध सुनिश्चित करें पंजीकरण

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद, 23 अक्तूबर।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत जिन पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण 25 अक्टूबर तक लाडो लक्ष्मी योजना एप पर पूर्ण हो जाएगा, उन्हें आगामी 1 नवम्बर, 2025 को हरियाणा डे के अवसर पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा लाभार्थियों को योजना की पहली किस्त जारी की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने आज लघु सचिवालय स्थित सभा कक्ष में 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में नगर निगम मेयर प्रवीण जोशी, सभी वार्ड पार्षद, एमसीएफ अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सरपंचों, ग्राम सचिवों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने योजना की वर्तमान स्थिति, लाभार्थियों की संख्या और आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी उपायुक्त को प्रदान की। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रह सके।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के लिए लाडो लक्ष्मी ऐप के माध्यम से निःशुल्क डिजिटल आवेदन किया जा सकता है, जो एंड्रॉइड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिन भी लाभार्थियों का पंजीकरण 25 अक्टूबर तक हो जाएगा, उनको 1 नवंबर को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत ?2100 उनके खाते में मिलेंगे। इस योजना के पहले चरण में प्राथमिकता उन परिवारों की महिलाओं को दी जाएगी, जिनकी वार्षिक आय रुपये 1,00,000 से कम है। इसके बाद, दूसरे चरण में रुपये 1,80,000 तक वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार, तीसरे और चौथे चरण में भी निर्धारित आय सीमा के अनुसार महिलाओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# शाहाबाद में मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज जल्द शुरू होगा: धामी

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला, 23 अक्तूबर।** हरियाणा सिख पंथक दल के प्रवक्ता जगदेव सिंह गाबा ने बताया है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर द्वारा दिल्ली में श्री गुरू तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के नेताओं ने भाग लिया। जगदेव गाबा ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी से शाहाबाद मारकण्डा में मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज बारे विस्तार से जानकारी लेते हुए उन्होंने बताया कि शाहाबाद मारकण्डा में मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज जल्द ही शुरु होगा, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा भी मौके पर मौजूद थे और झिंडा ने कहा कि हम मिल कर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जल्दी से जल्दी पूरा करवाएंगे।

जगदेव सिंह गाबा ने बताया कि सेमिनार में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी, उपप्रधान रघुजीत सिंह विर्क, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल, अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गढ़गज, दिल्ली के हरविंदर सिंह सरना, परमजीत सिंह सरना, मनजीत सिंह (जी.के.), हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा और बलदेव सिंह कैमपुरी सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। सभी नेताओं ने श्री गुरू तेग बहादुर साहिब जी महाराज के बलिदान और जीवनी बारे विस्तार से जानकारी दी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और शिरोमणि अकाली दल बादल दिल्ली की प्रशंसा करते हुए कहा कि साल में एक बार ऐसे सेमिनार का आयोजन जरूर होना चाहिए और उन्होंने केंद्रीय सरकार से मांग कि है कि सजा पूरी कर चुके सिख कैदियों को तुरन्त रिहा किया जाए। बादल ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरू नानक देव जी महाराज के 550वें प्रकाश पर्व पर ऐलान किया था कि सजा पूरी कर चुके बंदी सिख कैदियों को रिहा किया जाएगा लेकिन 6 साल बीत जाने पर भी बंदी सिख कैदियों को अभी तक रिहा नहीं किया गया।

### 'जोड़ा साहिब यात्रा' का फरीदाबाद आगमन, मुख्यमंत्री करेंगे विशेष शिरकत

**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज एवं माता साहिब कौर जी से संबंधित पवित्र 'जो?ा साहिब यात्रा' का शुभारंभ 23 अक्टूबर, 2025 को दिल्ली से किया जाएगा। यह ऐतिहासिक यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए 1 नवम्बर, 2025 को तख्त श्री हरमिंदर जी पटना साहिब (बिहार) में संपन्न होगी। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि 23 अक्टूबर को यह यात्रा फरीदाबाद जिला के विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई एनआईटी-05 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु दरबार साहिब में रात्रि ठहराव के लिए पहुंचेगी। इसके उपरांत, 24 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 10:30 बजे 'जोड़ा साहिब यात्रा' के पुनः आरंभ अवसर पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

# सांसद दीपेंद्र हुड्डा जनसेवा और विकास की नई सोच के साथ काम कर रहे हैं: सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 23 अक्तूबर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा की राजनीति में ईमानदारी और जनसेवा की पहचान बन चुके है। हर वर्ग के लोगों से उनका जुड़ाव और जमीन से निकला नेतृत्व उन्हें जनता के करीब लाता है। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से शुरू हुए दीपेंद्र हुड्डा ने जमीनी स्तर पर कड़े संघर्ष के बीच अपने काम और कर्मशीलता से पहचान बनाई है। उन्होंने कभी हार नहीं मानी। संघर्ष ही सफलता की कुंजी है, यही उनका मंत्र रहा। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता सुल्तान जडौला ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा आज हरियाणा के युवाओं के लिए रोल मॉडल बन चुके हैं। रोजगार, शिक्षा और खेल पर उनका स्पष्ट दृष्टिकोण हर युवा को अवसर मिले, हर गांव में विकास पहुंचे। संसद हो या सड़क दीपेंद्र हर मंच पर जनता की आवाज बनकर खड़े हैं। उन्होंने हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने का काम किया है। पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा की सादगी और पारदर्शिता जनता को आकर्षित करती है।

# नया बस अड्डे का कनेक्शन कटने के बावजूद धड़ल्ले चल रही बिजली

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 23 अक्तूबर।** हरियाणा रोडवेज के समालखा बस अड्डा पर करीब 4 लाख से अधिक के बिजली बिल की भुगतान न होने के कारण बिजली निगम ने कनेक्शन काट दिया था। जिस वजह से बस स्टैंड पर पानी की किल्लत सहित साफ सफाई नहीं हो पा रही थी। वहीं रोडवेज विभाग के कर्मचारियों ने बिना बिल चुकाएं बस अड्डा की बिजली को चालू कर दिया। जिसकी बिजली विभाग कों भनक तक नहीं लगी। बिजली विभाग के नाक के नीचे बस स्टैंड समालखा में सुचारू रूप से बिजली चल रही है। वही रोडवेज ने बिजली निगम पर बिल मे गडबडी के आरोप लगाए है।

शहर का नया बस अड्डा जहा बिजली का कनेक्शन न होने के बावजूद धडल्ले से बिजली चोरी की जा रही है। दरअसल बिजली निगम ने हरियाणा रोडवेज पर करीब 4 लाख 79 हजार रूपए का बिजली बिल बकाया है। बार बार नोटिस देने के बाद भी हरियाणा रोडवेज विभाग अधिकारियों के द्वारा बिल भुगतान नहीं किया। जिस वजह से बिजली निगम ने नए बस अड्डा का बिजली का कनेक्शन काट दिया था।

बिजली निगम के एसडीओ शिव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नए बस अड्डे पर पांच किलोवाट का बिजली कनेक्शन लगा हुआ है,जिस पर साढे 4 लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है। करीब आठ माह से रोडवेज अधिकारी बिल नहीं भर रहे थे। बार बार मैसेज करने के बाद भी बिल नहीं भरने पर कनेक्शन काटा गया है।

उधर रोडवेज के बस अड्डा पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी ख्यालिराम ने बताया कि रोडवेज महाप्रबंधक को बिल ठीक करवा कर दे दिया गया है अब उच्च अधिकारियों पर निर्भर है कि वह बिल की भुगतान कब करते हैं।

वहीं उन्होंने उच्च अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि समालखा बस स्टैंड पर चौकीदार भी नहीं है। नया बस स्टैंड समालखा पर कर्मचारियों की कमी है। उन्होंने बताया कि रात में दो कर्मचारियों की अड्डे पर ड्यूटी होती है। मालूम हो कि रात में बस अड्डा पर बसें कम रूकती है। शहर मे दो बस अड्डा होने से सवारी पुराना अड्डे पर से ही बसों में बैठ जाते हैं।

यहा बडा सवाल है कि समालखा के नए बस अड्डा का कनेक्शन कटे करीब15 दिन हो चुके है लेकिन अभी तक रोडवेज ने पेंडिंग बिल की भुगतान नही की गई है। इसके बावजूद बस अड्डा पर बिजली कैसै चल रही है। जिसको लेकर बिजली निगम भी बेपरवाह हो रहा है। जहां बिजली चोरी को लेकर बिजली निगम इतना सतर्क है बावजूद इसके किसकी शय पर शहर के बस स्टैंड पर लगातार बिजली चल रही है।

### स्थानांतरण, एसीपी, मेडिकल सुविधा व 30 हजार रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की मांग

# आठ नवंबर को पानीपत में शिक्षा मंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे शिक्षक: किठानिया

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 23 अक्तूबर।** अपनी मांगों को लेकर शिक्षक आठ नवंबर को पानीपत में शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमर नाथ किठानिया, शीशपाल शर्मा, विद्यावती, संगीता अहलावत, शमशेर कालिया, सुरेश द्राविड़, कर्मचंद केसर, गुरमीत सिंह, जोगिंद्र सिंह, कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल, राजकुमार कश्यप, जयभगवान चौहान, मस्त राम शास्त्री, वीरेंद्र ढुल व संदीप जालंधरा ने बताया कि सरकार शिक्षकों की मांगों को लंबे समय से टालती आ रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षक मांग करते आ रहे हैं कि स्थानांतरण नीति को तर्कसंगत बनाया जाए। एसीपी के लंबित लाभों को तुरंत देने, कैशलेस मेडिकल सुविधाओं को अभिभावकों के लिए भी बिना आय सीमा के शुरू करने तथा प्रदेश में 30 हजार से अधिक खाली पड़े शिक्षकीय पदों पर नियमित भर्ती, छात्रों की प्रोत्साहन राशि, गैर शैक्षणिक कार्यों की अधिकता पर रोक लगाने, टेट बारे पुनर्विचार याचिका डालने, मुख्याध्यापक पद पर पदोन्नति जैसी मांगों को पूरा करने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों की अनदेखी करती आ रही है। उन्होंने बताया कि इन्हीं मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक आने वाले 8 नवंबर को पानीपत में शिक्षा मंत्री के कैंप कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि प्रदेश में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। शहरों के बाहर बस्तियों में आवश्यकता अनुसार नए विद्यालय खोले जाएं, चिराग योजना को तत्काल बंद किया जाए तथा अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य लेना बंद हो। शिक्षा पर जीडीपी का 6 प्रतिशत, केंद्रीय बजट का 10 प्रतिशत और राज्य बजट का कम से कम 30 प्रतिशत खर्च होना चाहिए। बैठक में दो वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अतिथि, कंप्यूटर, एचकेआरएन, आरोही, केजीबीवी एवं वोकेशनल अध्यापकों को नियमित किए जाने तथा नियमितीकरण तक मूल वेतन, महंगाई भत्ता और वार्षिक वृद्धि की व्यवस्था किए जाने पर भी चर्चा की गई। प्राथमिक अध्यापकों का वेतनमान 39900 से प्रारंभ करने की भी मांग रखी गई। इसके अलावा अस्थाई भर्ती पर रोक, बैकलॉग पूरा करने, हरियाणा के अध्यापकों के लिए पृथक वेतन आयोग का गठन एवं उसके लागू होने तक 5000 मासिक अंतरिम सहायता दिए जाने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की मांग भी की गई।

# राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने विश्वकर्मा दिवस पर सृजन और कौशल विकास पर जोर दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अम्बाला, 23 अक्टूबर।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का मूल संदेश है कि श्रम ही पूजा है, सृजन ही साधना है। यह अभिव्यक्ति राज्यसभा कार्तिकेय शर्मा ने आज बीरवार को विश्वकर्मा मन्दिर कैथ माजरी अम्बाला शहर में भगवान श्री विश्वकर्मा के 58वें पूजा महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहें। इस मौके पर सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंजी0 सरदार बलबीर सिंह ने व अति वशिष्ठ अतिथि के रूप में मेयर शैलजा सचदेवा ने शिरकत की। सभा के पदाधिकारियों ने उन्हें भी पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर उपस्थित सभी को भगवान विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी और कहा कि आज का दिन पूजा से अधिक सृजन का पर्व है, वो सृजन जो हमारे समाज, देश और भविष्य को आकार देता हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना क्रियान्वित की हुई है। यह योजना हर कारीगर व शिल्पकार को सम्मान दे रही है। जिससे उन्हें प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण व आर्थिक सहयोग भी मिल रहा हैं। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि सृजन में हमेशा विनम्रता एवं आभार होना चाहिए, अहंकार नहीं।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस अवसर पर यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मैरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी देने का काम किया है और इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में बिना खर्ची पर्ची के मैरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को नौकरी देने की व्यवस्था की गई है इस कार्य में समाज का भी दायित्व बनता है कि वे भी युवाओं को प्रशिक्षित करवाकर अपने हुनर के माध्यम से अपने लिए रोजगार को सृजन करें। उन्होंने कहा कि भारत युवा देश है और उन्होंने समाज के सभी लोगों से आहवान किया कि जो भी बच्चे कुशल है और आधुनिकता के इस युग में प्रशिक्षण लेने में सक्षम नहीं है, ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उनके लिए यहां पर निशुल्क स्मार्ट क्लास शुरू की जाएगी ताकि ये बच्चे भी प्रशिक्षण ले सकें और आगे बढ़कर अपने शहर व जिला का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने सभा के प्रधान से भी कहा कि वे यहां पर इस कार्य के लिए एक कमरा भी उपलब्ध करवाएं ताकि इस कार्य की शुरुआत यहां से की जा सकें।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर यह भी कहा कि मातृ शक्ति के लिए भी केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। यदि महिलाएं स्वस्थ एवं मजबूत होगी तो परिवार भी मजबूत होगा। नमो शक्ति रथ के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। आधुनिक मशीनों से इस कार्य को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 3 हजार महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच हो चुकी है। उन्होंने महिलाओं से भी अपील की कि वे इस स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को 5 लाख रूपए तक का निशुल्क इलाज की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प एवं सपने को पूरा करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक गतिविधियों में व समाज सेवा क्षेत्र में अग्रणीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों व अन्यों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको प्रोत्साहित भी किया।

इस अवसर पर अति वशिष्ठ अतिथि मेयर शैलजा सचदेवा ने भी उपस्थित सभी को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी और कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कर्म करने का संदेश दिया है और उसी प्रकार भगवान विश्वकर्मा ने कार्य कुशलता से कार्य करने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हमे भगवान विश्वकर्मा के दिए गए संदेश और उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। जो व्यक्ति जिस भी फील्ड में निपुण है उसे अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए आगे बढ़ना चाहिए, यहीं भगवान विश्वकर्मा का भी संदेश है। उन्होंने इस मौके पर सभा द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को जो सम्मान दिया गया है उसके लिए सभा की सराहना की और कहा कि इससे निसंदेह विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर भारत को विश्वगुरु बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भी अहम भूमिका रहेगी।

समाज सेवी एवं इंजी0 सरदार बलबीर सिंह ने भी इस मौके पर कहा कि हम सबको भगवान विश्वकर्मा द्वारा दिए गए संदेश एवं शिक्षाओं को धारण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभा द्वारा आज यहां पर जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है, उससे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की भी अहम भूमिका रहे। उन्होंने उपस्थित सभी विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी।

इस मौके पर विश्वकर्मा मन्दिर कैथ माजरी अम्बाला शहर के प्रधान रामपाल धीमान, संरक्षक रोशन लाल, लाभ सिंह, चेयरमेन ओम प्रकाश, गुरचरण धीमान, कोषाध्यक्ष मोहन लाल धीमान, संजय लाकड़ा, अमरजीत धीमान, दीपक सैनी, राजकुमार गुप्ता, विशाल पेल, सुशील गोयल, दिनेश गौड, विनोद धीमान, एडवोकेट अमरेंद्र राणा के साथ-साथ सभा के अन्य सदस्यगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा के सभी जिलों में एक नवंबर से होगी पेपरलेस रजिस्ट्री : सुमिता मिश्रा

- 29 सितंबर को कुरुक्षेत्र से शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट सफल
- अब 28 अक्टूबर को प्रदेश के दस जिलों में होगी शुरुआत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** हरियाणा की वित्त आयुक्त डॉ.सुमिता मिश्रा ने कहा कि एक नवंबर 2025 से राज्य के सभी 22 जिलों में कागज़ रहित डीड पंजीकरण अनिवार्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल शासन की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार का यह कदम पारंपरिक जटिल पंजीकरण प्रणाली से पूरी तरह से निजात दिलाकर सरल , डिजिटल, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल प्लेटफ़ॉर्म https://eregistration.revenueharyana.gov.in/ बन जाएगा। कार्यान्वयन तिथि के बाद, मौजूदा प्रणाली स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी, जिससे हरियाणा भारत में 100 प्रतिशत कागज़ रहित संपत्ति पंजीकरण प्राप्त करने वाला पहला राज्य बन जाएगा। डॉ.मिश्रा ने बताया कि राजस्व विभाग ने राज्य भर में सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से रणनीति अपनाई है। पहले चरण की शुरुआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 29 सितंबर को कुरुक्षेत्र जिले के बबैन उप-तहसील से किया गया। इसके बाद कागज रहित पंजीकरण का दूसरा चरण 28 अक्टूबर, 2025 से दस और जिलों, अंबाला, यमुनानगर, करनाल, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद, फतेहाबाद, पलवल, जींद और झज्जर में शुरू होगा। शेष जिलों भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, हिसार, कैथल, नूंह, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सिरसा और सोनीपत के लिए तीसरे चरण के तहत 1 नवंबर, 2025 से इस नई प्रणाली को अपना लिया जाएगा।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि नया ऑनलाइन डीड पंजीकरण पोर्टल संपत्ति पंजीकरण के सभी पहलुओं को एक एकीकृत, उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस में एकीकृत करता है। नागरिक अब सुरक्षित ओटीपी प्रमाणीकरण के माध्यम से अपनी पहचान पंजीकृत और सत्यापित कर सकते हैं, निर्देशित सहायता से बिक्री विलेख फ़ॉर्म भर सकते हैं, सहायक दस्तावेज़ डिजिटल रूप से अपलोड कर सकते हैं।

हरियाणा सरकार ने इस प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक सिरे चढ़ाने के लिए गुरुवार को सभी जिला पंजीकरण अधिकारियों (डीआरओ) के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया,जिसमें राज्य के सभी छह प्रशासनिक प्रभाग शामिल हुए। ज़मीनी तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए, आईटी प्रभाग के छह सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को विशेष रूप से प्रभागवार तैनात किया गया है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उनके संपर्क विवरण और निर्धारित जिलों की जानकारी डीआरओ के साथ साझा की गई।

## जिला पुलिस प्रशासन की पराली न जलाने की जागरूकता मुहिम लाई रंग

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने पराली प्रबंधन को लेकर जिले के किसानों द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम है, जिसमें किसानों ने पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में अनुकरणीय योगदान दिया है। जिला पुलिस प्रशासन की अगुवाई में चल रही पराली न जलाने की जागरूकता मुहिम का असर अब धरातल पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि समूचे जिले के किसानों ने पराली में आग न लगाकर यह साबित कर दिया है कि धरतीपुत्र केवल अन्न ही नहीं उपजाता, बल्कि देश और समाज के हित में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता है। राजीव आर्य ने कहा कि किसान अब पराली प्रबंधन के विकल्प अपनाकर न केवल वातावरण को प्रदूषित होने से बचा रहे हैं, बल्कि हरियाणा सरकार की ओर से दी जा रही 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशी पाने के भी हकदार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा गांव गांव जाकर किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसानों के प्रति जो जागरूकता फैलाई गई, उसमें किसानों ने दो कदम आगे बढ?र सहभागिता दिखाई है। यह दर्शाता है कि प्रशासन और किसान एक साथ मिलकर पर्यावरण संकट से लड़ने के लिए तैयार हैं।

## वरिष्ठ नेता मनोहर लाल ने दिखाई अनोखी मिसाल

# पुश्तैनी जमीन बेचकर रुपये एक करोड़ प्रधानमंत्री राहत कोष में दान

- गाँव में बनेगा 'माँ शांति देवी पुस्तकालय'

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 23 अक्तूबर।** सामाजिक सेवा और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने अपने पुश्तैनी गाँव बनियानी (जिला रोहतक) से जुड़ा एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पानीपत में उनके कार्यालय प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता श्री गजेन्द्र सलूजा ने बड़ी खुशी जाहिर करते हुये बताया की उन्होंने अपने गाँव की लगभग डेढ़ एकड़ पुश्तैनी जमीन बेचकर प्राप्त लगभग रुपये 1 करोड़ की पूरी राशि प्रधानमंत्री राहत कोष में दान करने की घोषणा की है।

इसके साथ ही उन्होंने अपने पुश्तैनी घर को 'माँ शांति देवी पुस्तकालय' के नाम समर्पित कर दिया है, जो ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र बनेगा।

उन्होंने कहा की मेरे जीवन का उद्देश्य समाज और राष्ट्र के लिए कुछ लौटाना है। यह पुस्तकालय मेरी माताजी 'माँ शांति देवी' की स्मृति में ग्रामीण बच्चों के लिए समर्पित रहेगा। शिक्षा ही समाज में समानता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है।

प्रधानमंत्री राहत कोष में यह योगदान देशहित और मानवता के प्रति एक छोटा प्रयास है। मुझे उम्मीद है कि इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी।

**माँ शांति देवी पुस्तकालय' बनेगा ग्रामीण युवाओं की नई दिशा:** यह पुस्तकालय गाँव के छात्रों और युवाओं को एक सशक्त अध्ययन केंद्र उपलब्ध कराएगा। यहाँ पर प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, डिजिटल लर्निंग सुविधाएँ, समाचार पत्र व पत्रिकाएँ,और निःशुल्क अध्ययन सामग्री की व्यवस्था की जाएगी।

पहल गाँव के बच्चों के लिए ज्ञान, शिक्षा और रोजगार के अवसरों की नई दिशा खोलेगी।

श्री मनोहर लाल के इस निर्णय से बनियानी गाँव में हर्ष और गर्व का माहौल है। गाँव के बुजुर्गों ने कहा कि यह कदम शिक्षा और समाजसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक मिसाल है।

युवाओं ने इसे नेतृत्व के साथ मानवीय संवेदनाओं का सच्चा उदाहरण बताया।

अपने माता-पिता की स्मृति को शिक्षा और जनसेवा से जोड़ना श्री मनोहर लाल के संस्कार और समाज के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

उनका यह कदम न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश में सेवा, शिक्षा और समर्पण की भावना को प्रेरित करेगा।

# स्मार्ट सिटी के पर्यावरण में प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंचा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल 23 अक्तूबर।** स्मार्ट सिटी के पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को एक्यूआई 239 था जो बुधवार को बढ़कर 245 हो गया है। कहीं वेस्ट मैटेरियल व कचरा जल रहा है तो कहीं सड़कों पर पड़ी मिट्टी धूल के तौर पर उड़कर पर्यावरण को प्रदूषित कर रही है। पर्यावरण में प्रदूषण का स्तर खराब से अति खराब श्रेणी की तरफ बढ़ रहा है। प्रदूषण में बढ़ोतरी के चलते सुबह के समय मौसम में स्मॉग जैसा हाल रहा। तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दूसरी ओर बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से दिल्ली एनसीआर में (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-2) ग्रैप-2 लागू कर दिया गया है। जिसके हत विशेषकर निर्माण कार्यों के दौरान वायु में प्रदूषण फलने से रोकने के प्रबंधों को अपनाने के निर्देश हैं। सरकारी अवकाश के चलते सड?ों पर धूल को दबाने के लिए पानी का छिड?ाव नहीं हो पाया है। आते-जाते वाहनों के कारण धूल के गुबार उड़ रहे हैं, जिससे एक्यूआई बढ़ रहा है। बढ़ते प्रदूषण से सांस, दमा के मरीजों की तकलीफ बढ़ गई है। लोगों को आंखों, नाक व गले में एलर्जी की दिक्कत आ रही है। सिविल अस्पताल के डॉ. प्रदीप कुमार का कहना है कि अस्पताल में ओपीडी में मरीजों की संख्या दोगुना से ज्यादा होगी।आंखों, नाक व गले में एलर्जी की दिक्कत आ रही है। सिविल अस्पताल के डॉ. प्रदीप कुमार का कहना है कि अस्पताल में ओपीडी में मरीजों की संख्या दोगुना से ज्यादा होगी। रावल अस्पताल से स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. नेत्रपाल रावल का कहना है कि मौसम में बदलाव के साथ प्रदूषण बढ़ोतरी का प्रभाव स्वास्थ्य पर जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत वरिष्ठ नागरिकों, दमा, सांस व आंखों व नाक की एलर्जी के मरीजों को होती है। इसलिए मास्क का प्रयोग करें। सुबह- शाम सैर के बजाए दोपहर में सैर करें।


**कार्यालय नगर परिषद् नरवाना (जीन्द)।**
**कार्यालय नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत नगर परिषद, नरवाना कार्यालय में [illegible] 2017 में [illegible] कुल 839 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 260 [illegible] 260 [illegible] DPR [illegible]

सचिव, नगर परिषद नरवाना

**नीलामी सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के गांव अधोई खंड बराडा में कंडम स्ट चौपाल के कंडम मेटिरियल की खुली बोली 27 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार सुबह 10 बजे अधोई गांव के सरकारी स्कुल मे की जाएगी जिसके लिए उक्त सभी बोली दाता समय पर पहुंचकर बोली दे सकते है बोली की सभी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी

ग्राम पंचायत अधोई

**दि न्यू बैंक ऑफ इंडिया इम्पलॉइज को-ऑप हाउस बिल्डिंग सोसाइटी फर्स्ट लि. प्लाट सं. 9, बैंकर्स इन्कलेव, सेक्टर 50डी, चंडीगढ़ 95015-82226**
**निर्वाचन सूचना**

सूचना की तिथि 24.10.2025
नामांकन की तिथि: 11.11.2025
(प्रात: 10.00 बजे से प्रात: 11.00 बजे)
मतदान की तिथि (यदि आवश्यक हुए) 11.11.2025 (सायं 03.00 बजे से सायं 04.30 बजे)
स्थान: सोसाइटी का सेंट्रल पार्क, सेक्टर 50डी, चंडीगढ़
विस्तृत निर्वाचन कार्यक्रम सोसाइटी के सूचना पट्ट पर चस्पाया गया है।
सभी सदस्यों को उक्त निर्वाचन में भाग लेने का निवेदन किया जाता है।

अध्यक्ष

**उत्तर रेलवे**
**ई-टेंडरिंग**
**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-14/2025-26 दिनांक 17.10.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत-19/2025-26 (ओपन टेंडर) | [illegible] | Rs. 4954480.59 | Rs. 99100.00 | 03 महीने | 10.11.2025 |
| 2 | 30-विद्युत-20/2025-26 (ओपन टेंडर) | [illegible] | Rs. 1837620.97 | Rs. 20800.00 | 02 महीने | 10.11.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 3281/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-टेंडरिंग**
**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी -13/2025-26 दिनांक 13.10.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत-15/2025-26 (ओपन टेंडर) | रेल विहार (आर.बी.), अंबाला, सहारनपुर, चंडीगढ़, कालका, शिमला, सरहिंद, नंगलडैम, धुरी पावर डिपो के अंतर्गत फिटिंग के नए पैमाने के अनुसार "कब्जे वाले स्टाफ क्वार्टरों" की बिजली की तारों का उन्नयन, संलग्न अनुलग्नक-1 के अनुसार | रु. 24942747.59 | रु. 274700.00 | 04 महीने | 04.11.2025 |
| 2 | 30-विद्युत-16/2025-26 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल में पुराने और दोषपूर्ण एलटी पैनलों, सेवा भवनों, स्टेशनों और कॉलोनियों के फीडर स्तंभों के प्रतिस्थापन के साथ विद्युत आपूर्ति वितरण प्रणाली का विस्तार | रु. 19824971.38 | रु. 249100.00 | 04 महीने | 04.11.2025 |
| 3 | 30-विद्युत-17/2025-26 (ओपन टेंडर) | संलग्न विवरण के अनुसार सहारनपुर और बठिंडा में पुराने ओवर-हेड कंडक्टरों के स्थान पर कॉलोनियों में एबीसी केबल और संबद्ध कार्यों का प्रावधान। | रु. 14580211.22 | रु. 222900.00 | 03 महीने | 04.11.2025 |
| 4 | 30-विद्युत-18/2025-26 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन में प्री-कूलिंग, बैटरी चार्जिंग सुविधा का विस्तार। | रु. 12945421.24 | रु. 214700.00 | 03 महीने | 04.11.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 3280/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**जीपीएस आधारित डिजिटल क्लॉक हेतु एकारती**

ई-निविदा सूचना संख्या. SNT-25-LMG-2025-26 तारीख: 17-10-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा संख्या. SNT-25-LMG-2025-26। कार्य का नाम: 2 सालों की एक अवधि हेतु [illegible] निविदा राशि: ₹19,38,942.25/-। धरोहर राशि: ₹58,600/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 11-11-2025 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगी 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीएसटीई, लामडिंग
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

**ग्राम पंचायत थंबड में वाल ऑपरेटर नियुक्ति हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत थंबड के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित वाल ऑपरेटर के लिए रिक्त पदों को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत थंबड के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत थंबड का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है

ग्राम पंचायत थंबड
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी
बराड़ा (अंबाला)

**ग्राम पंचायत राजोखेड़ी में वाल ऑपरेटर नियुक्ति हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजोखेड़ी (नए ट्यूबल) के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित वाल ऑपरेटर के लिए रिक्त पदों को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत राजोखेड़ी के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत राजोखेड़ी का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत राजोखेड़ी
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी
बराड़ा (अंबाला)

**ग्राम पंचायत सोहाता में बूस्टिंग ऑपरेटर नियुक्ति हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सोहाता के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित बूस्टिंग ऑपरेटर के लिए रिक्त पद को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत सोहाता के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत सोहाता का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत सोहाता
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी
बराड़ा (अंबाला)

**ग्राम पंचायत उगाला में बूस्टिंग एवं वाल ऑपरेटर नियुक्ति हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उगाला के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित बूस्टिंग एवं वाल ऑपरेटर के लिए रिक्त पदों को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत उगाला के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत उगाला का स्थाई निवासी होना अनिवार्य ह।

ग्राम पंचायत उगाला
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी
बराड़ा (अंबाला)

**सार्वजनिक सूचना**



**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष।**
विषय: स्व. श्री नवदीप सिंह ग्रेवाल की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 208, सेक्टर 11-ए, चंडीगढ़ (आरपी 5298) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।
आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री नवदीप सिंह ग्रेवाल 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 208, सेक्टर 11-ए, चंडीगढ़ के स्वामी हैं।
पवनप्रीत सिंह ग्रेवाल, अमरप्रीत कौर ग्रेवाल, राजिंदर कौर द्वारा सूचित किया गया है कि श्री नवदीप सिंह ग्रेवाल की 26.02.2024 को मृत्यु हो गई है तथा उन्होंने मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) अमरप्रीत कौर ग्रेवाल-पुत्री, (2) राजिंदर कौर-पत्नी, (3) पवनप्रीत सिंह ग्रेवाल-पुत्र
अब, पवनप्रीत सिंह ग्रेवाल, अमरप्रीत कौर ग्रेवाल, राजिंदर कौर ने बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्री नवदीप सिंह ग्रेवाल द्वारा आयोजित 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 208, सेक्टर 11-ए, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।
**श्री नवीन, डेनिक्स,सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

**सार्वजनिक सूचना**

यह अधिसूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 134 , मंडी टाउनशिप, बवानी खेड़ा, श्री ब्रह्मा नंद पुत्र श्री अलख नारायण के नाम रि-अलॉट है। उनका इस सम्पति में 100 प्रतिशत हिस्सा है। श्री ब्रह्मा नंद की मृत्यु दिनांक 29-06-2021 को हो चुकी है। उनके निम्नलिखित कानूनी वारीसान हैं। 1.विद्या देवी ( पत्नी) 2. पूजा रानी (पुत्री) 3. (पुत्री) 4. पंकज कुमार (पुत्र) । अब उनकी पत्नी श्रीमती विद्या देवी पत्नी स्व.ब्रह्मा नंद निवासी मकान नम्बर 134 सैक्टर एमटी, बवानीखेड़ा जिला भिवानी ने अन्य कानूनी वारिसान के सहमति पत्र के साथ उपरोक्त सम्पत्ति को अपने नाम हस्तांतरण हेतु हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, भिवानी कार्यालय में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्लाट के हस्तांतरण संबंधी किसी प्रकार की कोई आपत्ती है तो वह सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, भिवानी के कार्यालय में अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकता है। अन्यथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण पोलिसी के तहत उपरोक्त प्लाट को आवेदनकर्ता के नाम ट्रान्सफर कर दिया जाएगा। उसके बाद किसी भी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा।

**श्रीमती विद्या देवी संपदा अधिकारी, ह.श.वि.प्रा.,भिवानी की ओर से वसीयत धारक।**

**पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट एडवोकेट्स को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट, सोसाईटी लि., सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़**
**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि फ्लैट सं. 148 (पुरानी सं. 28), श्रेणी ए, पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट एडवोकेट्स को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाईटी लि., सेक्टर 49-ए, चंडीगढ़ श्री योगेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जे.के. शर्मा को आवंटित किया गया था। श्री योगेश कुमार शर्मा पुत्र श्री जे.के. शर्मा की 15.02.2013 को मृत्यु हो गई है।
अब (1) श्रीमती उमा शर्मा पत्नी स्व. श्री योगेश कुमार शर्मा निवासी मकान सं. 3013, सेक्टर 21-डी, चंडीगढ़, (2) श्रीमती मीनाक्षी शर्मा पुत्री स्व. श्री योगेश कुमार शर्मा और पत्नी श्री अमित कौशिक, निवासी मकान सं. 63, सेक्टर 19-ए, चंडीगढ़, (3) श्रीमती कनिका शर्मा पुत्री स्व. श्री योगेश कुमार शर्मा और पत्नी श्री ध्रुव कालिया निवासी मकान सं. 319, टॉप फ्लोर, सेक्टर 37-ए, चंडीगढ़, (4) श्रीमती श्वेता वशिष्ठा पुत्री स्व. श्री योगेश कुमार शर्मा और पत्नी श्री मिथुन वशिष्ठा, निवासी मकान सं. 3013, सेक्टर 21-डी, चंडीगढ़ ने अपने पक्ष में फ्लैट के हस्तांतरण और सब-लीज विलेख के निष्पादन हेतु आवेदन किया है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित फ्लैट सं. 148 (पुरानी सं. 28), श्रेणी ए में शीर्षक, अधिकार अथवा हित के हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर दस्तावेजी साक्ष्य, यदि कोई हो, के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष लिखित में दर्ज करे, अन्यथा आवेदक के पक्ष में कथित हिस्से/फ्लैट का हस्तांतरण तदनुसार किया जाएगा।

अध्यक्ष सचिव

**खोया पाया**

मैं, रविंदर पुत्र हेमराज संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। Property i.e., Property id. 3G6GDN82, Part of Bearing Khewat no. 1534, Khatoni no. 1763, Measuring 0K-5M (151 Sq. Yards), situated at Hanuman Colony, with in MC Limit Hansi, Tehsil Hansi and Distt Hisar as per Transfer deed no. 4435 dated 06.08.2025 and Fard Jamabandi of the year 2021-22. मैंने हांसी में कहीं भी Transfer deed no. 3504 dated 03.09.2019 खो दिया है। हांसी में एक डीडीआर नंबर 132290412501872/2025 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। अगर किसी को इस संपति के संबंध में आपत्ति है। कृपया इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591 सेक्टर 16-17 हिसार से संपर्क करें।

**ग्राम पंचायत दादूपुर में बूस्टिंग ऑपरेटर नियुक्ति हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दादूपुर के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ विभाग से संबंधित बूस्टिंग ऑपरेटर के लिए रिक्त पदों को भरने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाने हैं इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 28/10/2025 तक अपना आवेदन ग्राम पंचायत दादूपुर के कार्यालय मैं जो की अंतिम तिथि 28.10.2025 तक जमा करवा सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे आवेदन कर्ता दसवीं पास ग्राम पंचायत दादूपुर का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है

ग्राम पंचायत दादूपुर
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी
बराड़ा (अंबाला)

अधिकतम 30 डिग्री से.
17 न्यूनतम
सूर्योदय 6.31 बजे
सूर्यास्त 5.42 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 1,27,060.00 |
| सेंसेक्स | 84,556.40 |
| अमेरिका | 87.87 |
| कैनेडियन | 62.79 |
| आस्ट्रेलिया | 57.13 |

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने जताया रोष, मनोहर लाल खट्टर से मांगी माफी



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़, कांग्रेस के एस.सी. डिपार्टमेंट के चेयरमैन धर्मवीर ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के हालिया बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। धर्मवीर ने कहा, 'डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर सवाल उठाना न केवल उनके व्यक्तित्व का अपमान है, बल्कि भारत के संविधान और उसके मूल आदर्शों का भी अनादर है। बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की नींव रखी। उनकी भूमिका को कमतर बताने की कोशिश देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करती है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम मनोहर लाल खट्टर के इस गैरजिम्मेदाराना और आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा करते हैं और उनसे तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग करते हैं। डॉ. अंबेडकर के विचार और उनके द्वारा रचित संविधान ही इस देश की आत्मा हैं। इन्हें कमतर बताने की हर कोशिश लोकतंत्र के खिलाफ है और समाज को विभाजित करने वाली है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ड्यूटी के दौरान एएसआई पर हमला, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 11 पुलिस ने ड्यूटी के दौरान एएसआई पर हमला करने के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि सैक्टर 17 स्थित वूमेन थाना पुलिस में तैनात एएसआई हेमंत कुमार बुधवार को खुडा अलिशेर में फिलप्स नामक व्यक्ति को समन नोट करवाने के लिए गया था। इसी दौरान वहां पर उन्हें उसका भाई मोती मिला।और उनकी बात फोन पर करवा दी।जब एएसआई जाने लगा तो किसी अज्ञात ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना 11 पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।और पुलिस आरोपी की पहचान के लिए आसपास लोगों से पूछताछ कर रही। पुलिस मामले में आरोपी को जल्द काबू कर लेगी, जांच जारी है।

### दो युवकों पर चाकू से हमला जख्मी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 36 पुलिस ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर ज़ख्मी करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। आरोपियों की पहचान दुर्गेश और अन्य के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गांव कजहेड़ी निवासी आरफिल ने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह घर पर मौजूद था। इसी दौरान बाइक पार्किंग को लेकर उसका झगड़ा उक्त आरोपी के साथ हो गया। आरोपी दुर्गेश अपने अन्य साथियों को लेकर आया। और शिकायतकर्ता और उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। जिन्हें इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में ले जाया गया। वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे शुरू कर दी है।

ऑडिट रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

# यूटी स्टेट गेस्ट हाउस में 3.8 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं उजागर

आडिट रिपोर्ट में नकद वसूली में गड़बड़ी पाई गई, 82.82 लाख का लेनदेन बिना डिजिटल माध्यम के हुआ

अनुचित वेतन भुगतान भी किया गया जिससे 87.08 लाख का बोझ यूटी बजट पर पड़ा

दो चालक पंजाब राजभवन में तैनात थे, उनकी तनख्वाहें लगभग नौ वर्षों तक यूटी स्टेट गेस्ट हाउस के बजट से दी गई




अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** यूटी स्टेट गेस्ट हाउस, जो चंडीगढ़ प्रशासन के आतिथ्य विभाग के अधीन आता है, में हुई ऑडिट जांच ने कई गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ियों का खुलासा किया है। यह जांच प्रधान लेखा परीक्षक (केंद्रीय), चंडीगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए की गई थी। रिपोर्ट में लगभग 3.8 करोड़ रुपये की अनियमितताओं और नियमों की अवहेलना सामने आई है। ऑडिट रिपोर्ट ने वित्तीय प्रबंधन, क्रय प्रक्रिया, संपत्ति प्रबंधन और जवाबदेही के स्तर पर गंभीर खामियाँ उजागर की हैं।

आडिट रिपोर्ट में नकद वसूली में गड़बड़ी पाई गई है। 82.82 लाख का लेनदेन बिना डिजिटल माध्यम के हुआ है। वित्त मंत्रालय द्वारा 2017 से डिजिटल भुगतान अनिवार्य किए जाने के बावजूद गेस्ट हाउस में अब तक नकद में राशि ली जा रही थी। इससे न केवल वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं, बल्कि यह सरकारी नियमों का भी उल्लंघन है। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रवैया आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिरोध और संभावित धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करता है। अनुचित वेतन भुगतान भी किया गया जिससे 87.08 लाख का बोझ यूटी बजट पर पड़ा। दो चालक, जो पंजाब राजभवन में तैनात थे, उनकी तनख्वाहें लगभग नौ वर्षों तक यूटी स्टेट गेस्ट हाउस के बजट से दी गई। यह सरकारी लेखा नियमों का उल्लंघन है। ऑडिट में राशि की वसूली पंजाब सरकार से करने और मामले की सूचना पर्यटन मंत्रालय को देने की सिफारिश की गई है। कबाड़ सामग्री का निस्तारण नहीं किया गया। 2019 से 80 से अधिक वस्तुएँ गेस्ट हाऊस में पड़ी हैं जिनमें इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर और अन्य सामग्री है। 2019 से कंडम घोषित होने के बाद भी ये पड़ी हुई है। इससे न केवल जगह की बर्बादी हो रही है, बल्कि संपत्तियों का मूल्य भी घट रहा है। रिपोर्ट ने इसे प्रशासनिक लापरवाही करार दिया है। वाहनों का खर्चा गलत खाते से दिया जा रहा है जिसमें 27.10 लाख की अनियमितता सामने आई है। गेस्ट हाउस के फंड से पंजाब राजभवन के वाहनों की देखरेख की गई। यह पहले भी आपत्ति का विषय रह चुका है, फिर भी सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। ऑडिट में कहा गया है कि दोनों विभागों के बीच संपत्ति उपयोग और खर्च साझा करने के स्पष्ट नियम तय किए जाएँ। ठेके में भी गड़बड़ी पाई गई और पुराने सप्लायर्स को अनुचित लाभ दिया गया। आवश्यक वस्तुओं की खरीद के ठेके बिना नए टेंडर के लगातार बढ़ाए जाते रहे। सुरेश प्रोविजन एंड जनरल स्टोर जैसे विक्रेताओं को प्रतिस्पर्धी बोली के बिना वर्षों तक काम दिया गया। हालांकि जुलाई 2024 से जैम पोर्टल के माध्यम से खरीद शुरू हुई है, लेकिन रिपोर्ट ने इसे विलंबित सुधार बताया है। सुरक्षा गार्डों की भर्ती में अनियमितता पाई गई जिस पर 74.51 लाख का खर्च किये गये। 17 निजी सुरक्षा गार्ड बिना पीएसएआरए(2005) अधिनियम के तहत प्रशिक्षण के तैनात किए गए। रिपोर्ट में इसे उच्च जोखिम वाली सुरक्षा लापरवाही बताया गया है और प्रशिक्षित कर्मियों की अनिवार्य नियुक्ति की सिफारिश की गई है। आंतरिक ऑडिट का अभाव भी बताया गया। पूरे वित्तीय वर्ष में कोई आंतरिक ऑडिट नहीं किया गया, जिससे अनियमितताएँ बिना जांच के चलती रहीं। रिपोर्ट में तिमाही आंतरिक ऑडिट व्यवस्था लागू करने की सिफारिश की गई है। पुराने ऑडिट मुद्दे अब भी अधूरे है। पिछली रिपोर्टों में दर्ज कई मामलों जैसे 6.09 लाख के अनधिकृत क्रेडिट और पुराने वाहनों की नीलामी न होना, अब तक लंबित हैं। यह विभागीय सुस्ती और अनुपालन की कमी दर्शाता है। नवाचार और पारदर्शिता की कमी भी बताई गई। ऑडिट ने साफ कहा कि विभाग में कोई उल्लेखनीय सर्वोत्तम प्रथा (बेस्ट प्रेक्टिस) लागू नहीं है। इससे यह संकेत मिलता है कि विभाग में न तो नवाचार है और न ही प्रगतिशील प्रशासनिक दृष्टिकोण। विभागीय उदासीनता और जवाब न देने की प्रवृत्ति भी रिपोर्ट में बताई गई। कई बार ऑडिट टीम के प्रश्नों पर विभाग ने जवाब नहीं दिया। यह रवैया प्रशासनिक जवाबदेही की गंभीर कमी को दर्शाता है।

### प्रशासन को कई सुझाव

रिपोर्ट ने सुझाव दिया है कि पंजाब सरकार से 87.08 लाख की वसूली की जाए। सभी भुगतानों को डिजिटल माध्यम से किया जाए। पुरानी वस्तुओं का निस्तारण जीएफआर 2017 के तहत किया जाए। प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति हो और आंतरिक ऑडिट नियमित रूप से संचालित किया जाए। रिपोर्ट ने प्रशासन से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने और लोक विश्वास बहाल करने की अपील की है।

# 'सिटी ब्यूटीफुल' की ओर बड़ा कदम: चंडीगढ़ को मिली 328 नई इलेक्ट्रिक बसें, कुल संख्या पहुंची 428

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** चंडीगढ़ को कार्बन मुक्त शहर बनाने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत शहर के लिए 328 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसों की मंजूरी दी है। इस स्वीकृति के साथ ही चंडीगढ़ के लिए अब तक कुल 428 ई-बसें स्वीकृत हो चुकी हैं।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मंजूरी चंडीगढ़ प्रशासन के निरंतर प्रयासों और केंद्र सरकार के सहयोग का परिणाम है।

श्री कटारिया ने बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में पूरे बस बेड़े को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित किया जाए, ताकि ÷सिटी ब्यूटीफुल÷ को जल्द ही कार्बन-फ्री शहर घोषित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इससे शहर की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली भी अधिक सुविधाजनक, आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल बनेगी।

राज्यपाल ने बताया कि पहले स्वीकृत 100 ई-बसों के लिए कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीई एस एल) और मंत्रालय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लेटर्स ऑफ कंफर्मेशन और लेटर्स ऑफ अवॉर्ड जारी किए, जिससे परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी आई।

उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय चंडीगढ़ को एक हरित, स्वच्छ और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रशासन सतत शहरी विकास के अपने संकल्प पर दृढ़ है और ऐसी पहलें भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करेंगी।

# चंडीगढ़ प्रशासन बनेगा पूर्णत: ई-ऑफिस: एक नवंबर 2025 से खत्म होंगी भौतिक फाइलें

मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने सचिवों की बैठक में दिए निर्देश, जन शिकायत पोर्टल जल्द होगा शुरू

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने वीरवार को सभी विभागों के सचिवों की बैठक बुलाई और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और नागरिक-केंद्रित शासन पर ज़ोर दिया। बैठक में अंतर-विभागीय समन्वय, जन शिकायत निवारण, डिजिटल गवर्नेंस, और प्रमुख सरकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासन के सभी विभागों को एकजुट होकर कार्य करना होगा ताकि विभिन्न अंतर-विभागीय मुद्दों का शीघ्र और प्रभावी समाधान किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशासनिक निर्णयों में जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और कार्य न्याय, निष्पक्षता, पारदर्शिता और दक्षता के सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए। डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए मुख्य सचिव ने घोषणा की कि 1 नवंबर 2025 से सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली को पूरी तरह लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उस तारीख के बाद कोई भी भौतिक फाइल नहीं चलेगी और सभी अधिकारी ई-ऑफिस पर ही कार्य करेंगे। उन्होंने इसे प्रशासन को कागज़ रहित, पारदर्शी और आधुनिक प्रणाली की ओर बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम बताया। श्री प्रसाद ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन का समर्पित जन शिकायत पोर्टल जल्द विकसित कर चालू किया जाएगा ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग प्रशासक के जन शिकायत प्रारूप को समान रूप से अपनाएँ जिससे शिकायत निवारण की प्रक्रिया अधिक सुगम और एकरूप बने।

### सड़क और पार्किंग व्यवस्था पर भी चर्चा


शहर की सड़कों की स्थिति पर बात करते हुए श्री प्रसाद ने इंजीनियरिंग विभाग को चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, शहर में बढ़ती पार्किंग समस्याओं को देखते हुए उन्होंने नगर निगम को एक व्यापक प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा, ताकि पार्किंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### भर्ती नियम और योजनाओं के कार्यान्वयन पर जोर

बैठक में मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सभी विभाग अपने भर्ती नियमों को शीघ्र अंतिम रूप दें और संबंधित प्रस्ताव कार्मिक विभाग को भेजें। उन्होंने निर्देश दिया कि भारत सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक समय पर पहुँचे, इसके लिए प्रत्येक विभाग को सक्रियता से कार्य करना चाहिए। बैठक में गृह सचिव श्री मंदीप सिंह बराड़, वित्त सचिव श्री दीप्रवा लाकड़ा, शिक्षा सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी, नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार, मुख्य वन संरक्षक श्री सौरभ कुमार सहित चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंजाब विश्वविद्यालय के आर्किटेक्ट इंदर गुलाटी 'फ़र्स्ट फ्राइडे फ़ोरम क्रिएटिव एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू), चंडीगढ़ के प्रख्यात वास्तुकार इंदर गुलाटी को प्रतिष्ठित फ़र्स्ट फाइडे फ़ोरम (एफएफएफ) क्रिएटिव एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंदर गुलाटी को यह सम्मान पंजाब विश्वविद्यालय के स्थापत्य और अवसंरचनात्मक विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। उन्होंने सस्टेनेबल डिज़ाइन, विरासत संरक्षण, और नवाचारपूर्ण कैंपस नियोजन के क्षेत्र में विशेष रूप से महत्वपूर्ण कार्य किया है। पुरस्कार प्रशस्ति में उनके पेशेवर अनुभव और वास्तुशिल्पीय उत्कृष्टता के प्रति समर्पण की सराहना की गई। यह पुरस्कार चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ़ आर्कि टेक्चर में आयोजित वार्षिक व्याख्यान और पुरस्कार समारोह के दौरान प्रदान किया गया। फ़र्स्ट फाइडे फ़ोरम की स्थापना 1999 में चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ़ आर्किटेक्चर के पूर्व प्राचार्य डॉ. एस.एस. भट्टी द्वारा की गई थी। यह मंच विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों के बीच रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने और निर्मित परिवेश की सौंदर्यात्मक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। प्रशस्ति में उल्लेख किया गया कि इंदर गुलाटी का डिज़ाइन दर्शन, जो आधुनिक कार्यक्षमता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाता है, ने विश्वविद्यालय के परिसर को और अधिक समृद्ध बनाया है। उनकी रचनात्मक दृष्टि ने न केवल परिसर को नई पहचान दी, बल्कि उन्हें संस्थागत वास्तुकला में नेतृत्व के प्रतीक के रूप में स्थापित किया। यह आयोजन गुलाटी के टिकाऊ और सौंदर्यपूर्ण परिसर के निर्माण में योगदान को रेखांकित करता है, जिसने उन्हें वास्तुकला के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

# नगर निगम की महापौर हरप्रीत कौर बबला ने सेक्टर 35-ए के निवासियों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** नागरिकों की भागीदारी को मज़बूत करने और नागरिक मुद्दों के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ की माननीय महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने आज शाम सेक्टर 35-ए स्थित हार्मनी होम्स के मकान संख्या 353 में निवासियों के साथ एक संवादात्मक बैठक की।

बैठक में निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेक्टर में बुनियादी सुविधाओं और नागरिक बुनियादी ढाँचे से संबंधित अपनी चिंताओं, सुझावों और आकांक्षाओं को साझा किया। चर्चा किए गए मुद्दों में जल आपूर्ति, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइटिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य नगरपालिका सेवाएं शामिल थीं।

महापौर हरप्रीत कौर बबला ने निवासियों की बात ध्यान से सुनी और उन्हें चंडीगढ़ नगर निगम से संबंधित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने समय पर समाधान के लिए चंडीगढ़ प्रशासन के साथ गैर-एमसीसी संबंधी चिंताओं को उठाने की भी प्रतिबद्धता जताई। तत्काल अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए, महापौर ने संबंधित नगर निगम अधिकारियों को क्षेत्र-विशिष्ट मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने और स्थानीय निवासी कल्याण संघ के साथ सीधे समन्वय करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान एक अनोखे अवसर पर, निवासियों ने महापौर का कार्यकाल कम से कम ढाई वर्ष का करने की इच्छा व्यक्त की, और इस बात पर ज़ोर दिया कि इस निरंतरता से स्थायी नागरिक समस्याओं के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन और दीर्घकालिक समाधान संभव होंगे।

श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने निवासियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और दोहराया कि एक उत्तरदायी और कुशल शहरी शासन प्रणाली के निर्माण के लिए नागरिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक स्वच्छ, हरित और अधिक रहने योग्य चंडीगढ़ बनाने के लिए समुदाय और नगरपालिका अधिकारियों के बीच निरंतर संवाद को प्रोत्साहित किया।

# हाजी मुहम्मद यूनुस अंसारी चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव नियुक्त



अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 23 अक्तूबर।** आज प्रदेश अध्यक्ष एच एस लक्की ने राजीव गांधी भवन सैक्टर 35, चंडीगढ़ में हाजी मुहम्मद यूनूस अंसारी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया जो पहले कांग्रेस के माइनॉरिटी डिपार्टमेंट चंडीगढ़ में उपाध्यक्ष थे। उन्होंने पार्लियामेंट इलेक्शन में कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत शिद्दत से काम किया था।

प्रदेश महासचिव हाजी ज़ाहिद परवेज़ खान ने कहा कि हाजी मुहम्मद यूनूस अंसारी पहले से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। वह एक समाजसेवी भी हैं और सभी समुदायों में अच्छी पकड़ रखते हैं, नूरानी मस्जिद बापूधाम सैक्टर 26 के करीब 15 साल से मुतवल्ली हैं, उनकी अल्पसंख्यक समुदाय में भी अच्छी पकड़ है, उन्हें प्रदेश कांग्रेस में लेना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच एस लक्की की दूरदर्शी सोच है। आने वाले कारपोरेशन के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए यह नियुक्ति फायदेमंद साबित होगी।

# सीनियर सिटीजन को झटका: कम्युनिटी सेंटर्स की बुकिंग में सिक्योरिटी अमाउंट बना मुश्किल

सीमित आय वाले बुजुर्गों पर आर्थिक बोझ

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** शहर के सीनियर सिटीजन अपने कार्यक्रमों और समारोहों के लिए कम्युनिटी सेंटर्स बुक कराने में परेशानी का सामना कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से बुकिंग के लिए जहाँ शुल्क मात्र 121 रुपये रखा गया है, वहीं 5000 रुपये का सिक्योरिटी अमाउंट तय किया गया है – जो बुजुर्ग नागरिकों के लिए भारी साबित हो रहा है।

अधिकांश सीनियर सिटीजन पेंशन या सीमित आय पर निर्भर हैं। ऐसे में 5000 रुपए की सिक्योरिटी राशि उनके बजट से बाहर है। कई बुजुर्गों ने बताया कि इस कारण उन्हें अपने सामाजिक या पारिवारिक कार्यक्रम छोटे स्थानों या घरों में ही आयोजित करने पड़ रहे हैं।

**संगठनों ने रखी मांग:** सीनियर सिटीजन और नागरिक संगठनों ने प्रशासन से सिक्योरिटी अमाउंट में कमी या छूट देने की मांग की है। उनका कहना है कि बुजुर्गों के लिए कम्युनिटी सेंटर्स को अधिक सुलभ और किफायती बनाया जाना चाहिए। संगठनों ने सुझाव दिया है कि सीनियर सिटीजन के लिए अलग श्रेणी बनाई जाए, जिसमें कम सिक्योरिटी अमाउंट और प्राथमिकता वाली बुकिंग सुविधा दी जाए।


**शिकायतों पर नहीं हुई कार्रवाई:** स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नागरिकों का कहना है कि 'प्रशासन को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है, जबकि सीनियर सिटीजन समाज का सम्माननीय वर्ग हैं जिनकी सुविधा पर ध्यान दिया जाना चाहिए।' अब सीनियर सिटीजन समुदाय को उम्मीद है कि नगर प्रशासन जल्द ही उनकी मांगों पर विचार करेगा और कम्युनिटी सेंटर्स की बुकिंग नीति में आवश्यक संशोधन करेगा।

# सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा समारोह 27 से

न्यू सन लेक सेक्टर 42 चंडीगढ़ में होगा भव्य समारोह

राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 23 अक्तूबर।** पूर्वांचल वैलफेयर एसोसियेशन की तरफ से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला छठ पूजा समारोह आगामी 27 अक्तूबर से आरंभ हो रहा है। न्यू सनलेक सेक्टर 42, चंडीगढ़ में इसकी शुरुआत सायं 4 बजे से 6.30 बजे के बीच होगी। इसकी जानकारी पूर्वांचल वैलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष डी.के. सिंह एवं महासचिव भोलाराय द्वारा जारी की गई एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

छठ पूजा समारोह आगामी 28 अक्तूबर दिन मंगलवार को सुबहज 4 बजे से सूर्योलय तक जारी रहेगा। पूर्वांचल वैलफेयर एसोसियेशन चंडीगढ़ ने बताया कि इस दौरान कुमारी काव्या कृष्ण मूर्ति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें छठी मइया के गुणगान और महिला से संबंधित भोजपुरी भजनों का गायन होगा। आयोजन समिति के चेयरमैन रामेंद्र सिंह, प्रधाान डी.के. सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान यू.के. सिंह एवं महासचिव भोलाराम ने बताया कि छठ पूजा समारोह में राज्यसभा सदस्य चंडीगढ़ कल्याण ट्रस्ट के सतनाम सिंह संधू मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके अलावा चंडीगढ़ सांसद मनीष तिवारी, नगर निगम चंडीगढ़ की मेंबर हरप्रीत कौर बबला, पूर्व रेलवे मंत्री पवन कुमार बंसल, चंडीगढ़ भाजपाध्यक्ष जतिन्दर पाल मल्होत्रा, चंडीगढ़ टेरिटोरियल कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस. लक्की, चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य संजय टंडन, नगर निगम चंडीगढ़ के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल भारत सरकार सत्यपाल जैन, आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के प्रधान विजयपाल सिंह यादव, समाजवादी पार्टी चंडीगढ़ के प्रधान-विक्रम यादव, समाज सेविका-आभा बंसल, पूर्व उपमहापौर अनिल कुमार दुबे भी शामिल होंगे।

### पूर्वांचल का विशिष्ट पर्व

उल्लेखनीय है कि छठ पूजा यानि सूर्य उपासना का महापर्व पूर्वांचल के अलावा बिहार के विशिष्ट पर्व के रूप में आयोजित किया जाता है। अब इसका असर पूरे देश के अधिकांश भागों में भी देखने को मिलता है। क्योंकि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे बड़े प्रदेशों के ज्यादा लोग देश के अधिकांश भागों में रहते हैं। वहीं पर आस्था एवं सूर्योपालना का महापर्व छठ पूजा का व्रत-पूजा एवं समारोह का आयोजन करते हैं।

### रेल गाड़ियों में भारी भीड़

इस दौरान यहां के लोग अपने-अपने घरों को जाने के लिए तत्पर रहते हैं। इस बार भी चंडीगढ़, अंबाला, नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन और अंतरराज्यीय बस अड्डों पर लंबी-लंबी कतारों में अपने गंतव्यों के लिए जाने वाले वाहनों की प्रतीक्षा करते देखते जा रहे हैं। आलम यह है कि रेलगाड़ियों में आजकल पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है, किंतु श्रद्धा और आस्था का महापर्व है तो यह लोग हर हाल में शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं।

सम्पादकीय

# हरियाणा पुलिस बल को गहनता से सुधारात्मक कदम उठाने होंगे

एक एडीजीपी और एक एएसआई की आत्महत्या और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों ने हरियाणा पुलिस के मनोबल को हिला कर रख दिया। हालांकि पुलिस एक फोर्स है और उसके समक्ष भावनात्मक कमजोरी और लाचारी नहीं होनी चाहिए बेशक संवेदनशीलता का अपार भंडार हो। प्रदेश पुलिस के नए कार्यवाहक डीजीपी ओपी सिंह आजकल इसी गिरे हुए मनोबल को ऊंचा उठाने और पुलिस फोर्स को उसके मूल दायित्व एवं प्रकृति का आभास कराने में जुटे हैं तो यह उचित ही है। बेशक, पुलिस बल और वह किसी भी राज्य का हो, आजकल गंभीर हालात से गुजर रहा है। पंजाब में एक डीआईजी रैंक के अधिकारी के घर से बेशुमार भ्रष्टाचार का धन मिलता है और जेल में उसके परिजन उससे मिलते हैं तो उनकी आंखों में नमी उतर आती है। सांत्वना दी जाती है कि घबराना मत, जीत सच की ही होती है। बेशक, सच क्या है, यह पुलिस जांच और अदालत के फैसले पर निर्भर करता है। लेकिन महज सरकारी नौकरी से कोई अगर धन का अंबार लगा लेता है तो यह हैरान ही करता है। खैर, पुलिस महकमे में जब ऐसा वाक्या हो रहा हो तो बाकी के मनोबल पर क्या असर पड़ेगा, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। निश्चित रूप से हरियाणा में भी सच सामने आना जरूरी है। लेकिन प्रश्न यही है कि आखिर जो भी उन विवादित कहानियों के किरदार बने, क्या उनकी वजह से फोर्स का मनोबल नहीं गिरा है। क्या वास्तव में ऐसे जतन किए जाने की जरूरत नहीं है कि पुलिस फोर्स एक पारदर्शी बल बन जाए और उसके अंदर क्या घट रहा है, यह पूरी ईमानदारी से बाहर झलके।

**गौरतलब है कि डीजीपी ओपी सिंह ने कुछ प्रचलित सच्चाइयों को भांपते हुए पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह के अंदर तीन में से एक कार्रवाई जरूर करें। इसमें पहली मुकदमा बनता है तो दर्ज करें। दूसरी-शिकायत सिविल नेचर की है तो थाने के कंप्यूटर से ही सीएम विंडो में दर्ज करा दें और तीसरी-यदि शिकायत झूठी है तो रोजनामचे में रपट दर्ज कर उसकी एक कॉपी चेतावनी के तौर पर शिकायतकर्ता को दें। दरअसल, यह प्रक्रिया पुलिस और जनता के बीच विश्वास को बढ़ाने वाली हो सकती है। अभी तक तो यही होता रहा है कि पीड़ित एफआईआर करवाने के लिए महीनों तक इंतजार में बैठा रहता है और पुलिसकर्मी किसी प्रभाव में केस ही दर्ज नहीं करते। डीजीपी का यह कथन भी स्वीकार्य होना चाहिए कि पुलिस जनता को डराने के लिए नहीं है।**

वास्तव में हरियाणा पुलिस के कार्यवाहक डीजीपी ओपी सिंह का पदभार संभालने के बाद आजकल अपने पुलिस बल से संवाद चर्चाओं में है। उनकी कही बातों में दम है और ये बातें पुलिस बल के ऊपर मढ़ चुके आवरण को हटाने की जरूरत की ओर इशारा करती हैं। डीजीपी ने पुलिस बल को सांकेतिक भाषा में निर्देशित किया है कि अपनी मेज का आकार छोटा करें और कुर्सी पर लगे तौलिए को हटाएं। उनका इशारा इस तरफ है कि जनता और पुलिस के बीच की दूरी कम की जाए। दरअसल, इसकी जरूरत प्रत्येक कार्यस्थल पर सामने आती है। एक लोकतांत्रिक देश में प्रत्येक सेवा जनता के लिए और जनता के द्वारा है। तब पुलिस थानों का वह खौफनाक और छिपाने वाला माहौल जनता को वह सहजता प्रदान नहीं करता, जिसकी जरूरत होती है। वह पुलिस के पास जाते और वह भी एक थाने की सीढ़ियां चढ़ते न जाने कितनी बार सोचता है। क्योंकि भ्रष्टाचार के हालिया मामलों के बाद तो यह और साबित हो गया है कि पुलिस विभाग में रिश्वतखोरी चलती है और इस सच को छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक दबा कर रखते हैं और फिर न जाने किसकी बदकिस्मती से वह सच उजागर हो जाता है। ऐसे में जनता का क्या दोष? उस पीड़ित का क्या दोष, जिसके साथ अन्याय हुआ है और वह पुलिस के पास मदद के लिए जाना चाहता है। अगर आरोपी पहले से उस थाने में जाकर वहां मौजूद कर्मचारियों को समझा चुका हो तो फिर कैसे न्याय मिलेगा?

गौरतलब है कि डीजीपी ओपी सिंह ने कुछ प्रचलित सच्चाइयों को भांपते हुए पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह के अंदर तीन में से एक कार्रवाई जरूर करें। इसमें पहली मुकदमा बनता है तो दर्ज करें। दूसरी-शिकायत सिविल नेचर की है तो थाने के कंप्यूटर से ही सीएम विंडो में दर्ज करा दें और तीसरी- यदि शिकायत झूठी है तो रोजनामचे में रपट दर्ज कर उसकी एक कॉपी चेतावनी के तौर पर शिकायतकर्ता को दें। दरअसल, यह प्रक्रिया पुलिस और जनता के बीच विश्वास को बढ़ाने वाली हो सकती है। अभी तक तो यही होता रहा है कि पीड़ित एफआईआर करवाने के लिए महीनों तक इंतजार में बैठा रहता है और पुलिसकर्मी किसी प्रभाव में केस ही दर्ज नहीं करते। डीजीपी का यह कथन भी स्वीकार्य होना चाहिए कि पुलिस जनता को डराने के लिए नहीं है। पुलिस अधिकारी की कुर्सी जनता की सेवा एवं सुरक्षा के लिए है। उन्होंने पब्लिक डीलिंग में माहिर पुलिस कर्मियों को आगे करने को भी कहा है। वास्तव में डीजीपी ओपी सिंह के यह सुधारात्मक कदम उपयोगी साबित हो सकते हैं। लेकिन जरूरत इसकी है कि पुलिस बल डीजीपी की इन ईमानदार कोशिशों को समझे और इन पर गहनता से अमल करे। निश्चित रूप से पुलिस बल के मुखिया के तौर यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे प्रोत्साहित करें और सुधार के प्रयास भी करें और ये यही कर रहे हैं।


## संयुक्त राष्ट्र दिवस पर विशेष

# वैश्विक चुनौतियों के बीच संयुक्त राष्ट्र की भूमिका

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

हर वर्ष 24 अक्टूबर को पूरी दुनिया 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' (United Nations Day) के रूप में मनाती है। यह वही दिन है जब 1945 में संयुक्त राष्ट्र का चार्टर प्रभावी हुआ था। यह दिन केवल ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि एक वैश्विक संदेश है– कि विश्व के सभी राष्ट्रों को शांति, समानता, मानवाधिकार और विकास की दिशा में मिलकर कार्य करना चाहिए। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद विश्व ने अनुभव किया कि युद्ध-विनाश, अस्थिरता और विभाजन से बचने के लिए एक ऐसा मंच आवश्यक है जहां राष्ट्र अपने विवादों को संवाद और शांति के माध्यम से सुलझा सकें। इसी सोच से संयुक्त राष्ट्र का जन्म हुआ।






संयुक्त राष्ट्र चार्टर में न्याय, मानवाधिकार, सामाजिक एवं आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग जैसे मूल सिद्धांत शामिल किए गए। इसलिए 24 अक्टूबर को मनाया जाने वाला यह दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उस साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक है जो सभी राष्ट्र193 राष्ट्र मिलकर निभाने का वादा करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि आज की वैश्विक चुनौतियाँ – जैसे जलवायु परिवर्तन, गरीबी, महामारी, प्रवासन, और असमान विकास – किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं। उनका समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

आज का विश्व पहले से कहीं अधिक जटिल और परस्पर जुड़ा हुआ है। कोविड-19 महामारी के दौर ने यह सच्चाई उजागर कर दी कि किसी देश की सीमाएँ मानवता के संकट को नहीं रोक सकतीं। वैश्विक टीकाकरण अभियान और मानवीय राहत पहलों ने संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों की प्रासंगिकता को और अधिक स्पष्ट किया। इसी प्रकार, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों के तेजी से विस्तार ने निजता, सुरक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों को जन्म दिया है। इन चुनौतियों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय नियम और नैतिक दिशानिर्देश आवश्यक हैं। संयुक्त राष्ट्र ने मार्च 2024 में एआई पर अपनी पहली वैश्विक प्रस्तावना पारित कर मानवता की दिशा में एक नई पहल की है।

आज विश्व के कई हिस्सों में युद्ध, उत्पीड़न, शरणार्थी संकट और नागरिक अधिकारों के उल्लंघन जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार व्यवस्थाएँ, अधिसंख्य संधियां और निगरानी तंत्र एक वैश्विक सुरक्षा कवच की तरह कार्य कर रहे हैं। 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 सतत विकास लक्ष्य (SDG) इस बात का प्रमाण हैं कि विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन का भी विषय है। 2030 तक इन लक्ष्यों की प्राप्ति मानवता की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आज हम केवल किसी देश के नागरिक नहीं, बल्कि वैश्विक नागरिक हैं। हमारी चुनौतियाँ साझा हैं, तो हमारे समाधान भी साझा होने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र दिवस हमें यह सिखाता है कि संवाद, सहयोग और करुणा के माध्यम से ही स्थायी शांति प्राप्त की जा सकती है। हालांकि, राजनीतिक असहमति, संस्थागत सीमाएँ और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियाँ संयुक्त राष्ट्र की कार्यक्षमता को प्रभावित करती रही हैं, परंतु इन सबके बावजूद इसका अस्तित्व मानवता के लिए आशा की किरण बना हुआ है।

'भारत के संदर्भ में देखें तो संयुक्त राष्ट्र के आदर्श और भारतीय संविधान की आत्मा एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। हमारे संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को भारत के मूल सिद्धांतों के रूप में स्थापित किया। यही सिद्धांत संयुक्त राष्ट्र चार्टर में भी निहित हैं। भारत जैसे विविधता-भरे देश के लिए, जहाँ धर्म, जाति, भाषा और वर्गों की विविधता विद्यमान है, संयुक्त राष्ट्र का सहयोगात्मक दृष्टिकोण राष्ट्रीय एकता और वैश्विक जिम्मेदारी दोनों के लिए प्रेरक है। आज किसी भी देश के विकास का आधार उसकी जीडीपी नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, पर्यावरण सुरक्षा, और समावेशी व्यवस्था है।

आज के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है – जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास संघर्ष, वैश्विक व्यापार की असमानताएँ और आतंकवाद का बढ़ता खतरा। रूस-यूक्रेन युद्ध में संयुक्त राष्ट्र शांति वार्ता, युद्धविराम के प्रयास और मानवीय सहायता प्रदान करने में जुटा है। इज़राइल-हमास संघर्ष में यह नागरिक सुरक्षा और मानवीय गलियारों के माध्यम से राहत पहुँचाने का कार्य कर रहा है। आतंकवाद के खिलाफ इसकी "Global Counter-Terrorism Strategy" वित्तीय निगरानी, सूचना-साझेदारी और चरमपंथ के विरुद्ध सामूहिक नीतियों का ढाँचा प्रदान करती है। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य एक ही है – संवाद से समाधान, मानवता की रक्षा और स्थायी शांति की स्थापना करना।

आज जब विश्व जलवायु संकट, तकनीकी उथल-पुथल, आर्थिक असमानता और राजनीतिक अस्थिरता जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से जूझ रहा है, 24 अक्टूबर का दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारी एकजुटता ही हमारी शक्ति है। संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों द्वारा ली जाने वाली शपथ – 'मैं अपने कर्तव्यों का निष्ठा और विवेक से पालन करूँगा, तथा अपने आचरण में केवल संयुक्त राष्ट्र के हित को ध्यान में रखूँगा' – हमें अपने उत्तरदायित्व की याद दिलाती है।

यदि हम इस भावना को व्यवहार में लाएँ, एक-दूसरे को समझें, संसाधन साझा करें औरत न्यायपूर्ण अवसरों का निर्माण करें, तो हम उस 'संयुक्त राष्ट्र' की भावना को साकार कर सकते हैं जिसकी स्थापना 80 वर्ष पूर्व मानवता की भलाई के लिए की गई थी। आज आवश्यकता केवल उम्मीद की नहीं, बल्कि क्रियात्मक सहयोग, नीति-संकल्प और वैश्विक दृष्टिकोण की है।

इसलिए संयुक्त राष्ट्र दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि यह एक वैश्विक संकल्प का प्रतीक है – कि विश्व में शांति, विकास और मानवाधिकार केवल शब्द नहीं रहें, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन का वास्तविक अनुभव बनें।

**लेखक — सतीश मेहरा**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नियंत्रण रेखा पर स्थिति शांतिपूर्ण

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर स्थिति शांति पूर्ण बनी हुई है। हालांकि राज्य के बाहुल्य इलाकों में कर्फ्यू जारी है। तथा लोगों को यह हिदायत है कि वह अपने घरों में से बाहर न निकलें। फिर भी सेना के जवान तथा कथित जम्मू कश्मीर डेमोक्रेटिक एलायंस के सीमा पार करने के किसी भी दुस्साहस पूर्ण कदम का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से चौकसी बरत रहे हैं। राज्यपाल गिरीशचन्द्र सक्सेना ने आज सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखा तथा सीमा की पल-पल की जानकारी लेते रहे। सूत्रों से पता चला है कि राजकोरट में पाक रेंजरों की कल काटेदार तार लगाते देखा गया। समझा जाता है कि जंगुजुओं को रोकने के उद्देश्य से पाक ने यह तार लगाए। यह भी पता चला है कि सीमावर्ती गांवों से काफी हद तक पलायन हुआ है। लोगों को डर है कि अगर भारत-पाक सीमा पर जरा सा तनाव भी होगा तो युद्ध छिड़ जाएगा।

### 8 पुलिस उपअधीक्षक पदोन्नत

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने दीवाली से एक दिन पूर्व राज्य के 8 पुलिस उप अधीक्षकों (डीएसपी) को बतौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पदोन्नत कर दिया है। यह पदोन्नति पाने वालों में अम्बाला के डीएसपी (गुप्तचर) रणजीत सिंह, यमुनानगर के डीएसपी (मुख्यालय) बलबीर सिंह हिसार के डीएसपी गुप्तचर भीम सिंह, हरियाणा सशस्त्र पुलिस चौथी बटालियन के डीएसपी मनजीत सिंह, बहादुरगढ़ के डीएसपी अत्तर सिंह अहलावत, नरवाना के डीएसपी शिव शक्ति राव, पुलिस ट्रेनिंग कालेज के डीएसपी राजबीर सिंह देसवाल और पलवल के डीएसपी रणबीर सिंह शर्मा शामिल है। इसके साथ ही नौ अन्य पुलिस अधीक्षकों के तबादले भी कर दिये गय है। पदोन्नति के साथ रणजीत सिंह को सहकारिता समितियों प्रकोष्ठ का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लगा दिया गया है। करनाल के पुलिस अधीक्षक चौकसी राजरूप सिंह को पंचकूला का एसपी आप्रेशन लगा दिया गया है।

### योग का प्रोत्साहन मिलेः शकुंतला

पंचकूला। हरियाणा की सहकारिता मंत्री शकुन्तला भगवाड़ियां ने आज यहां हरियाणा राज्य योग प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोलते हुए योग को प्रोत्साहन दिये जाने पर बल दिया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे। इसके अलावा इन्होंने 5100 रुपए योग संघ को देने की गौवणा भी की।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1260- कुतुज, मिस्र के मामलुक सुल्तान की हत्या एक साथी मामलुक नेता, बाईबर ने की थी, जिसने तब खुद के लिए सत्ता जब्त कर ली थी।

1789- कभी-कभी बेल्जियम राष्ट्रवाद की पहली अभिव्यक्ति के रूप में मानी जाने वाली ब्रेबेंट क्रांति की शुरुआत डच गणराज्य के एक एमीग्रे सेना द्वारा ऑस्ट्रियाई नीदरलैंड के आक्रमण से हुई थी।

1793- फ्रेंच रिपब्लिकन कैलेंडर राष्ट्रीय सम्मेलन द्वारा अपनाया गया।

1855- वान डायमेन के भूमि का आधिकारिक तौर पर तस्मानिया नाम दिया गया।

1856- दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया ने संविधान को मान्यता दी।

1857- संचालन में विश्व के सबसे पुराने एसोसिएशन फुटबॉल क्लबस्टाइल के शेफील्ड एफसी की स्थापना की गई थी।

1861- कैलिफोर्निया के जस्टिस स्टीफन जे फील्ड ने अमेरिकी राष्ट्रपति लिंकन को पहला अंतरमहाद्वीपीय टेलीग्राफ संदेश भेजा।

1901- एक स्कूल शिक्षक, अन्ना एडसन, नियाग्रा फॉल्स पर पहली सफल बैरल सवारी में सुरक्षित रूप से सवारी करता है।

1912- प्रथम बाल्कन युद्ध-सर्बियाई सेनाओं ने वरदार मैसेडोनिया में कुमानोवो की लड़ाई में तुर्क सेना को हराया।

1915- अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क में 25 हजार महिलाओं ने मतदान के अधिकार के लिए प्रदर्शन किया।।

1931- जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज, आज दुनिया का सबसे व्यस्त मोटर वाहन पुल है, जो न्यू यॉर्क सिटी को फोर्ट ली, न्यू जर्सी से जोड़ता है।

1944 द्वितीय विश्व युद्ध-इंपीरियल जापानी युद्ध जहाज मुशी, जो सबसे भारी और सबसे शक्तिशाली सशस्त्र कभी निर्मित था, लेटे गल्फ की लड़ाई में डूब गया था।

1945 चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, ब्रिटेन और अमेरिका ने एक नए और आधिकारिक तौर पर स्थापित संयुक्त राष्ट्र के लिए चार्टर को मंजूरी दी।

1945 संयुक्त राष्ट्र का संविधान, संयुक्त राष्ट्र का संविधान, चीन गणराज्य, फ्रांस, सोवियत संघ, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, और अन्य हस्ताक्षरकर्ताओं के बहुमत द्वारा अनुमोदित होने के बाद लागू हुआ।

1947 पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति ने आज़ाद कश्मीर को पाकिस्तान में स्थापित किया।

1949 न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की आधारशिला रखी गई।

1955 ट्रेन फेरी एमवी एसेक्स फेरी, यूनाइटेड किंगडम के हार्विच में शुरू की गई।

1964 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक टोक्यो में आयोजित किया गया।

1975 बंधुआ मजदूर प्रथा को समाप्त करने के लिए एक अध्यादेश लाया गया और अगले दिन से यह प्रभाव में आ गया।

2004 ब्राजील ने अंतरिक्ष में पहला सफल रॉकेट परीक्षण किया।

2006 कजाखस्तान की सहायता के लिए, यूरोपीय संघ ने घोषणा की कि यह 'शांतिपूर्ण उद्देश्यों' के लिए उन्हें परमाणु ऊर्जा विकसित करने में मदद करेगा।

2007 बेनजीर भुट्टो, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता और राज्य के प्रमुख को देश छोड़ने से मना किया गया है।

## बोल ब्यूटीफुल

**अरुण बोथराः** पटाखों पर नियंत्रण को लेकर अदालतों से लेकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। हमें यह समझना होगा कि जब अधिकांश लोग ही किसी कानून का पालन करने से किनारा करें तो कोई भी कानून प्रवर्तन एजेंसी उसमें कुछ खास नहीं कर सकती। कानून सामाजिक इच्छाशक्ति के सहयोग से ही कारगर होते हैं, किसी जबरन तरीके से नहीं।



**कमलेश सिंहः** भारत के लोकायुक्त कार्यालय ने सात नई बीएमडब्ल्यू कारें खरीदने का फैसला किया है। अब देश में भ्रष्टाचार की खैर नहीं, क्योंकि ये कारें बहुत तेजी से दौड़ने में सक्षम है और वे करप्शन को धर दबोचेंगी।

**विकास सारस्वतः** भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस के सरकारी दावे कुछ और नहीं, बल्कि कोरा मजाक है। यदि इस प्रकार की नीति वास्तव में अपनाई गई होती तो कुछ आइएएस, आइपीएस और अन्य सरकारी बाबुओं के पास करोड़ों रुपए कैसे मिलते है? सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार इसलिए है, क्योंकि हमारे औसत नेता भ्रष्ट है।

# बिहार में भाजपा ने यादव उम्मीदवारों की संख्या घटाई तो जदयू ने मुस्लिमों को कम टिकट दिये, एनडीए की रणनीति में आया दिलचस्प मोड़

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपने उम्मीदवार चयन में एक स्पष्ट रणनीतिक मोड़ लिया है। जहां पिछली बार भाजपा और जद (यू) दोनों दल यादव समुदाय को साधने की कोशिश में लगे थे, वहीं इस बार उन्होंने उस सामाजिक प्रयोग से पीछे हटकर अपने पारंपरिक समर्थन आधार को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया है। भाजपा ने इस बार केवल 6 यादव उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि 2020 में यह संख्या 16 थी। इसी तरह नीतीश कुमार की जद (यू) ने भी यादव प्रत्याशियों की संख्या 18 से घटाकर 8 कर दी है। इसकी बजाय भाजपा ने कई सीटों पर कुशवाहा, निशाद और वैश्य समुदायों को टिकट देकर संकेत दिया है कि पार्टी अब गैर-यादव पिछड़ों और परंपरागत उच्च जातियों पर भरोसा बढ़ा रही है।

इसके अलावा, जद (यू) ने अपने मुस्लिम प्रत्याशियों की संख्या भी 11 से घटाकर केवल 4 कर दी है। यह इस बात का प्रमाण है कि अब वह यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम मतदाता स्थायी रूप से राजद खेमे में जा चुके हैं। नीतीश की पार्टी ने 25 टिकट कुर्मी-कोयरी (कुशवाहा) जातियों को और 22-22 टिकट ऊँची जातियों व अत्यंत पिछड़े वर्गों को दिए हैं।

हम आपको बता दें कि 2014 के बाद से भाजपा ने लगातार प्रयास किया कि वह बिहार में यादव और मुस्लिमों जैसे पारंपरिक रूप से राजद समर्थक वर्गों में सेंध लगाए। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने कई यादव उम्मीदवार उतारकर यह संकेत दिया था कि वह 'लालू के यादव वोट बैंक' को तोड़ने के लिए तैयार है। परंतु वास्तविकता यह है कि यादव समुदाय ने राजद से अपनी निष्ठा नहीं तोड़ी– बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उसने और मजबूती से इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा होना चुना।

यही कारण है कि भाजपा और जद (यू) दोनों ने अब अपने प्रयोगों को सीमित कर दिया है। भाजपा ने स्पष्ट रूप से यह मान लिया है कि 'यादव-मुस्लिम समीकरण' को तोड़ना अब निकट भविष्य में संभव नहीं। इसलिए पार्टी ने अपना ध्यान 'कोर वोट बैंक', यानी उच्च जातियों, गैर-यादव ओबीसी, ईबीसी और अनुसूचित जातियों के भीतर एक मजबूत एकजुटता बनाने पर केंद्रित कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह वही फार्मूला है जिसने भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में बिहार में बड़ी सफलता दिलाई थी। तब एनडीए ने गैर-यादव पिछड़ों और दलितों के बीच जातीय रेखाओं को पार करते हुए 'नरेंद्र मोदी बनाम लालूवाद' का नारा उभारा था। अब वही रणनीति बिहार विधानसभा चुनावों में दोहराई जा रही है– बस अधिक संगठित रूप में। दूसरी ओर, राजद ने भी अपने हिस्से का सबक सीख लिया है। पार्टी को यह एहसास हो गया है कि केवल यादव-मुस्लिम समीकरण, जिसकी नींव लालू प्रसाद यादव ने 1990 के दशक में रखी थी, अब सत्ता वापसी के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए इस बार राजद ने अति पिछड़ों, दलितों और महिलाओं को भी अपने गठबंधन में जगह देने की कोशिश की है।



तेजस्वी यादव का प्रयास है कि वह 'सामाजिक न्याय' की पुरानी अवधारणा को 'नव-समाजवाद' के नए संस्करण में ढालें, यानी आर्थिक असमानता और बेरोजगारी को जातीय सीमाओं से ऊपर उठाकर नया जनाधार बनाएं। परंतु एनडीए का 'सामाजिक संकेंद्रण मॉडल' इस कोशिश के लिए एक सीधी चुनौती है क्योंकि भाजपा और जद (यू) अब उन वर्गों में पैठ बना चुके हैं जो कभी लालू के 'पिछड़ा-आधारित गठबंधन' की आत्मा थे।

उधर, नीतीश कुमार की जद (यू) इस बार अधिक असुरक्षित स्थिति में है। पार्टी ने जब 2022 में एक बार फिर भाजपा के साथ हाथ मिलाया, तब से उसके मुस्लिम वोटर लगभग पूरी तरह छिटक चुके हैं। अब नीतीश का भरोसा अपने जातीय आधार कुर्मी-कोयरी वोट बैंक और भाजपा समर्थक ऊँची जातियों पर है। लेकिन नीतीश के सामने दुविधा यह भी है कि भाजपा की बढ़ती संगठनात्मक ताकत उनके पारंपरिक इलाकों में भी सेंध लगा रही है। ऐसे में जद (यू) के लिए यह चुनाव 'जीत की रणनीति' से अधिक 'अस्तित्व की परीक्षा' बन गया है।

भविष्य का परिदृश्य देखें तो बिहार के इस चुनावी मैदान में दो समानांतर रणनीतियाँ आमने-सामने हैं। पहली है एनडीए की रणनीति। इसके तहत कम दायरे में परंतु मजबूत और अनुशासित वोट बैंक को संगठित किया जा रहा है। दूसरी है राजद- इंडिया गठबंधन की रणनीति। इसके तहत पारंपरिक आधार को बरकरार रखते हुए नए सामाजिक समूहों को जोड़ने का प्रयास चल रहा है। यदि एनडीए का 'कोर वोट बैंक मॉडल' सफल होता है, तो यह बिहार की राजनीति में 'यादव-मुस्लिम एकाधिकार' के दौर का अंत हो सकता है। वहीं अगर राजद का 'विस्तारित गठबंधन' काम कर जाता है, तो यह संदेश जाएगा कि बिहार की राजनीति अब धर्म या जाति की संकीर्ण रेखाओं से बाहर निकलने लगी है।

बिहार का जनादेश किस दिशा में जाएगा? यदि इस सवाल की पड़ताल करें तो उभर कर आता है कि बिहार चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिनिधित्व के नए संतुलन का चुनाव है। भाजपा-जद (यू) गठबंधन की यह रणनीति बताती है कि एनडीए अब प्रयोग नहीं, स्थायित्व चाहता है– चाहे इसके लिए उसे सामाजिक विस्तार का कुछ हिस्सा क्यों न छोड़ना पड़े। यह रणनीति अल्पकालिक रूप से कारगर हो सकती है क्योंकि एनडीए के पास अब भी ऊँची जातियों, गैर-यादव पिछड़ों और दलित वर्गों का ठोस समर्थन है। परंतु दीर्घकाल में यह मॉडल तभी टिकेगा जब इन वर्गों की आकांक्षाएँ केवल जातीय संतुलन नहीं, बल्कि विकास और रोजगार की ठोस उपलब्धियों से जुड़ सकें।

बहरहाल, बिहार की राजनीति इस बार जातीय गणित से ज्यादा रणनीतिक मनोविज्ञान पर निर्भर करेगी। एनडीए का नारा है– 'स्थिरता और सुशासन', जबकि राजद का नारा है– 'न्याय और अवसर।' अब देखना यह है कि बिहार की जनता किस वादे को अधिक विश्वसनीय मानती है– स्थायित्व का वादा या परिवर्तन का सपना।

सरकार ने आम जनता की सुविधा के लिए उठाए कदम, ऑनलाइन बुकिंग के साथ-साथ कमरा नम्बर भी मोबाइल या ई-मेल पर उपलब्ध

# पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह की बुकिंग होगी ऑनलाइन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** प्रदेश की जनता की सुविधा के लिए सरकार ने सराहनीय कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग के सभी विश्राम गृहों की बुकिंग को न केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा सुनिश्चित किया है बल्कि यह भी तय किया है कि कमरों की बुकिंग के साथ-साथ कमरा नम्बर भी तुरन्त लोगों को उनके मोबाइल या ई-मेल पर उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि पहले आम जनता के लिए लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृहों की बुकिंग आसानी से नहीं प्राप्त होती थी। वर्तमान सरकार ने यह निर्णय लिया कि सभी विश्राम गृहों की बुकिंग ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी, ताकि आम जनता इस सुविधा से लाभान्वित हो सके।

पूर्व में विश्राम गृहों की बुकिंग केवल ऑफलाइन होती थी, लेकिन जून 2025 से सभी विश्राम गृहों की बुकिंग ऑनलाइन कर दी गई। इससे न केवल पारदर्शिता और जवाबदेही ब?ी है, बल्कि राजस्व में भी ब?ोतरी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम ''व्यवस्था परिवर्तन'' की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में सभी छोटे और ब? कार्यालय डिजिटल हों ताकि लोगों को घर-द्वार पर ही सभी सुविधाएं मिल सकें।

लोक निर्माण विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि जून, 2025 से 10 अक्टूबर तक विश्राम गृहों की ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से दो करो? रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि इसी दौरान प्रदेश प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहा था।

उन्होंने कहा कि अब बुकिंग ''पहले आओ, पहले पाओ'' के आधार पर हो रही है और तुरंत इसकी पुष्टि की जाती है। इस वर्ष जून माह से अब तक प्रतिदिन 276 विश्राम गृहों और 1000 से अधिक कमरों की बुकिंग ऑनलाइन माध्यम से हुई है। बुकिंग के लिए 50 प्रतिशत अग्रिम राशि ली जाती है, जिसके तहत हिमाचली नागरिकों के लिए 250 रुपये तथा गैर-हिमाचली के लिए 500 रुपये अग्रिम भुगतान का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस पहल से विश्राम गृहों की बुकिंग में इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर विश्राम गृह के कमरे पहले औसतन 62 प्रतिशत तक भरे रहते थे और यह प्रतिशतता अब ऑनलाइन सुविधा शुरू होने से 85 प्रतिशत तक ब? चुकी है। इसी प्रकार, तारा देवी विश्राम गृह की बुकिंग औसतन 30 प्रतिशत से ब?कर 50 प्रतिशत, धर्मशाला विश्राम गृह की बुकिंग औसतन 50 प्रतिशत से ब?कर 75 प्रतिशत तथा घुमारवीं विश्राम गृह की बुकिंग औसतन 30 प्रतिशत से ब?कर 66 प्रतिशत हो गई है।

अभिषेक जैन ने बताया कि वे स्वयं विश्राम गृहों का दौरा कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इनका सही तरीके से रख-रखाव हो और आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन भी नियमित रूप से उपलब्ध हो।

## प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करने में तेजी लाने के निर्देश



मुख्यमंत्री ने एशियन विकास बैंक और पर्यटन विकास बोर्ड परियोजनाओं के लिए नक्शे तैयार करने के लिए पेशेवर आर्किटेक्ट्स की सूची तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे दस दिनों के भीतर विज्ञापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करने में तेजी लाई जाए तथा इस प्रक्रिया को अधिक सरल बनाया जाए। उन्होंने पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद के प्रस्तावित नियमों में बदलाव करने का सुझाव भी दिया, जिस पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निर्माणाधीन होटलों पर भी पर्यटन निवेश प्रोत्साहन परिषद के नियमों के तहत विचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की घाटे में चल रही इकाइयों के संचालन और रख-रखाव की प्रक्रिया में ते?ी लाने के निर्देश दिए ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सके। बैठक में मुख्य सचिव संजय गुप्ता, प्रधान सचिव देवेश कुमार, पर्यटन निदेशक विवेक भाटिया, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री 24 को बड़सर में करेंगे करोड़ों के उद्घाटन-शिलान्यास

**हमीरपुर 23 अक्तूबर (शिल्पा शर्मा)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 24 अक्तूबर को ब?सर का दौरा करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 24 अक्तूबर को सुबह करीब 11:25 बजे बुंबलू पहुंचेंगे और हैलीपैड का विधिवत उदघाटन करेंगे। इसके तुरंत बाद वह ब?सर के लिए रवाना होंगे। बड़सर में वह नवनिर्मित मिनी सचिवालय का उदघाटन करेंगे। यहीं पर ही वह स्वास्थ्य उपकेंद्र बणी के भवन का उदघाटन और मान खड्ड पर बनने वाले चैक डैम तथा धनेटा-ब?सर स?क के सुदृ?ीकरण कार्य का शिलान्यास भी करेंगे। मिनी सचिवालय परिसर में ही मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर बाद बुंबलू हैलीपैड से शिमला लौट जाएंगे।



## गड़सा घाटी में आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 23 अक्तूबर।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने आज गड़सा घाटी के केंद्र गड़सा में आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाक़ात की और राहत सामग्री वितरित की।

इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार की सुस्त कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक मकानों को हुए नुक़सान का सही आकलन नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि वे सरकार से विशेष आपदा राहत पैकेज के तहत उचित मुआवज़ा दिलाने के लिए ठोस पहल करें।विधायक शौरी ने कहा कि अब भी कई गाँवों में आपदा से क्षतिग्रस्त मकानों का सही मूल्यांकन नहीं हुआ है। कई ऐसे घर, जो पूरी तरह रहने योग्य नहीं हैं, उन्हें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घोषित कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण सुरक्षा कारणों से उन मकानों को पहले ही खाली कर चुके हैं।उन्होंने कहा कि कुल्लू ज़िला के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज की अधिसूचना न होने से प्रभावित परिवार असमंजस की स्थिति में हैं। राहत मुआवज़े को लेकर सरकार ने अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं की है, जिससे जनता में असंतोष व्याप्त है।

विधायक शौरी ने माँग की कि सरकार को राहत वितरण के मापदंडों और प्रक्रिया पर स्पष्ट नीति बनाकर अधिसूचना जारी करनी चाहिए, ताकि प्रभावित परिवार अपने पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम उठा सकें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक राहत पर्याप्त नहीं, बल्कि वास्तविक क्षति के आधार पर न्यायसंगत मुआवज़ा दिया जाना आवश्यक है।

## चिटकारा यूनिवर्सिटी में लगा एनसीसी कैंप, अनुशासन और एकता पर जोर

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** फर्स्ट एचपी एनसीसी बॉयज बटालियन सोलन की ओर से बद्दी स्थित चिटकारा यूनिवर्सिटी में 10 दिवसीय एनसीसी कैंप चल रहा है। फर्स्ट एचपी एनसीसी बॉयज बटालियन सोलन कर्नल राजीव थॉमस के नेतृत्व मैं चल रहे कैम्प में कुल 400 कैडेट्स, 5 जेसीओ, 13 एनसीओ, 3 ईएसएम, 7 सिविल स्टाफ, 4 एएनओ, तथा 3 आरडीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

अपने संबोधन में कर्नल राजीव थॉमस ने कैडेट्स का स्वागत करते हुए उन्हें एकता, अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनसीसी न केवल युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करती है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की भावना भी उत्पन्न करती है।

यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विभिन्न गतिविधियों, परेड अभ्यास, व्यक्तित्व विकास सत्रों और देशभक्ति से जुड़ी कार्यशालाओं के माध्यम से कैडेट्स के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगा। कैंप के एडम एडमिन ऑफिसर ए.एस. सिद्दू (एस.एम.) और सुबेदार मेजर सुनील कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव 14 से 16 नवंबर तक होगा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 23 अक्तूबर।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 26 से 28 सितम्बर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन मोहा, बल्कि इसे प्रदेश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कैलेंडर में एक विशिष्ट पहचान भी दिलाई। महोत्सव ने आस्था और लोक-संस्कृति के समन्वय से एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव आस्था, संस्कृति और समृद्धि का अद्वितीय संगम बनकर उभरा है। इस दौरान आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक संध्याएं, लोक-कलाओं की प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं और जनसहभागिता कार्यक्रम हिमाचल की जीवंत लोक-संस्कृति को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि ऊना जिला प्रशासन महोत्सव की तैयारियों में पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है। सभी विभागों की टीमें गठित की जा चुकी हैं और आवश्यक कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि आयोजन न केवल सुव्यवस्थित हो, बल्कि प्रत्येक आगंतुक के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हो। वहीं, श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## फोक मीडिया दलों ने सुरक्षित भवन निर्माण पर ग्रामीण किए जागरूक, भवन निर्माण संबंधी तकनीकों से करवाया अवगत

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकारण ऊना के समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत वीरवार को आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने बस अड्डा चिंतपूर्णी और भंजाल में लोगों को भूकंप सुरिक्षत भवन निर्माण को लेकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति के नुकसान को कम के लिए भूकंपरोधी मकान बनाने की विभिन्न तकनीकों बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। ऐसे सुरक्षित भवनों का निर्माण करना बेहतद जरूरी है जोकि आपदा के दौरान सुरक्षित रहें और नुकसान को कम किया जा सके।

उन्होंने बताया कि आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए तकनीक का इस्तेमाल बेहद आवश्यक है। भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकम्प से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। सुरक्षित भवन निर्माण में उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृ?ीकरण, उद्धघाटनों के जांब्स में ख?ी सुदृ?ीकरण, पिलर निर्माण, पायलिंग के तरीके, कंक्रीट के मानक और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे जागरूक किया।

**आगामी कार्यक्रमों का शेडयूल :** इसी कड़ी में समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत 24 अक्तूबर को अंब और नैहरियां, 25 को गगरेट और शिवबा?ी, 26 अक्तूबर को कुनेरन और ओईल में आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों द्वारा नुक्क? नाटकों के जरिए लोगों को भूकपं सुरक्षित भवन निर्माण के साथ-साथ आपदा जोखिमों और उपायों बारे जागरूक किया जाएगा।

## रोहित ठाकुर 27 अक्तूबर को सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 27 अक्तूबर, 2025 को सोलन जिला के प्रवास पर आ रहे हैं।

रोहित ठाकुर 27 अक्तूबर, 2025 को प्रातः 10.30 बजे राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सोलन में आयोजित होने वाली हिमाचल अंडर-19 स्कूल स्टेट माइनर गेम्स-2025 (कुराश, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो और ठोडा) के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यातिथि होंगे।

## नशे पर लगाम : ऊना में चिट्टा बरामदगी, झगड़े के दो मामलों में मुकदमे दर्ज

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला ऊना पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थों की बरामदगी, झगड़े और सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान के मामलों में कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ऊना ने बताया कि सभी मामलों में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अंब थाना में चिट्टा बरामद

थाना अंब पुलिस ने बुधवार शाम मुबारिकपुर स्थित वर्षा शालिका में बैठे एक व्यक्ति सूरज शर्मा पुत्र कपिल शर्मा निवासी कृष्णा नगर, हमीरपुर से 3.67 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) बरामद किया। पुलिस ने ह्ष्ठक्कस् एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**चिंतपूर्णी थाना की कार्रवाई :** इसी प्रकार थाना चिंतपूर्णी पुलिस ने देर रात शिव मंदिर भरवाई के पास से 3.35 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान नीरज शर्मा पुत्र मदन लाल निवासी सासन रैन्थल, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ ह्ष्ठक्कस् एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**गगरेट में भाइयों पर हमला, मामला दर्ज :** गांव जोह निवासी सुरेंद्र कुमार ने शिकायत दी कि रास्ता रोकने को लेकर पड़ोसी दविंद्र कुमार और राजेंद्र कुमार ने उसके व उसके भाई जतिंद्र कुमार के साथ डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दोनों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**सदर ऊना में दो पक्षों में विवाद, दोनों ओर से केस दर्ज :** गांव नारी धंधियाला में विश्वकर्मा मंदिर कमेटी को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। पहले मामले में शिकायतकर्ता राजेश चंद ने बताया कि मंदिर कमेटी विवाद को लेकर गणेश कुमार, कृष्ण कुमार, सोनिया, अर्पित, गोविंद और मनीष समेत छह लोगों ने उसके परिवार पर हमला किया।

वहीं, दूसरे पक्ष गणेश कुमार ने भी राजेश चंद और उसके परिवार के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई कि उसके बेटे अर्पित को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की गई और बाद में दोनों परिवारों के बीच मारपीट हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने ब्न्हृस् की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर चालान :** इसके अलावा जिला पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले चार व्यक्तियों के चालान काटकर ?400 का जुर्माना वसूला है। पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान जारी है और सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बघाट बैंक लोन मामला : 2.10 करोड़ की देनदारी मामले में खेम लाल गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** कोर्ट ऑफ कलेक्टर कम सहायक रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव सोसायटीज सोलन ने खेम लाल पुत्र श्री कमान लाल निवासी सपरून गुरुद्वारा पॉवर हाउस रोड सोलन पार्टनर मैसर्स रॉयल एसोसिएट्स के विरूद्ध 75( ) ऑफ द लैंड रेवेन्यू एक्ट 1954 के तहत गिरफतारी वारन्ट जारी किया गया था। इसके अनुसार खेम लाल द्वारा बघाट बैंक सोलन से व्यापारिक उदेश्य के लिए ऋृण लिया था, परन्तु वह उक्त ऋृण को तय सीमा के भीतर वापिस करने में नाकाम रहा जिस पर उसे बघाट बैंक सोलन द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था जिसकी ब्याज सहित कुल देनदारी 2,10,65,893/ रू0 बनती है ढ्ढ उक्त देनदारी को न चुकाने पर खेम लाल के विरुद्ध सह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन कोर्ट में लोन रिकवरी का मामला में चल रहा है तथा खेम लाल को उक्त कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे परन्तु यह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था जिस पर सह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन द्वारा इसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जिसकी अनुपालना करते हुए आज उक्त मामले में संलिप्त आरोपी/ डिफॉल्टर *खेम लाल पुत्र श्री कमन लाल निवासी सपरून गुरुद्वारा पॉवर हाउस रोड सोलन तह0 व जिला सोलन हि0प्र0* को पुलिस चौकी सपरून सोलन की टीम द्वारा गिरफतार किया गया जिसे सहायक पंजीयक सभायें सोलन के कोर्ट में पेश किया जा रहा है ढ्ढ

राजनीति

नेता प्रतिपक्ष के सवाल- क्या अधिकारियों के सामने बेबस है सरकार या फिर आंखों में धूल झोंकने की हो रही है कोशिश

## पंचायत चुनाव के नाम पर मुख्यमंत्री समेत पूरी सरकार कर रही प्रदेश को गुमराह : जयराम

बिना आरक्षण रोस्टर जारी किए कैसे समय पर संपन्न होंगे पंचायत के चुनाव

पंचायत चुनाव समय पर नहीं करवाना है तो अपनी नाकामी स्वीकारे सरकार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत के चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री और सरकार के नेता प्रदेश को लोगों और सभी हित धारकों को गुमराह कर रहे हैं। अगर सरकार कह रही है कि चुनाव निर्धारित समय पर होंगे तो अब तक रोस्टर जारी हो जाना चाहिए था और बाकी प्रक्रिया भी शुरू हो जानी चाहिए थी। हाई कोर्ट के स्पष्ट आदेश है कि पंचायत और नगर निकाय के चुनावों में आरक्षण रोस्टर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के कम से कम 90 दिन पहले जारी किए जाएं जिससे लोगों की आपत्तियों की भी सम्बंधित जगहों पर सुनवाई हो सके। 25 सितंबर तक आरक्षण रोस्टर आ जाता तो चुनाव के निर्धारित समय पर शुरू होने की संभावना होती लेकिन सरकार की तरफ से जितनी भी प्रक्रिया अब तक सामने आई है सब की सब चुनाव टालने की प्रक्रिया ही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में जिलों के जिला उपायुक्तों ने हाई कोर्ट के आदेशों के बाद भी अब तक आरक्षण रोस्टर जारी नहीं किया है। इस बाबत 15 सितंबर को पंचायती राज के सेक्रेटरी द्वारा सभी जिला के डीसी को आरक्षण रोस्टर 25 सितंबर तक जारी करने के लिए पत्र लिखा गया था।

बदले में एक और में सभी जिला के डीसी ने सरकार को चुनाव टालने हेतु पत्र लिखा और उस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए चीफ सेक्रेटरी ने चुनाव टालने से जुड़ा पत्र जारी कर दिया। जब विपक्ष ने सवाल उठाया तो मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री ने कहा कि चुनाव समय पर होंगे? अब पूरा प्रदेश यह जानना चाहता है कि जब आरक्षण रोस्टर ही समय से नहीं आएगा तो समय पर चुनाव कैसे होंगे? क्या हिमाचल प्रदेश सरकार ÷मनीष धर्मेक बनाम हिमाचल स्टेट÷ केस के माननीय उच्च न्यायालय के फैसले की और अवमानना करेगी? जिसमें कोर्ट द्वारा पंचायत और नगर निकाय चुनाव के लिए आरक्षण रोस्टर ÷कमेंसमेंट ऑफ इलेक्शन प्रोसेस÷ से 90 दिन पहले लगाने के आदेश दिए थे। इस केस में कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि चुनाव प्रक्रिया होने से कम से कम तीन महीने पहले ही आरक्षण रोस्टर लगाया जाए जिससे किसी व्यक्ति को यदि आरक्षण रोस्टर पर आपत्ति हो और वह उसे न्यायायल में चुनौती देना चाहे तो चुनौती दे सके। इससे संबंधित व्यक्ति आरक्षण रोस्टर के खिलाफ अदालत में अपील कर सकेगा और कोर्ट को भी आरक्षण रोस्टर पर मिलने वाली अपील के निपटारे के लिए वक्त मिलेगा। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार अधिकारियों के सामने बेबस है या फिर नेपथ्य से कोई और ही खेल खेल रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा झूठ बोलने की कला में माहिर मुख्यमंत्री झूठ बोलकर प्रदेश के लोगों को गुमराह करने की बजाय सच बताएं और यदि उन्हें चुनाव करवाना है तो समय पर चुनाव करवाए नहीं तो प्रदेश के लोगों के सामने अपनी नाकामी स्वीकार करें। विपक्ष पर इधर-उधर के आरोप लगाना बंद करें। वर्तमान स्थिति से स्पष्ट है कि आरक्षण रोस्टर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के 3 महीने पहले जारी करना अनिवार्य है क्योंकि यह माननीय न्यायालय का आदेश है। अभी तक सरकार आरक्षण रोस्टर जारी नहीं कर पाई है। चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के बजाय पूरा सरकारी तंत्र चुनाव रोकने में मशगूल है। नगर निगम का चुनाव रोकने के लिए तो सरकार द्वारा पहले अध्यादेश लाया गया था फिर विधानसभा में कानून बनाकर संविधान की धज्जियां उड़ाने की कोशिश की गई थी।

## बसाल पुली से मनोहर मार्किट रोड भारी वाहनों के लिए बंद

**ऊना (रोहित शर्मा)।** बसाल पुली से मनोहर मार्किट स?क (0/000 से 3/750 किलोमीटर) 24 अक्तूबर से 7 नवम्बर तक भारी वाहनों के लिए पूर्णतः बंद रहेगी। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक स?क मार्ग ऊना-टक्का-धमांदरी( 0/000 से 9/225) और कुरयाला-झले?ा-डंगेह?ा रोड पर मोड़ा गया है।

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 व 116 के तहत आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क के अपग्रेडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित और सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स?क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।


HIMACHAL PRADESH
JAL SHAKTI VIBHAAG
NOTICE INVITING TENDERS

The Executive Engineer JSV Division Jubbal invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through e-tendering process :-

| Sr No. | Name of Work | Est Cost (in Rs) | EMD (in Rs) | Time | Last date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A/R & M/O LIS for horticulture land of various panchayats under Tehsil Rohru, Jubbal & Kotkhai Distt. Shimla (H.P) (SH: Jacketing of storage tank of 50000 ltrs cap = 3 No.). | 3,33,330 | 6700 | 6700 | **Last date of uploading tenders :-** 11:00 AM of 03/11/2025 **Date of opening of tenders :- On dated** 03/11/2025 (11.30 AM) onwards |
| 2. | A/R & M/O LWSS Saraswati Nagar in G.P Saraswati Nagar in Tehsil Jubbal Distt. Shimla (H.P) (SH: Repair of various schemes under JSV Sub Division Saraswati nagar due to heavy rainfall). | 2,30,656 | 4650 | 3M | |
| 3. | A/R & M/O LWSS Sari in G.P Sari Tehsil Jubbal Distt. Shimla HP (SH: Supplying and fixing of sluice valve and NRV for stage1st and 2nd) | 2,37,733 | 4800 | 1 M | |
| 4. | R/R of sewerage System to Hatkoti in GP Sarawati Nagar in Tehsil Jubbal Distt Shimla H.P (SH: C/O stairs, Railing, Fixing of mosquito wire mesh & Glass panes, c/o middle partition wall in areation tank and repair of areation tank and clarifloculator. | 6,91,956 | 14000 | 3M | |

HIM SOOCHNA EVAM JANSAMPARK
No. 3945-54 dated 18/10/2025
RO. No. 3909_2025-2026

## स्टूडेंट्स को मिलेगा डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना का लाभ

**पंचकूला।** उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तक है। योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतू जाति तथा टपरीवास जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए 31 जनवरी 2026 तक आवेदन पत्र पोर्टल पर ऑनलाइन कर सकते हैं जिला कल्याण अधिकारी विशाल बंसल ने बताया कि आवेदन करने वाले प्रार्थी की वार्षिक पारिवारिक आय 4 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र छात्र व छात्राओं का शैक्षणिक स्तर उंचा उठाने तथा उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करने के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स में 8000 रुपए से 12000 रूपए तक प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा उसने अगली कक्षा में प्रवेश लिया हो।

### घर पर क्राइम सीन की हुई जांच, जांच में शामिल नहीं हुए मोहम्मद मुस्तफा


# अकील मर्डर केस सीबीआई को सौंपने की तैयारी, सरकार ने भेजा लेटर

**अब पटियाला के डी-एडिक्शन सेंटर से मेडिकल रिपोर्ट लेगी पुलिस**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंजाब के पूर्व डीजीपी (मानवाधिकार) मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की मौत का मामला दिन-ब-दिन उलझता जा रहा है। हरियाणा सरकार ने इस मामले को सीबीआई को सौंपने की तैयारी कर ली है।

सरकार की ओर से सीबीआई को मामले की जांच को लेकर एजेंसी की मंजूरी के लिए लेटर लिखा गया है। उधर, अकील की मौत के चार दिन बीत जाने के बाद





भी पुलिस गुरुवार को मृतक के उस मोबाइल को बरामद नहीं कर सकी, जिससे अकील की दो वीडियो वायरल हुए थे। हालांकि, पुलिस ने घर पर जाकर क्राइम सीन की जांच की। इस बीच वहां मोहम्मद मुस्तफा या परिवार का कोई सदस्य नहीं था। पुलिस ने घर से अकील के मेडिकल से जुड़े कुछ दस्तावेज बरामद किए। एसआईटी ने इस दौरान मौके पर मौजूद स्टाफ से भी पूछताछ की।

हत्या का केस दर्ज होने के बाद पुलिस के समन के बावजूद मोहम्मद मुस्तफा अभी तक जांच में शामिल नहीं हुए, जिसके चलते उन्हें फिर समन भेजा जाएगा।

### पटियाला के डी-एडिक्शन पहुंची पुलिस

एसआईटी की जांच में घर से मिले मेडिकल फाइलों में पटियाला स्थित डी-एडिक्शन सेंटर के बारे में पता लगा। इसके बाद पटियाला स्थित डी-एडिक्शन सेंटर से उसकी मेडिकल रिपोर्ट हासिल की जाएगी। जांच में यह भी सामने आया कि अकील को परिवार की ओर से पटियाला के इस सेंटर में दाखिल करवाया गया था। इस रिपोर्ट से पता लगाया जाएगा कि क्या अकील की कोई नशे से संबंधित कोई मेडिकल हिस्ट्री है या नहीं। गौरतलब है कि प्राइमरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी दायीं बाजू पर एक टीके का निशान भी मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि अकील को जहरीला इंजेक्शन दिया गया था या सिरिंज लेने के बाद ओवरडोज की वजह से अकील की मौत हुई थी।

एसआईटी के प्रमुख ने मीडिया को बताया कि मोहम्मद मुस्तफा को वीरवार को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा गया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए, जिसके बाद अकील के पिता मोहम्मद मुस्तफा समेत, पत्नी रजिया सुल्ताना, पत्नी और बहन को फिर से समन भेज कर जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता शमशुद्दीन चौधरी ने आकर मामले से जुड़े कुछ और सबूत सौंपे हैं, जिनकी जांच की जाएगी।

## सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला

**दुर्घटना के बाद ट्रक छोड़कर फरार हुआ आरोपी ट्रक चालक**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पिंजौर के म?ावाला में मंगलवार शाम को पीएनबी बैंक से सटे शिव मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 32 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मृतक की पत्नी नीतू के अनुसार, उत्तर प्रदेश के इटावा जलि के निवासी और वर्तमान में पिंजौर के मडावाला स्थित बिहारी कॉलोनी में रहने वाले विजय सिंह रात लगभग 8-30 बजे सब्जी खरीदने के लिए बाहर गए थे, तभी यह हादसा हुआ।

कुछ ही मिनटों में एक पड़ोसी ने उन्हें घटना की सूचना दी। जब वह घटनास्थल पर पहुंची, तो उन्होंने अपने पति को एक ट्रक के अगले टायर (कंडक्टर साइड) के नीचे बेहोश पड़ा पाया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें बताया कि विजय सिंह सड़क किनारे खड़े थे, तभी बरोटीवाला से मडावाला चौक की ओर आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

नीतू ने पड़ोसियों की मदद से अपने पति को पहले नानकपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें कालका अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक विजय फार्मा कंपनी में मशीन ऑपरेटर था।

वह अपने पीछे 4 साल की बेटी और 2 साल का बेटा छोड़ गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में ले लिया। अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 281 और 106(1) के तहत पिंजौर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है।

## मंदिर के ताले तोड़कर 25 हजार की नकदी लेकर फरार हुए चोर

**रामगढ़ के शिव मंदिर में देररात दो चोरों ने दिया वारदात को अंजाम**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिले में दिवाली की दो दिन चली धूम धड़ाका बुधवार रात को बंद होते ही चोरों ने रामगढ़ के शिव मंदिर में सेंध लगा दी। देर रात दो चोरों ने मंदिर के ताले तोड़े और करीब 25 हजार रूपए चोरी करने के बाद फरार हो गए।

पुलिस को मंदिरों से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी हाथ लगी है, जिसमें एक चोर मंदिर की सीढि?ों में सिर झुकाए माथा टेक रहा है। फुटेज में दिखाई दे रहे चोरों के चेहरों के जरिए पुलिस रिकार्ड तलाश रही है ताकि आरोपियों की जल्द पहचान



होने के बाद गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस जयसिंहपुरा के मंदिर में भी छानबीन कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने रामगढ़, जयसिंहपुरा व किशनगढ़ के मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

रामगढ़ निवासी कृष्ण ने बताया कि वह शिव मंदिर कमेटी का सदस्य है। गांव की कुछ महिलाएं मंदिर में गई तो उन्होंने देखा कि मंदिर में रखे गल्ले को तोड?र कर उसमें से 20-25 हजार रूपए चोरी कर लिए। चोरों ने मंदिर में लगे कैमरों को भी तोड़ दिया। चोरी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

### वारदात सीसीटीवी में कैद

रामगढ़ के मंदिर की सामने आई सीसीटीवी फुटेज में दो चोर मंदिर में दाखिल होकर सेफ को तोड़ते नजर आ रहे हैं। एक चोर का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। इसके बाद चोर कैमरों में झांकते नजर आए और सेफ को तोड़ने के लिए अपने हाथ में लोहे की रॉड लिए दिखाई दिए। पुलिस अब इन फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मंदिर में हुई चोरी का केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी।

## ट्यूबवेल की बिजली गुल, पोल लगाने की मांग का मौके पर हुआ समाधान

**उपायुक्त ने जिला के लोगों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याएं रखकर समाधान करवाने की अपील**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला प्रशासन की तरफ से समाधान शिविर के दौरान आई शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया जा रहा है। उपायुक्त सतपाल शर्मा वीरवार को गांव बढ़ौना के राजबीर की ट्यूबवेल की बिजली चालू व गिरे बिजली के पोल लगाने की मांग पर कारवाई करते हुए एसडीएम चंद्रकांत कटारिया को मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त लघु सचिवालय के सभागार में सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उपायुक्त ने शिविर में 8 लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मानिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, जिला विकास एव पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, तहसीलदार सुरेश कुमार, जिला वन अधिकारी, जिला बागवानी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिंचाई, नगर निगम, नगर परिषद, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## दृष्टि आई हॉस्पिटल ने नेत्र देखभाल में उत्कृष्टता के 30 वर्ष पूरे किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 22 अक्टूबर।** दृष्टि आई हॉस्पिटल ने अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाई, जिसमें पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल वी.पी. मलिक (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हॉस्पिटल की सेवाओं की सराहना करते हुए जनरल मलिक ने कहा, ÷दृष्टि ने न केवल दृष्टि, बल्कि हजारों लोगों को आशा और गरिमा भी लौटाई है।

इस कार्यक्रम में अस्पताल के स्टाफ को सम्मानित किया गया, तीन दशकों की नेत्र चिकित्सा में उत्कृष्ट सेवाओं को रेखांकित किया गया, और सभी के लिए सुलभ व उन्नत उपचार सुनिश्चित करने की दृष्टि की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

डॉ. अशोक गुप्ता, चेयरमैन एवं चीफ आई सर्जन, ने कहा- दृष्टि




आई हॉस्पिटल में हम नैतिकता और पारदर्शिता के साथ चिकित्सा सेवा देने में विश्वास करते हैं, जहाँ हर मरीज का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और पारदर्शी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करते हैं कि हर मरीज को विश्वास और करुणा के साथ सर्वोत्तम उपचार मिले।

डॉ. अर्जुन गुप्ता, मेडिकल डायरेक्टर, ने यह वचन दिया कि वे नवीनतम तकनीकों को अपनाते हुए, नैतिक चिकित्सा प्रथाओं का पालन करते हुए, प्रत्येक मरीज की सेवा सहानुभूति और सम्मान के साथ करते रहेंगे।हमारा लक्ष्य है कि जो भी मरीज अस्पताल में प्रवेश करे, वह स्वस्थ आँखों के साथ एक मुस्कान लेकर वापस जाए।

## श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज की भजन संध्या 24 अक्टूबर को

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट पंचकूला के तत्वाधान में एक शाम मेहंदीपुर बाला जी के नाम आयोजित की जाएगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश बंसल ने बताया कि शुक्रवार 24 अक्टूबर को श्री हनुमान जी महाराज की भजन संध्या आयोजित होने जा रही है। यह भजन संध्या पंचकूला के सेक्टर 20 स्थित नए बने महाराज अग्रसेन भवन में होगी। उन्होंने बताया कि श्री मेंहदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट पंचकूला द्वारा यह छटी विशाल भजन संध्या है। इसमें ज्योति ट्राइसिटी के जाने माने समाजसेवी सत्यभागवान सिंगला मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

दिनेश बंसल ने जानकारी में बताया कि इस भजन संध्या में जाने माने भजन प्रवाहक शोभित रोहिल्ला



के साथ साथ अन्य प्रख्यात भजन गायक बालाजी महाराज के भजनों का गुणगान कर उपस्थित भक्तजनों, श्रद्धालुओं को आनंदित करने का प्रयास करेंगे। भजन संध्या के दौरान सिंदूरी हनुमान जी की झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस भजन संध्या की सफलता को लेकर ट्रस्ट का प्रत्येक सदस्य कार्यों में जुटा हुआ है। इस संदर्भ पंचकूला के जाने माने समाजसेवीयों, संतों, प्रख्यात हस्तियों को निमंत्रण पत्र दिए गए हैं। सभी सदस्य फोन द्वारा भी ज्यादातर लोगों, भक्तजनों को आमंत्रण दे रहे हैं।

इस संदर्भ में प्रख्यात संत विकास दास महाराज, मुख्य अतिथि सत्य भगवान सिंगला, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, मेयर कुलभूषण गोयल, पंचकूला अग्रवाल सभा के कन्वीनर अमित जिंदल, पंचकूला की सभी सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं समेत अनेकों भक्तजनों, श्रद्धालुओं को निमंत्रण पत्र दिए गए हैं।

हनुमान जी की इस भव्य विशाल भजन संध्या में प्रसाद के तौर पर लड्डू, फल, जूस आदि वितरित किए जायेंगे। इस अवसर पर दिनेश गुप्ता, पवन कुमार बंसल, अशोक अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, सीए नरेश सिंगला, सिद्धार्थ बंसल, सतीश मंगला, रमन सिंगला, सीए अरुण कुमार, कर्ण गर्ग, कुलदीप गुप्ता, विजय अग्रवाल, युवराज गोयल, अमित वधवा, नरेश मित्तल, हेमंत जिंदल, पवन बंसल, नरेश शर्मा, सुधीर दयाल, नवीन गर्ग आदि ट्रस्टी मौजूद रहे।

## सरकार बेरोजगार युवाओं को भ्रम में रखना चाहती है : ओपी सिहाग

**असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी की गलत तरीके से की जाने वाली भर्ती प्रक्रिया पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने की रद्द**

अर्थ प्रकाश/ सुनील सिंघई

**पंचकूला।** जननायक जनता पार्टी पंचकूला के जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा है कि आज प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है तथा प्रदेश सरकार जानबूझ कर बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने में टाल-मटोल का रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2025 में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन ने सरकार के प्रोसिक्यूसन विभाग में असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के 255 रिक्त पदों की भर्ती के लिए आवेदन मांग कर भर्ती प्रकिया शुरू की थी। सिहाग ने कहा कि इस प्रकिया के



अंतर्गत पहले स्क्रीनिंग टेस्ट की डेट फिक्स की गई तथा जो पेपर देने के लिए मापदंड तैयार किया गया उसमे लीगल एवं कानून से जुड़े सिलेबस की बजाय जनरल साइंस, हिस्ट्री, जियोग्राफी , बेसिक गणित को तरजीह दी गई। जो कि बिल्कुल ही गलत थी।

जजपा जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया को कुछ प्रभावित उम्मीदवारों ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चैलेंज कर दिया। इस केस की सुनवाई कर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के विद्वान जज जस्टिस संदीप मौदगिल ने सरकार तथा हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन पर तल्ख टिप्पणी करते हुए इस पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया। अपने 36 पेज के फैसले में न्यायाधीश ने कहा कि हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन ने सहायक जिला न्यायवादी के जो 255 रिक्त पदों की भर्ती हेतू जो स्क्रीनिंग टेस्ट लेने बारे मापदंड बनाया है वो बिल्कुल अनुचित है क्योंकि इसमे लीगल मामलों से जुड़ा सिलेबस बहुत कम है तथा अन्य विषयो जैसे जनरल साइंस , गणित,हिस्ट्री , जियोग्राफी का सिलेबस ज्यादा है , जिसका लीगल मामलों से संबंधित भर्ती मे कोई ज्यादा लेना देना नहीं होता। कोर्ट का यह भी मानना था कि ये किसी को फेवर करने का मामला हो सकता है जो कि न्याय के बिल्कुल खिलाफ है। जस्टिस संदीप मौदगिल ने इस पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के आदेश देकर कहा कि पुनः नियमो अनुसार भर्ती प्रकिया शुरू की जाए जिसमें पूरी भर्ती प्रक्रिया बिल्कुल पारदर्शी होनी चाहिए।

जजपा जिला अध्यक्ष सिहाग ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सरकार के कर्णधारों को इल्म नहीं की सहायक जिला न्यायावादी के पदों की योग्यता क्या है तथा किस तरह के प्रश्न परीक्षा हेतू पूछे जाने हैं परंतु इन लोगों ने जानबूझ कर इस मामले को कोर्टो में लटकाने के लिए ऐसा कदम उठाया है । सिहाग ने कहा कि आज प्रदेश के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं पर सरकार की नीयत उन पदों को नियमानुसार भरने की नहीं है। आज प्रदेश सरकार चोर दरवाजे से कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अपने चहेते लोगों को मेरिट एवं आरक्षण को घत्ता बताकर भर्ती कर रही है जो प्रदेश के होनहार एवं मेरिटोरीयस युवाओ के साथ धोखा है।

## नशा सेवन करने मामले में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** थाना जीरकपुर पुलिस ने साहिल कुमार और मोहित कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जानकारी हेड कॉन्स्टेबल कुलदीप सिंह ने दी।

पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर को शाम लगभग 5-20 बजे, रविंद्र एनक्लेव फेस-2, बलटाना के पास पुलिस पार्टी ने संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में दोनों युवकों को रोककर पूछताछ की। युवकों ने अपनी पहचान साहिल कुमार पुत्र अमरनाथ, उम्र लगभग 25 वर्ष, निवासी गांव आरिपुर, जिला बनारस, उत्तर प्रदेश, वर्तमान ठिकाना- मकान नंबर 30, पंजाब मॉडर्न इनक्लेव, बलटाना, मोहित कुमार पुत्र पवन कुमार, उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी गांव पहवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा, वर्तमान ठिकाना- मकान नंबर 152, गोल्डन इनक्लेव, बलटाना, जीरकपुर बताया। दोनों युवकों को नशे के संदिग्ध होने के कारण सिविल अस्पताल, फेस-6, मोहाली ले जाया गया, जहाँ उनके डोप टेस्ट किए गए। दोनों को डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया।

इस आधार पर पुलिस ने साहिल कुमार और मोहित कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 27/61/85 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ने कोर्ट में पेश किया गया जहां पर जज ने जमानत पर रिहा कर दिया।

सराहनीय

### हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने की जिला टास्क फोर्स की बैठक में फैसला

## पंचकूला होगा चाइल्ड बेगिंग मुक्त, अस्पताल व महिला थानों में बनाए जाएंगे 'चाइल्ड फ्रेंडली रूम'

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला के विभिन्न जगहों पर भीख मांगने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग जल्द नए कदम उठाएगा, जो पूरे हरियाणा के लिए मिसाल होंगे।

गुरुवार को सदस्य श्याम शुक्ला और अनिल कुमार ने कहा कि पंचकूला को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए नई पहलों पर कार्य किया जा रहा है, जिनमें चाइल्ड बेगिंग (बाल भिक्षावृत्ति) को समाप्त करना तथा सिविल अस्पताल और महिला थानों में 'चाइल्ड फ्रेंडली रूम' की व्यवस्था शामिल है। इन पहलों की सफलता के पश्चात इन्हें प्रदेश के अन्य जिलों में भी चरणबद्ध रूप से



लागू किया जाएगा। वे लघु सचिवालय के सभागार में बाल श्रम की रोकथाम के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पंचकूला को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए टास्क फोर्स के सभी सदस्यों से एकजुट होकर टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। आयोग के सदस्यों ने कहा कि हरियाणा सरकार बाल श्रम के प्रति संवेदनशील है और बाल श्रम की रोकथाम के साथ-साथ प्रभावित बच्चों के पुनर्वास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि सरकार के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रत्येक जिले में जाकर जिला टास्क फोर्स की गतिविधियों की व्यापक समीक्षा की जा रही है, ताकि प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाकर पूरे देश में एक रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

### बालश्रम को मजबूर करने वाले लोगों पर कार्रवाई

सदस्यों ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए उन व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई आवश्यक है, जो बच्चों को बाल श्रम के लिए मजबूर करते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने जिला टास्क फोर्स को ऐसे लोगों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी व्यवसाय या कार्य में नियोजित करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। आयोग के सदस्यों ने बाल मजदूरी को रोकने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।



*पंचकूला में सेक्टर-8,9 की सड़क के किनारे प्रवासियों और बच्चे भीख मांगते हुए नजर आते हैं। फेस्टिवल सीजन हो या आम दिन शहर के सेक्टरों, बाजारों, ट्रैफिक लाइटों पर बच्चे भीख मांग रहे हैं।*

# भौतिकवादी युग में कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल का त्याग और समर्पण दुर्लभ है: कृष्ण छौक्कर

यह कृत्य भारतीय राजनीति के लिए प्रेरणा बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की राह दिखाएगा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

समालखा। सीएम विंडो एमिनेटपर्शन कृष्ण छौक्कर ने बताया कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल खट्टर ने देश की राजनीति में एक अनूठा उदाहरण पेश करते हुए सत्ता के मोह से ऊपर उठकर जनसेवा को ही अपना धर्म बनाया। जिसके तहत वीरवार को कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपनी संपूर्ण संपत्ति प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में दान कर दी और अपने निजी आवास को सार्वजनिक



पुस्तकालय के लिए समर्पित कर दिया। भाजपा नेता कृष्ण छौक्कर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने रोहतक जिले के पुश्तैनी गांव बनियानी में स्थित करीब डेढ़ एकड़ जमीन बेचकर इससे प्राप्त राशि प्रधानमंत्री राहत कोष (क्रूत्र्द्भद्यद्बद्ध स्रद्बठुस्र) में दान करने की घोषणा की है।

उन्होंने न केवल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर संगठन को प्राथमिकता दी, बल्कि सदैव राष्ट्रसेवा में समर्पित रहने का संकल्प भी लिया। आज के भौतिकवादी युग में, ऐसा त्याग और समर्पण दुर्लभ है। यह कृत्य भारतीय राजनीति के लिए प्रेरणा बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की राह दिखाएगा।

पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पुश्तैनी घर को मां शांति देवी पुस्तकालय के नाम से समाज को समर्पित करने की भी घोषणा की है। इस आवास को पुस्तकालय में परिवर्तित किया जाएगा, जहां ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक अनुकूल अध्ययन वातावरण प्राप्त कर सकेंगे।

# सेवा और त्याग की अनुपम मिसाल, मनोहर लाल का ऐतिहासिक निर्णय: पार्षद मनीष बेनीवाल

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



समालखा। नापा पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल खट्टर ने राजनीतिज्ञयो के लिए एक अभूतपूर्व उदाहरण पेश किया है। उन्होंने अपनी संपूर्ण संपत्ति प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में दान कर दी और अपने निजी आवास को सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए समर्पित कर दिया। देश की राजनीति में यह एक अनूठा उदाहरण है, जहाँ सत्ता के मोह से ऊपर उठकर एक राजनेता ने जनसेवा को ही अपना धर्म बनाया। उन्होंने न केवल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर संगठन को प्राथमिकता दी, बल्कि सदैव ग्रूसेवा में समर्पित रहने का संकल्प भी लिया। आज के भौतिकवादी युग में, ऐसा त्याग और समर्पण दुर्लभ है। यह कृत्य भारतीय राजनीति के लिए प्रेरणा बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की राह दिखाएगा। पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पुश्तैनी घर को मां शांति देवी पुस्तकालय के नाम से समाज को समर्पित करने की भी घोषणा की है। इस आवास को पुस्तकालय में परिवर्तित किया जाएगा, जहां ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक अनुकूल अध्ययन वातावरण प्राप्त कर सकेंगे।

# एथनिक इंडिया राई में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में विधायक कृष्णा गहलावत करेगी बुजुर्गों का सम्मान

वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह 26 अक्टूबर रविवार को 11 बजे से आयोजित होगा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई।** राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत रविवार 26 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से एथनिक इंडिया टूरिस्ट रिजॉर्ट राई में समाज में संस्कार, परंपरा और अनुभव की अनमोल पूंजी माने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में एक भव्य वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन कर हल्के के प्रत्येक गांव के सबसे बड़े महिला व पुरुष बुजुर्गों का सम्मान करेगी ।

विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज के उन वरिष्ठजनों को सम्मान देना है, जिन्होंने अपने जीवन में संघर्षों, अनुभवों और संस्कारों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी है और गांव में सबसे ज्यादा उम्र के है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि कार्यक्रम समाज की उस पीढ़ी



के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक सच्चा प्रयास है, जिनकी जीवन यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ÷हमारे बुजुर्ग हमारे संस्कारों के जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने अपने अनुभव, मेहनत और समर्पण से समाज की नींव मजबूत की है। उनका आशीर्वाद ही हमारी सामाजिक एकता और प्रगति की कुंजी है।

ऐसे में उनका सम्मान करना केवल हमारा कर्तव्य नहीं बल्कि हमारा गौरव भी है। विधायक कृष्णा गहलावत ने अपील की है कि वे वरिष्ठजनों के प्रति अपना आदर व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक किसी भी समाज की जड़ होते हैं। उनके अनुभवों से ही हमें सही दिशा मिलती है। आज जब युवा पीढ़ी तेज़ी से आधुनिकता की ओर बढ़ रही है, ऐसे में यह आवश्यक है कि हम अपने बुजुर्गों के ज्ञान और मूल्यों को सहेजें। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज में एकता, आदर और संस्कार की भावना को मजबूत करना भी है। आयोजन से युवाओं में यह संदेश जाएगा कि जीवन में कितनी भी उपलब्धियां प्राप्त हो जाएं, अपने बड़ों के प्रति सम्मान और विनम्रता हमेशा बनी रहनी चाहिए।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गांव के सबसे बड़े बुजुर्ग व महिला की उपस्थिति हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगी। हम सब मिलकर अपने वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त करें और समाज में एक सकारात्मक संदेश फैलाएं। यह समारोह न केवल वरिष्ठ नागरिकों के जीवन योगदान को सम्मानित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी जगाएगा।

## बहनों ने भाइयों को तिलक कर लंबी उम्र की कामना की, भाइयों ने दिए उपहार

**उचाना मंडी (मित्तल)।** दीपावली के दो दिन बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भाई दूज को पारंपरिक हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही ग्रामीण अंचलों में विशेष उत्साह का माहौल था। विवाहित और अविवाहित बहनें पारंपरिक वेशभूषा में अपने भाइयों के घर पहुंचीं। उन्होंने पूजा की थाली में रोली, चावल और मिठाई सजाकर शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर श्रद्धापूर्वक टीका किया। भाई दूज को यम द्वितीया और भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। रक्षाबंधन पर जहां बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है, वहीं भाई दूज पर वह उसके माथे पर तिलक लगाकर सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना करती है। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिए और जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन दोहराया।

## ईंट-भट्ठा पर जाकर बांटे जरूरतमंदों को कपड़े

**उचाना मंडी,(मित्तल)।** भारत विकास परिषद् उचाना शाखा द्वारा ईंट-भट्ठा पर जाकर मजूदरों को पुराने कपड़ों का वितरण किया गया। उपप्रधान बाबू राम मखंड ने बताया कि उचाना में भारत विकास परिषद् ने रजबाहा रोड पर भलाई की दीवार की शुरूआत की है। यहां आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए पुराने कपड़े और जूते मिलते हैं। इस तरह के काम करते रहेंगे और लोगों से अपील है कि छोटे बच्चों के कपड़े ज्यादा से ज्यादा दे जो पुराने हो चुके है या बच्चे घरों पर नहीं पहनते है ताकि ये कपड़े जरूरत परिवार के बच्चों को दिए जा सकें। इस मौके पर संरक्षक डॉ. सुरेश गुप्ता, समाज सेवी मा. हरिकेश, प्रधान अनूप खापड़, उप-प्रधान बाबू राम मखंड, कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग, सचिव अमित कापड़ो, ओमप्रकाश गर्ग, जयप्रकाश मुंशी, कृष्ण मुंशी मौजूद रहे।

# समाजसेवी माईराम कौशिक ने किया आरएस सिक्योरिटी ग्रुप का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** सोनीपत के उद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। गुरुवार को प्रतिष्ठित समाजसेवी माईराम कौशिक ने आरएस सिक्योरिटी ग्रुप का रिबन काटकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर कौशिक ने ग्ररुप के संस्थापक और टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा किआरएस सिक्योरिटी ग्ररुप की स्थापना से सोनीपत एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

इससे स्थानीय कंपनियों और फैक्ट्रियों को सुरक्षा के क्षेत्र में



मज़बूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कंपनी की ओर से बताया गया कि आरएस सिक्योरिटी ग्रुप का उद्देश्य उद्योगों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों को प्रशिक्षित, अनुशासित और विश्वसनीय सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराना है ताकि क्षेत्र में सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिल सके। उद्घाटन समारोह में राजेश गुप्ता, युवा नेता वीरेंद्र, मोहन लाल बड़ौली और राहुल कौशिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## लाडो लक्ष्मी योजना के तहत गांव की पात्र महिलाओं का पंजीकरण के लिए लगाई गई ग्राम सचिवों की ड्यूटी: एडीसी लक्षित सरीन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक कदम और आगे बढ़ाते हुए महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह वित्तीय सहायता दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यालय द्वारा प्राप्त डाटा के अनुसार इस योजना के लिए जिला की 44 हजार 533 महिलाएं पात्र है, जिनका पंजीकरण करने के लिए आज सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए गए है कि वे प्रत्येक गांव में ग्राम सचिवों की ड्यूटी लगाएं जो इन महिलाओं का पंजीकरण करवाने में उनकी मदद करेंगे। उन्होंने इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला की उम्र 23 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। वह कम से कम 15 वर्ष से हरियाणा की निवासी होनी चाहिए। इसके अलावा परिवार की आय एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए। तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कैंसर पीड़ित महिला, दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित महिला, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित महिला जो पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ न ले रही हो वह ही दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा/ निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग पैशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना, कश्मीरी विस्थापित परिवार के लिए वित्तीय सहायता, बौना भत्ता, तेजाब पीड़ित महिला/लडक़ी को वित्तीय सहायता, अविवाहित महिला को वित्तीय सहायता, पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए हरियाणा गौरव सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाएं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र नहीं होंगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने पात्र महिलाओं का आह्वान किया कि वे जल्द से जल्द इस योजना के लिए अपना पंजीकरण करवाएं ताकि उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके।

## सदभाव यात्रा से आएगा प्रदेश में बड़ा बदलाव: उदयवीर पूनिया

अर्थ प्रकाश/मित्तल

उचाना मंडी। बीरेंद्र सिंह के साथी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उदयवीर पूनिया, युवा शक्ति बदलाव की ओर संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक सिवाच ने संयुक्त रूप से कहा कि सदभाव का संदेश लेकर पद यात्रा पर निकले बृजेंद्र सिंह को शुरूआत से ही लोगों का जो जन समर्थन मिल रहा है वो प्रदेश की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है। सदभाव यात्रा से प्रदेश में बड़ा बदलाव आने वाला है। अब चुनाव का समय नहीं है, फसल का सीजन है लेकिन जिस तरह से लोग यात्रा में पहुंच रहे है बृजेंद्र सिंह को सुन रहे है उससे साफ है कि जो कारवां लेकर बृजेंद्र सिंह निकले है वो अब जनसैलाब बनने वाला है। उम्मीद से अधिक जन समर्थन यात्रा को मिल रहा है। अब तक 7 हलकों में यात्रा गई है सभी हलकों में पूरा उत्साह दिखाई दिया है। प्रदेश की जनता ईमानदार छवि के बृजेंद्र सिंह पर भरोसा दिखा रही है।

उन्होंने कहा कि भाईचारा को खराब करने के मंसूबे अब कामयाब



नहीं होंगे। भाजपा जात-पात, धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम करती आई है। इस यात्रा के बाद अब प्रदेश में जो मंसूबे भाजपा के है वो कामयाब नहीं होंगे क्योंकि इस यात्रा के बाद प्रदेश के लोग जागरूक हो रहे है। भाईचारा से बड़ा कुछ नहीं है। वोटों की राजनीति के लिए भाईचारा खराब नहीं करना चाहिए ये लोगों समझने लगे है। भाईचारा खराब करने की जो राजनीति करते है वो कुछ समय की होती है। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। समय बदल रहा है लोग समझदार होने लगे है। आज रोजगार प्रदेश में नहीं है। प्रदेश का युवा गैर कानून तरीके से विदेशों में पलायन कर रहा है। किसानों को उनकी फसल के उचित भाव नहीं मिल रहे है। एमएसपी पर फसल खरीदने के दावे भाजपा के खोखे साबित हो रहे है।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I Ranjna Sharma w/o Ashwani Kumar r/o # 1281, B-block Ecocity - 1, Sector 6 New Chandigarh SAS Nagar 140901 punjab have Changed my name from RANJNA SHARMA TO RANJANA SHARMA.

I Ashwani Kumar Sharma/o Yoginder pal Sharma r/o # 1281, B-block Ecocity - 1, Sector 6 New Chandigarh SAS Nagar 140901 punjab have Changed my name from Ashwani Kumar Sharma to Ashwani Kumar.
एपी-5178

मैं, कवलजीत कौर पत्नी अमनदीप सिंह काहलों, निवासी 280, ब्लॉक ए, वेव एस्टेट, सेक्टर 85, जिला मोहाली ने अपना नाम कवलजीत कौर काहलों से बदलकर कवलजीत कौर कर लिया है।
एपी-5179

मैं, कांता देवी पत्नी श्री विक्रम कुमार, निवासी मकान नंबर 833, राजीव कॉलोनी, सेक्टर 17, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम कांता देवी से बदलकर गुड़िया कर लिया है।

मैं, शान्ति राय पत्नी प्रकाश चन्द्र सिंह, निवासी मकान नंबर 154, ग्रीन सिटी, ढकोली, ज़िरकपुर, एस.ए.एस. नगर (मोहाली), पंजाब, ने अपना नाम 'शान्ति राय' से बदलकर 'शान्ति देवी रावत' कर लिया है।

मैं, सतपाल पुत्र श्री कृष्ण कुमार, निवासी 'बी' कंपनी, 5682, एएससी, चंडीमंदिर कैंट, पंचकूला, हरियाणा 134107, घोषणा करते हैं कि हमारे बेटे जतिन के स्कूल रिकॉर्ड में पिता का नाम सतपाल और माता का नाम सोनू देवी लिखा है। जबकि दोनों का सही नाम सत पाल और सोनू स्वाईच है।
एपी-5180

मैं, बचनी पत्नी स्वर्गीय श्री हरकेश सिंह, निवासी मकान नंबर 164, गांव डडू माजरा, चंडीगढ़ सूचित करती हूं कि बचनी और राज कुमारी एक ही व्यक्ति का नाम है।
एपी-5181

मैं, विजय पाल पुत्र हुक्मी राम निवासी रमाना रमानी (53), तहसील नीलोखेड़ी, करनाल ब्यान करता हूं कि मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम वंशिका शर्मा से बदलकर वंशिका रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को केवल वंशिका के नाम से ही जाना जाए।

मैं, विजय पाल पुत्र हुक्मी राम निवासी रमाना रमानी (53), तहसील नीलोखेड़ी, करनाल ब्यान करता हूँ कि मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम विरोनिका शर्मा से बदलकर विरोनिका रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को केवल विरोनिका के नाम से ही जाना जाए।
एपी-5183

मैं, नवनीतम्मा सैन्य संख्या- 14931389एम रैंक- हवलदार नाम- रसिन्नी नागेश्पर राव की माता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 17 मैक इन्फ (रेकी एंड एसपी) बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- हाउस नंबर- 10-8 गांव- एगुवा चौडेपल्ले, पोस्ट- पटोरू तेहसील- पुथलपट्टू, जिला- चित्तूर, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन- 517124 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम नवनीतम्मा से बदलकर आर नवनीतम्मा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219258, दिनांक- 23/10/2025

मैं, मंजू पत्नी श्री उपिंदर नाथ निवासी फ्लैट नंबर डी-67, जीएचएस-80, सेक्टर-20, पंचकूला (हरियाणा)- 134116, भारत घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लखनपाल मंजूबाला सत्यपाल से बदलकर मंजू रख लिया है।

I, ANNAMA is Mother of Service No: JC-314653L Rank-NB SUB Name: THOMAS M T Presently residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from ANNAMA and Date of Birth from 01/07/1946 to ANNAMMA and D.O.B 07/10/1954.

I, M A THOMAS is Father of Service No: JC-314653L Rank-NB SUB Name: THOMAS M T Presently residing at 163 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from M A THOMAS and Date of Birth from 01/07/1942 to THOMAS M A and D.O.B 06/10/1953.

I, K YADAMMA is Mother of Army No: 16125598Y Rank: NK Name- K Rajesh Presently Residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from K YADAMMA to KURVA YADAMMA and Also Correct my Date of birth from 13/09/1972 to 01/01/1972.

I, K AASHANNA is Father of Army No: 16125598Y Rank: NK Name- K Rajesh Presently Residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from K AASHANNA to KURVA ASHANNA and Also Correct my Date of birth from 20/05/1968 to 01/01/1968.

I, Army No: 16116993L Rank: Hav Name: Balamurugan T Presently Residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed my Daughter's name from DARSHANA SRI to DARSHANA SRI B.

मैं, सैन्य संख्या- 4203139एल रैंक- हवलदार नाम- दिग्विजय सिंह यादव स्थायी पता- मुबारकपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश-233229 घोषणा करता हूं कि मेरे सैन्य रिकॉर्ड में मेरे बेटे का नाम गलती से आरव यादव लिखा गया है लेकिन सिविल/सरकारी दस्तावेज़ के अनुसार मेरे बेटे का सही नाम आरव यादव है।

मैं, सैन्य संख्या- 20000650एच रैंक- नायक नाम- अजय कुमार वर्तमान में यूनिट- 11 डोगरा सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ब्लॉक 309, चक बाना, जिला- सांबा, चक सलारियन, जम्मू, जम्मू और कश्मीर - 184120 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी मां का नाम कैलाशो देवी से बदलकर कलाशो देवी कर लिया है।
एपी-5185

मैं, हरप्रीत कौर गंधोके पत्नी मनिंद्रा पाल सिंह वासी 1329, गुरु तेग बहादुर हाउसिंग काम्प्लेक्स, सैक्टर 70, एस ए एस नगर पंजाब ने अपना नाम बदलकर हरप्रीत कौर रखा है।

मैं, विनीत कुमार हूं, आर्मी नंबर 14880128 एन रैंक सिपाही यूनिट DET C VIKAS EST 22 भारतीय सेना में सेवारत हूं, गांव राजेरी पोस्ट रादौर जिला यमुना नगर हरियाणा 135001 में रहता हूं। आर्मी रिकॉर्ड में मेरी मां का नाम गलती से सोभा रानी दर्ज हो गया था, लेकिन मेरी मां का सही नाम शोभा देवी है। इसलिए मेरे आर्मी रिकॉर्ड में वह नाम बदल दिया जाए।

मैं, रेखा पत्नी जनक राज मनचंदा वासी मकान नं. 2332 बी, ब्लॉक 30, सैक्टर 63, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर रेखा मनचंदा रखा है।
एपी-5186

मैं, मुनीश गुप्ता पुत्र श्री. राज कुमार गुप्ता निवासी मकान नंबर 105, शगुन एन्क्लेव, वाधवा नगर जीरकपुर एसएएस नगर मोहाली ने अपना नाम मुनीश गुप्ता से बदलकर मुनीश कुमार गुप्ता कर लिया है।

मैं, पायल पुत्री नरेश कुमारी पत्नी जोगिन्द्र निवासी गांव फरैण कलां तह. नरवाना जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरी दसवीं की मार्कशीट जिसका रोल नं. 1021297231 है जिसमें मेरा आधार कार्ड नं. 579785900819 दर्ज है, जोकि गलत है। मेरा सही आधार कार्ड नं. 505406306787 है। मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरा सही आधार नं. 505406306787 दर्ज किया जाए।
एपी-5180

मैं, अंग्रेज पुत्र श्री रामेश्वर निवासी मकान नं. 401, सिरसा रोड, महादेव कॉलोनी, वार्ड नं. 31 कैथल, तहसील व जिला कैथल ने अपना नाम अंग्रेज सिंह से बदलकर अंग्रेज रख लिया है। भविष्य में मुझे अंग्रेज के नाम से जाना जाए।
एपी-5187

I, Swarn Singh S/o Joginder Singh R/o House No. 1971, Street No. 3, Sunder Nagar, Fazilka 152123, Pb, have changed name from Swaraj Singh to Swarn Singh.

मैं, करण कुमार पुत्र रमेश सिंह निवासी #3637 मौली जागरां, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर करण सिंह ठाकुर रख लिया है।
एपी-5188

मैं, वरुण पुत्र विनय सेठी, निवासी गोरीवाला, जिला सिरसा, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर वरुण सेठी रख लिया है।

मैं, विनय कुमार सेठी पुत्र राम प्रकाश निवासी गोरीवाला जिला सिरसा हरियाणा ने अपना नाम बदलकर विनय सेठी रख लिया है।
एपी-5189

मैं, Suman Kaur पत्नी Sukhdev Singh निवासी मकान नं. 1403, ब्लॉक-एच, विक्टोरिया हाइट्स, पीरमुछल्ला, जीरकपुर, एस.ए.एस नगर, पंजाब ने अपना नाम Suman Kaur से बदलकर Suman Kaur Sandhu रख लिया है।
एपी-5180

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभावित करें

मैं, सुमित गोयल पुत्र पन्ना लाल निवासी गली नं. 5 वार्ड नं. 18, नवदीप स्टेडियम ढाकल रोड नरवाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरे पिता का नाम गलती से पवन कुमार लिखा गया है, जबकि मेरे पिता का अन्य दस्तावेजों अनुसार सही नाम पन्ना लाल है। यह कि मेरे ड्राईविंग लाईसैंस में भी मेरे पिता का सही नाम पन्ना लाल दर्ज किया जाए।
एपी-5180

## बेदखली सूचना

हम राम प्रीत पुत्र श्री फूलेश्वर और विमला देवी पत्नी राम प्रीत निवासी मकान संख्या 1569 राजीव कॉलोनी सेक्टर-17 पंचकूला, हरियाणा घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र रविंद्र कुमार हमारे नियंत्रण से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं भविष्य में इससे किसी भी प्रकार का लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-5180

I, Pramod Walia S/o Sh. Surinder Walia r/o H.No 3284/1, Sector- 40 D, Chandigarh declare that my son Gaurav Ahlluwalia is out of my control, I, disown him from my all movable/immovable properties, Anybody deal with them at his own risk
एपी-5182

मैं, सौदागर सिंह सुपुत्र सुरजीत सिंह # 127, डडुमाजरा, चंडीगढ़, मेरा पुत्र हरमिंदर सिंह मेरे कहने से बाहर है, इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-5181

## खोया-पाया

मैं, जसपाल सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 125, पृथ्वी नगर बी, फर्कपुर, यमुनानगर बयान करता हूं कि जोगिंदर सिंह के पक्ष में सेल डीड नंबर 1503 दिनांक 22.07.1970 जोकि घर पर दिनांक 15.01.2009 को गुम हो गई है। इसे किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्थान के पास गिरवी नहीं रखा गया है। यदि किसी को यह डीड मिलें तो कृपया 7 दिनों के अंदर मेरे उपरोक्त पते पर वापिस कर दें।
एपी-5184

मैं, अमित अशता सुपुत्र राम रक्ष पाल निवासी 446- सी, रतन नगर का रहने वाला हूं । जो कि मेरे पास से मेरे घर की रजिस्ट्री दिनांक 7-3-2025 को गुम हो गई थी। जो की चमन लाल पुत्र अमरनाथ वसीका नंबर 4495 दिनांक 20-08-1988 दर्ज है। अगर किसी को उक्त दस्तावेज मिले तो मेरे नंबर 88722 14421 पर जानकारी दी जाए। मैनेजर पीएसबी 98889 26114.
एपी-5190

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# निर्माणाधीन शहीद स्मारक का उद्घाटन नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना : अनिल विज

अंबाला छावनी में निर्माणाधीन स्मारक आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित एशिया का सबसे बड़ा स्मारक - अनिल विज

स्मारक के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की सच्चाई और शहीदों की कुर्बानियों से अवगत कराया जाएगा - विज

मैंने आजादी की पहली लडाई की सच्चाई को सामने के लिए 20-25 साल तक संघर्ष किया- विज



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 23 अक्तूबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि सन 1857 में लड़ी गई आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित अंबाला छावनी में निर्माणाधीन शहीद स्मारक एशिया का सबसे बड़ा स्मारक है। इस स्मारक के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की सच्चाई और शहीदों की कुर्बानियों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में इस स्मारक के उदघाटन होने की संभावना है और उनके द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया गया है कि वे इस विशाल व महत्वपूर्ण शहीद स्मारक का उदघाटन अपने कर-कमलों से करें।

**1857 की लड़ाई के वीर शहीदों को आजतक उचित सम्मान नहीं मिला:** मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए श्री विज ने कहा कि आमतौर पर यह प्रचारित किया गया कि आजादी की पहली लड़ाई कांग्रेस द्वारा लड़ी गई। मगर कांग्रेस का जन्म 1885 में हुआ था, और इसके 28 साल पहले भी स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी गई। उन्होंने बताया कि उन वीर शहीदों को आज तक उचित सम्मान नहीं मिला। उनकी कहानियों को लोगों के सामने नहीं लाया गया, उनके गीत नहीं गाए गए और उनके बलिदान के लिए कोई विशेष दिन नहीं मनाया गया।

**मैंने आजादी की पहली लडाई की सच्चाई को सामने के लिए 20-25 साल तक संघर्ष किया- विज**

श्री अनिल विज ने बताया कि आजादी की पहली लड़ाई में अत्यंत क्रूरता हुई। लोगों को पेड़ों से बांधकर गोलियों से मारा गया, सिर कुल्हाड़ियों के नीचे रखकर कुचला गया, कई सालों तक जेलों में रखा गया और कई रेजिमेंटों को भंग कर दिया गया। इस सच्चाई को सामने लाने के लिए उन्होंने पिछले 20-25 सालों तक निरंतर प्रयास और संघर्ष किया।

**स्मारक विशाल व महत्वपूर्ण तथा लगभग तैयार - विज**

उन्होंने यह भी बताया कि शहीद स्मारक बनाने के लिए उन्होंने सरकार से अनुरोध किया और यह स्मारक अब लगभग तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन नवंबर के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना है। श्री विज ने कहा कि चूंकि यह स्मारक अत्यंत विशाल और महत्वपूर्ण है, इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से प्रार्थना की है कि इस शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री के कर-कमलों से होना चाहिए।

# समाजसेवा मेरा जुनून, राजनीति से नहीं कोई संबंध : समाजसेवी सचिन गर्ग

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 23 अक्तूबर।** लाडवा के प्रसिद्ध समाजसेवी सचिन गर्ग ने कहा कि समाजसेवा करना उसका जनून है। वह बिना किसी स्वार्थ के समाजसेवा करता है और हमेशा करता रहूंगा। उनका राजनीति से कोई वास्ता नहीं और न ही वह किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए समाजसेवा करता हूं। उनका तो लाडवा हलके की जनता से लगाव है। क्योंकि वह लाडवा का निवासी हूं और लाडवा ही उसकी जन्मभूमि है।

सचिन गर्ग दीपावली पर्व पर मुख्यमंत्री नायब ड्क्षसह सैनी से मिलने के बाद वीरवार को लाडवा में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नायब ड्क्षसह सैनी किसी पार्टी के सी.एम.नहीं, बल्कि हरियाणा के सी.एम.है। हरियाणा की जनता को ऐसा सी.एम.मिलना गर्व की बात है जो हमेशा जनता के बीच में रहकर जनता की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करवाते है। उन्होंने कहा कि सी.एम. नायब सिंह सैनी हमारे विधायक है और विधायक के समक्ष अपने हलके की समस्याएं रखना हर हलके के नागरिक का कर्त्तव्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष लाडवा हलके की अनेक समस्याएं भी रखी, जिसमें बढ़ते नशे पर रोक लगाने सहित बढ़ते अपराध को रोकने तथा टूटी सड़कों को दुरुस्त करवाने सहित हलके की अनेक समस्याओं से भी अवगत करवाया है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन व शहर के गण्यमान्य व्यक्तियों से भी अपील करते हुए कहा कि शहर में बढ़ते हुए इस तरह के नशे को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने लाडवा की धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं सहित आम लोगों को भी आगे आकर इस बढ़ते नशे पर रोक लगाने के लिए गंभीरता से सोचना होगा और पुलिस प्रशासन का सहयोग कर इसे रोकना होगा। यदि बढ़ता नशा रुक गया तो इससे बड़ी कोई समाजसेवा नहीं होगी। इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश चंद भी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### समाधान शिविर में सुनी 43 शिकायतें, कई मामले निपटाए



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित जनता समाधान शिविर में गुरुवार को भारी भीड़ रही। जिला सचिवालय सभागार में हुए शिविर में 43 से अधिक शिकायतों की सुनवाई की गई। जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान हमारी जिम्मेदारी है और अधिकारियों को संवेदनशीलता से काम करना चाहिए। नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि शिविरों का उद्देश्य पारदर्शी और परिणाममुखी प्रशासन देना है। निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने कहा कि निगम संबंधी शिकायतों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जबकि डीएसपी सतीश वत्स ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिविर में राशन कार्ड, पानी, बिजली, सफाई और पुलिस से जुड़ी शिकायतें आईं। कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। नागरिकों ने इस पहल को प्रशासन और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने वाला कदम बताया।

### एससी/एसटी एक्ट मामलों में पीड़ितों को जल्द सहायता दें: डीसी



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय में एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एफआईआर दर्ज होते ही पीड़ितों को मुआवजा राशि तुरंत उपलब्ध कराई जाए और समाज कल्याण विभाग जरूरी दस्तावेज जल्द एकत्र करे। डीसी ने कहा कि आर्थिक सहायता में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं होगी। समिति सदस्यों की मांग पर उन्होंने जागरूकता के लिए सैमिनार आयोजित करने के निर्देश भी दिए। जिला कल्याण अधिकारी जापान सिंह ने बताया कि जून से सितंबर तक 13 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 8 मामलों में सहायता की पहली किश्त जारी कर दी गई है, 2 मामले अप्रूव नहीं हुए और 3 मामले झूठे पाए जाने पर रद्द किए गए। बैठक में डीएसपी सतीश वत्स और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 26 से

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** अखंड हनुमान गौशाला में 26 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गौशाला के संचालक स्वामी सत्यानंद महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि कथा में कथावाचक मनोज कृष्ण शास्त्री प्रतिदिन दोपहर दो से सायं पांच बजे तक कथा का गुणगान करेंगे। कथा से पूर्व एक विशाल कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें महिला श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर गांव मथाना का भ्रमण करेगी। कथा के समापन पर प्रतिदिन सायं 5 से 6 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। स्वामी ने बताया कि कथा के दौरान 30 अक्तूबर को गौशाला में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें हरियाणा पशुधन बोर्ड के चेयरमैन धर्मबीर मिर्जापुर व मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके मुख्य यजमान सुलतान ड्क्षसह कलसौरा, यूनित गर्ग व मोहित शर्मा खैरा होंगे। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक गौ पूजन होगा, दोपहर 12 बजे हवन तथा दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। स्वामी सत्यानंद ने बताया कि 2 नवम्बर को गौशाला में तुलसी शालिग्राम विवाहोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 2 नवम्बर को ही भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन होगा।



### डीटीपीओ का डांगरा रोड पर चला दुबारा पीला पंजा

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** जिला योजना कार के अधिकारियों ने आज फिर दोबारा पीला पंजा डांगरा रोड पर के एम माडल स्कूल के पास बनी कॉलोनी में चलाया जहां पर कुछ दिन पूर्व ही एक मकान को पीला पंजा चला ध्वस्त किया गया था वहीं पर दूसरी बार विभाग की तरफ से जेसीबी द्वारा कॉलोनी के रास्ते अवरोधक किए गए और विभाग द्वारा फिर लोगों को एक बार फिर समझाया गया है कि लोग अपना पैसा व्यर्थ न गवाएं सिर्फ अप्रूव्ड कॉलोनी में ही प्लांट लें जब अधिकारी अपना कार्य कर रहे थे तो शहर निवासियों में जिला योजना कार के अधिकारियों के बारे में यह चर्चा दबी आवाज से थी कि कहीं यह सिर्फ रास्ता अवरोध कार्यवाही और कॉलोनाइजर्स को अंदेशा तो नहीं कि त्योहारों के नजराने का क्योंकि कॉलोनियों तो शहर में और भी बहुत अवैध रूप से कटी हुई हैं वहां पर जाना इन्होंने उचित नहीं समझा विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते वक्त टोहाना का कोई भी प्रशासन अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था।

# क्षेत्र में तार चोर सक्रिय, टयूबवैल से काटी तार

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 23 अक्तूबर।** क्षेत्र में इन दिनों तार चोर काफी सक्रिय है, जिसका खामियाजा यहां के किसान भुगत रहे हैं। चोर खेतों में बने टयूबवैल से केबल तार चुरा रहे हैं। ऐसी ही एक घटना गांव अधोया में बीती रात हुई। अधोया एम के सरपंच प्रतिनिधि नंबरदार कैलाश ने बताया कि अधोया-थाना छप्पर मार्ग पर उनकी जमीन है, जिसमें टयूबवैल लगाया हुआ है। बुधवार सांय उनका नौकर टयूबवैल को ताला लगाकर गया था। बृहस्पतिवार को नौकर जब टयूबवैल पर पहुंचा तो देखा दरवाजे का ताला टूटा था। उसने तुरंत कैलाश नंबरदार को सूचना दी। कैलाश ने बताया कि वह मौके पर पहुंचे तो देखा चोर टयूबवैल की तार काट ले गए और स्टार्टर समेत अन्य सामान चुरा ले गए। स्टार्टर का सारा तेल ट्यूबवैल में बिखरा हुआ था। कैलाश ने कहा कि यह टयूबवैल सड़क के बिल्कुल पास है और सड़क से पुलिस भी गश्त करती रहती है, लेकिन फिर भी चोर घटना को अंजाम दे गए।

**पहले दारू पी, फिर चोरी की:** टयूबवैल के पास दारू और खारे की बोतल के अलावा दो डिस्पोजल पड़े थे। इसके अलावा वहां मिले लिफाफे से प्रतीत हो रहा था कि चोर इसमें खाने का सामान लेकर आए थे। कैलाश ने बताया कि सारा सामान देखकर प्रतीत हो रहा है कि चोरों ने पहले यहां बैठकर शराब पी और इसके बाद वह सामान चुरा ले गए। कैलाश ने इस संबंध में डायल 112 को सूचना दी। जिस पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। कैलाश ने बताया कि टयूबवैल से तार चोरी की घटनाएं क्षेत्र में होती रहती हैं।

# खेल खेल में बच्चे काम की बातें बेहतर तरीके से सीखते हैं : डॉ. विजय

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 23 अक्तूबर।** आरोही स्कूल ग्योंग कैथल में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चावला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत खेल खेल में भाषा ज्ञान को मध्य नजर रखते हुए हिंदी भाषायी दक्षताओं को विकसित करने हेतु नवाचारी खेल गतिविधियों का पिटारा तैयार किया है। इस खेल पिटारा में बिंगो खेल, सांप सीढ़ी का खेल, शतरंज, भूलभुलैया खेल, कार्ड का खेल, हमें हमारे परिवार से मिलाओ खेल, वर्ग पहेली का खेल, शब्द पिटारा का खेल, पासे का खेल, टिक-टैक - टो का खेल, बूझो तो जानें खेल, शब्द सीढ़ी का खेल, शब्द अंताक्षरी का खेल शामिल किए गए हैं। डॉ. विजय चावला ने बताया कि खेल खेल में भाषा ज्ञान का अर्थ है खेलों के माध्यम से भाषा सिखाना। यह बच्चों को शब्दावली, संवाद कौशल और व्याकरण को मजेदार और स्वाभाविक तरीके से सीखने में मदद करता है। इस प्रक्रिया में भाषा सीखने के लिए खेल आधारित और अनुभवात्मक तरीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का भाषा कौशल और रचनात्मकता बेहतर हो सके। आज विद्यालय के हिंदी भाषा लैब में भाषा सीखने को एक मजेदार और आकर्षक प्रक्रिया बनाते हुए उन्होंने नवाचारी खेल गतिविधियों के खेल पिटारा में से हमें हमारे परिवार से मिलाओ खेल, शतरंज, भूलभुलैया खेल व शब्द पिटारा खेल का सफल प्रयोग किया गया। कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों ने तनावमुक्त और प्राकृतिक वातावरण में अपनी अपनी शब्दावली का विकास किया। उन्होंने नए नए शब्दों के बारे में जाना। शब्द पिटारा खेल के माध्यम से संबंधित शब्दों को उनके परिवार से मिलाया और शतरंज भूलभुलैया खेल के माध्यम से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और अव्यय शब्दों के बारे में छात्रों ने अपना ज्ञान बढ़ाया।

# भगवान महाबीर के बताए रास्ते पर चल कर ही विश्व में शांति स्थापित हो सकती है : डा. सरिता जी महाराज

भगवान महाबीर का मौक्ष कल्याणक उत्सव मनाया गया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 23 अक्तूबर।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महाबीर का 2551 वां निर्वाण उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिरों स्थानकों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम जैन स्थानक सैक्टर 14 और दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित किया गया। जैन मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन स्कूल के बच्चों ने दीपावली को लेकर पोस्टर बनाए। इन बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बीरेश जैन एससी जैन निर्दोष जैन अजय जैन राकेश जैन दिनेश जैन एस के जैन सहित विभिन्न जनों ने अपने बिचार व्यक्त किए। इसके अलावा जैन स्थानक सैक्टर 14 में कार्यक्रम का आरयोजन किया गया। इस अवसर जैन साध्वी डा. सरिता जी महाराज ने उपस्थित जनों को दीपावली और भगवान महाबीर के निर्वाण को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के लोग निर्वाण उत्सव को दीपावली की तरह मनाते हैं। इस दिन भगवान महाबीर को मौक्ष की प्राप्ति हुई थी। इस लिए इस दिन देवताओं और गंधर्वों ने असमान में दीपावली मनाई थी। उसके बाद हर दीपावली को भगवान महाबीर का निर्वाणा उत्सव मनाया जाता हैं। आज के ही दिन से बीर संवत शुरू होता हैं। हमारा बीर संवत 2051 वां हैं। जैन धर्म का संवत सबसे पुराना हैं। दीपावली से ही नया ससल शुरू होता हैं। आज के ही दिन वही खाते बदल दिए जाते हैं। आज के दिन ही जलते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महाबीर ने पंव महाब्रत बताते थे। उन्हें महात्मा गांधी ने पंच शील का सिद्धांत मना था। उन्होंने कहा कि भगवान महाबीर के बताए रास्ते पर विश्व में शाति और भाई चारा स्थापित हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के ही दिन भगवान महाबीर के पहले गणधर गौतम को केवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थीं। उन्होंने कहा कि काफी हद तक आइंस्टाइन भी जैन धर्म से प्रभावित थे। जैन धर्म में विज्ञान को परिभाषित किया हैं। सापेक्षता का सिद्धांत अणु, परमाणु, ऊर्जा का संरक्षण, जन्म पुर्नजन्म , आत्मा और परमात्मा चल अचल जीव सूक्ष्म जीव का सिद्धांत जैन धर्म में दिया गया हैं।

# एसयूसीआई ; कम्युनिस्ट की जिला सदस्यों की मीटिंग ढांड कार्यालय में संपन्न हुई

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 23 अक्तूबर।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों की मीटिंग ढांड कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पोलिटब्यूरों सदस्य कामरेड सत्यवान और राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह ने की। संचालन जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने किया। उन्होंने बताया कि देश के मेहनतकश वर्ग का पूरे देश में शोषण किया जा रहा है और मुठ्ठी भर अमीरों की तिजोरियों को भरा जा रहा है। मंडी में किसानों की फसलों को औने पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें सभी मजदूर, किसान, छोटे दुकानदार, दस्तकार व छोटे कर्मचारियों के खिलाफ नीतियां बनाती हैं। यह सब एकाधिकार घरानों के हित में किया जा रहा है। आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है। जैसे अंग्रेज हमारा शोषण करते थे उससे भी दो कदम आगे बढ़कर सरकारें लोगों का शोषण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) जात पात, धर्म, इलाका से ऊपर उठकर जनता को संगठित करने का काम रही है। इसको लेकर एसयूसीआई ने प्रदेश में जन संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया है, ताकि पार्टी के विचार को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सके।

# पहली पातशाही गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व पांच नवम्बर को मनेगा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 23 अक्तूबर।** सिख पंथ के आदि गुरु पहली पातशाही श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व डेरा कारसेवा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह के सहयोग से नगरकीर्तन तथा गुरुमति समागम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान स. वरिंदर सिंह तथा महासिचव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में केंद्र सरकार में वरिष्ठ मंत्री को आमंत्रित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि तीन नवंवर को नगर कीर्तन तथा पांच नवंवर को गुरमति समागम होगा। उन्होंने बताया कि तीन नवंवर को सुबह दस बज कर तीस मिनट पर गुरुद्वारा डेरा कारसेवा तथा गुरुद्वारा मंजी साहिब पहली पातशाही से नगर कीर्तन निकलेगा। उसके बाद कर्ण गेट , कमेटी चौक, दावत होटल ,रोड , अस्पताल चौक, कुंजपुरा रोड , सटब्जी मंडी रोड होते हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा पहुंचेगा। नगरकीर्तन में दशमेश अखाड़ा, वीर खालसा दल की गतका पर्टियां अपने जोहर दिखाएंगी। इसमें बाहर से बैंड बुलाया गया हैं। उसके बाद पांच नवंवर को गुरुद्वारा डेरा कारसेवा में सुबह नौ बजे से गुरमति समागम होगा। यहां पर गुरु का दीवान सजाया जाएगा। रागी ढडी जत्थे तथा अन्य गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर अटूट लंगर बरता जाएगा।

# नाइट्रोजन गैस से भरे सिलेंडर में अचानक जोरदार धमाका

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 23 अक्तूबर।** करनाल के रामनगर इलाके में गुरुवार सुबह नाइट्रोजन गैस से भरे सिलेंडर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के घरों की खिड़कियों के शीशे चटक गए और गली में खड़ी गाड़ियों के शीशे टूट गए। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने बताया कि यह सिलेंडर गुब्बारे भरने के काम में इस्तेमाल होता था और पहले भी लोगों ने रिहायशी इलाके में काम न करने की सलाह दी थी। रामनगर कॉलोनी के लोगों ने बताया कि सुबह करीब सात बजे सभी अपने घरों में सोए हुए थे। अचानक जोरदार धमाके की आवाज आई और शीशे टूटने की आवाज से लोग घबराकर बाहर भागे। जब बाहर निकले तो देखा कि ट्रोजन का सिलेंडर फट चुका था और गली में कांच के टुकड़े बिखरे हुए थे। जिस घर में सिलेंडर रखा था, उसका मुख्य दरवाजा भी धमाके की ताकत से उखड़कर दूर जाकर गिर गया। पड़ोसियों ने बताया कि धमाके से गली की कई गाड़ियों के शीशे टूट गए और घरों की खिड़कियों को भी नुकसान हुआ।पहले भी पड़ोसियों ने जताई थी चिंता स्थानीय लोगों का कहना है कि गुब्बारे फुलाने का काम करने वाले लोगों को पहले भी मना किया गया था कि इस तरह के गैस सिलेंडर का इस्तेमाल यहां न करें। उन्होंने कहा था कि उनके पास एक गोदाम है, जहां पर वे काम करते हैं, लेकिन फिर भी उन्होंने घर में ही सिलेंडर रखे हुए थे। लोगों ने बताया कि मकान मालिक को भी कई बार चेताया गया कि यह काम रिहायशी इलाकों में खतरनाक साबित हो सकता है, लेकिन किसी ने बात नहीं मानी। गुब्बारे फुलाने का काम करने वाली महिला ने बताया कि सुबह के समय सिलेंडर बाहर रखा हुआ था और नाइट्रोजन गैस घर के अंदर तैयार की जा रही थी। तभी अचानक धमाका गया। महिला ने कहा कि हमने जानबूझकर आग नहीं लगाई। हम 10 साल से यही काम कर रहे हैं, लेकिन आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ। किसी को चोट नहीं लगी, बस नुकसान हुआ है।डर के मारे भागी महिला, सिलेंडर फटा गली की एक महिला ने बताया कि वह झाड़ू लगा रही थी और एक्टिवा के पास कचरा फेंकने ही गई थी कि अचानक धमाका हुआ। धमाके के साथ गैस सिलेंडर दबाव के कारण इधर-उधर घूमने लगा। वह डर के मारे भागी, तभी सिलेंडर फट गया। महिला ने कहा कि अगर मैं वहीं कुछ सेकेंड और रुक जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने जताई नाराजगी, बोले- खतरा बढ़ा घटना के बाद पड़ोसियों ने भारी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रिहायशी इलाकों में नाइट्रोजन गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल दूसरों की जान के साथ खिलवाड़ है। मकान मालिक को अब ऐसे लोगों को घर खाली करने के लिए कहना हए क्योंकि यह जगह लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है। लोगों ने कहा कि गली में कई गाड़ियां खड़ी थीं और गैस पाइपलाइन भी बिछी हुई है, अगर गैस में पुलिस ने शुरू की जांच, कोई जानी नुकसान नहीं रामनगर थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि उन्हें सिलेंडर ब्लास्ट की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके का मुआयना किया। किसी के घायल होने या जानी नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन आसपास के घरों और गाड़ियों को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यदि किसी की ओर से शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि धमाके के बाद घर का मुख्य दरवाजा उखड़कर कई मीटर दूर जा गिरा। फुटेज देखकर लोग दहशत आ गए। पुलिस अब इस फुटेज को भी जांच में शामिल कर रहा है ताकि ब्लास्ट के कारणों और लापरवाही की सटीक जानकारी जुटाई जा सके।

# माता विंध्यवासिनी का पावन धाम सलकनपुर जहां पूरी होती हैं सभी मनोकामनाएं

मध्यप्रदेश की हृदयस्थली पुण्य सलिला मां नर्मदा के तट होशंगाबाद से सीहोर जिला सटा है। सीहोर जिले की बुदनी तहसील से 25 किलोमीटर और होशंगाबाद से 35 किलोमीटर दूरी पर विंध्याचल की हसीन वादियों में प्रकृति ने अपनी अनमोल छटा बिखेर रखी है, जहां देवीधाम सलकनपुर है।

चारों ओर मनोहारी पर्वत श्रृंखलाएं हैं जिनमें एक पर्वत पर मां विंध्यवासिनी विजयासेन देवी का भव्य मंदिर बना हुआ है। शारदीय और चैत्रीय नवरात्रि में मां की चौखट पर माथा टेकने दूरदराज से लाखों लोग आते हैं और हरियाली से भरे इस 800 फीट ऊंचे पर्वत पर अलौकिक सौंदर्य के बीच मां की सुंदर प्रतिमा के दर्शन, परिक्रमा, वंदना, स्तुति कर अपने मन की मुरादें पूरी पाते हैं।

ऐतिहासिक रूप से पौराणिक कथाओं के आधार पर श्री नर्मदा परिक्रमा और नर्मदा तीर्थों का सेवन महाभारत काल से पूर्व से इस विजयासन शक्तिपीठ की प्रसिद्धि रही है। इस संदर्भ में स्कंद पुराण के अवंति खंड के रेवा खंड में वर्णित नेमावर तीर्थ को नाभि क्षेत्र कहा गया है और उसके बाद जिस सिद्धेश्वर वैष्णवी देवी तीर्थ का उल्लेख है, वह विंध्य पर्वत पर विराजमान मां



विजयासन देवी का स्थान है।

कूर्म पुराण में तीर्थक्रम की व्याख्या में नर्मदा के उत्तर तट पर विंध्य पर्वत श्रेणी पर यशोदाजी की पुत्री का विराजित होना तथा सिद्धेश्वरी के नाम से प्रसिद्ध होने का प्रमाण है। शिव पुराण में पार्वती के जन्म के पूर्व देवताओं ने जो प्रार्थना की, उसमें विंध्यवासिनी, विजया, सिद्धेश्वरी नाम से देवी का गुणगान किया है। भगवान श्रीकृष्ण की बहन की स्तुति एवं चर्चा विजया देवी के नाम से अनेक पुराणों में है जिससे स्पष्ट है कि पौराणिक कथाओं के आधार पर नर्मदा क्षेत्रीय तीर्थ सलकनपुर में जो विजया शक्तिपीठ है, वह अतिप्राचीन और पौराणिक मान्यताओं में देवीधाम सलकनपुर के विजयासन शक्तिपीठ की स्वयंभू घोषणा को प्रमाणित करता है। मान्यता है कि यह मंदिर 6,000 साल पुराना है, जहां जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचने पर इस मंदिर का जीर्णोद्धार अनेक बार किया जा चुका है। इसकी व्यवस्था भोपाल नवाब के संरक्षण में होती थी तब वहां पर अखंड धूनी और अखंड ज्योति स्थापित की जा चुकी थी, जो सालों से आज भी प्रज्वलित है। गर्भगृह में देवी की प्रतिमा स्वयंभू है जिसे किसी के द्वारा तराशा नहीं गया, परंतु बाद में चांदी के नेत्र एवं मुकुट आदि से देवी को सजाया गया है। विजयासन देवी की प्रतिमा के दाएं-बाएं जो 3 संगमरमर की मूर्तियां हैं, उनके विषय में मान्यता है कि गिन्नौर किले के वीरान होने पर एक घुम्मकड़ साधु इन्हें यहां पर ले आया था। स्वतंत्र भारत की मध्यप्रदेश विधानसभा ने 1956 में इस मंदिर व्यवस्था का पृथक से अधिनियम बनाया, जो 1966 में लागू हुआ तथा मंदिर की व्यवस्था प्रजातांत्रिक तरीके से गठित समिति के हाथों में आई।

सलकनपुर देवीधाम में जहां मां विजयासन का मंदिर है, वह धरातल से 800 फुट की ऊंचाई पर है जिसमें पत्थर की 1,065 सीढ़ियां चढ़कर विंध्याचल पर्वत के उच्चासन पर विराजमान मां के दर्शन करने का लाभ प्राप्त होता है। 2003 के बाद मंदिर ट्रस्ट के द्वारा मंदिर तक पहुंचने के लिए पहाड़ी को काटकर सड़क मार्ग से व्यवस्था की गई है जिसमें 500 वाहन प्रतिदिन मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था है तथा उक्त वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। सलकनपुर देवीधाम पहुंचने के लिए रेलमार्ग द्वारा होशंगाबाद रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित सीहोर जिले के बुदनी स्टेशन उतरकर वहां से बस द्वारा जाया जा सकता है।

## भक्त लालसा के बगैर प्रेम किया करते हैं



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जल बिना मछली की जो हालत रहती है, भक्तों के मन की प्रभु के बिना वही हालत हुआ करती है। इसलिए जो वास्तव में भक्त होता है, उसी के बारे में कहा जाता है-

ज्यों जल प्यारा माछरी, लोभी प्यारा दाम, ज्यों मात प्यारा बालक, त्यों भक्त प्यारा राम।

अर्थात् मछली को जैसे जल प्यारा है, लोभी को दाम प्यारा है, जो लालची होते हैं उनके लिए ही कहा जाता है कि चमड़ी जाए पर दमड़ न जाए, इसी प्रकार भक्त को राम प्यारा होता है। प्यार निष्काम भाव से किया जाता है। जिस तरह से मां भी अपने बच्चे से प्रेम करती है, तो उसमें कोई स्वार्थ की भावना नहीं हुआ करती। वह यह नहीं सोचती कि बच्चे ने जन्म लिया है, ये बच्चा बड़ाहोगा, कमाकर लाएगा, फिर वो मुझे खिलाएगा, इसलिए मैं इसकी परवरिश करुं। वो इसलिए परवरिश नहीं करती है। वो जानती है कि उसकी रगों का रक्त, उसकी लिव (प्रीति) सके साथ जुड़ी हुई है। एक-एक धड़कन उसकी अपनी है। जरा सी आंच भी उसको आती है तो उसको पीड़ा शुरु हो जाती है। तो एक निष्काम भाव से की हुई देखभाल है। वो निष्काम भाव से किया हुआ प्रेम है। इसी तरह से इस प्रभु के साथ भी ये भक्त निष्काम भाव से प्रेम करता है और कोई कामना रखे बगैर करता है। कहा भी है-

कामी क्रोधी लालची, इनसे भक्ति न होए। भक्ति करे कोई सूरमा, जाति वर्ण कुल खोए।

यानि भक्त लालसा के बगैर प्रेम किया करते हैं। वो प्रेम इसलिए करते हैं कि यह आनन्द का स्रोत होता है, सुख का स्रोत होता है। इस दिव्य चक्षु या ज्ञान दृष्टि को प्राप्त करने के लिए गृहस्थ छोड़ने की जरुरत नहीं।

इसी तरह से इस प्रभु को जब हम याद करते हैं, इसकी प्राप्ति की इच्छा यदि हमारे मन में है, तो फिर इस इच्छा की पूर्ति भी करनी आवश्यक है, इस मालिक के साथ अपना नाता जोड़ लेना है, जिसका जिक्र हुआ है कि ये हर जगह मौजूद है। ये पत्ते-पत्ते में है, ये डाली-डाली में है। कोई भी ऐसा स्थान नहीं जहां पर मालिक मौजूद नहीं। इसे देखने के लिए केवल दिव्य चक्षु की जरुरत है और दिव्य चक्षु या ज्ञान दृष्टि को प्राप्त करने के लिए न तो गृहस्थ छोड़ने की जरुरत है, न जंगलों, पर्वतों, वीरानों आदि में जाकर डेरा लगाने की जरुरत है औ न ही अपने कर्तव्यों का त्याग करने की आवश्यकता है। अर्जुन ने जब जिज्ञासा प्रकट की, तब भगवान श्री कृष्ण ने दिव्य चक्षू प्रदान कर उसकी अज्ञ्ज्ञनता को दूर कर दिया। अगर कोई कहे कि हम इस गृहस्थी, इस मायाजाल को छोड़ दे, कहीं पर वीरानों में डेरे लगा लें, तब इस प्रभु की प्राप्ति की जा सकती है, लेकिन श्रीकृष्ण का उपदेश तो रण के मैदान में, कुरुक्षेत्र में दिया गया था।




**नोकरियां यहां देखें**

| | |
|---|---|
| **आरआरबी द्वारा विज्ञापित स्टेशन मास्टर के**<br>कुल पद: 5810<br>आवेदन की अंतिम तिथि: 20 नवंबर, 2025<br>योग्यता: यूजी<br>आयु सीमा:18 से 33 साल<br>करें आवेदन:<br>**rrbapply.gov.in** | **हरियाणा पावर कारपोरेशन में असिस्टेंट इंजीनियर के**<br>कुल पद: 285<br>आवेदन की अंतिम तिथि: 29 अक्टूबर, 2025<br>योग्यता: बीई, बीटेक<br>आयु सीमा: 20 से 42 वर्ष<br>करें आवेदन:<br>**hrpower.org** |
| **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग अस्सिटेंट के**<br>कुल पद:162<br>आवेदन की अंतिम तिथि: 4 नवंबर, 2025<br>योग्यता: डिप्लोमा<br>आयु सीमा: 18 से 28 साल<br>करें आवेदन:<br>**bel- india.in** | **तमिलनाडु पंचायती राज में सचिव के**<br>कुल पद: 1483<br>आवेदन की अंतिम तिथि: 9 नवंबर, 2025<br>योग्यता: दसवीं पास<br>आयु सीमा: 18 से 32 साल<br>करें आवेदन:<br>**tnrd.tn.gov.in** |
| **पंजाब लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित हॉर्टिकल्चर ऑफिसर के**<br>कुल पद: 101<br>आवेदन की अंतिम तिथि: 14 नवंबर 2025<br>योग्यता: बीएससी एग्रीकल्चर<br>आयु सीमा: 18 से 37 साल<br>आवेदन करें :<br>**ppsc.gov.in** | **मध्य प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर, सूबेदार के**<br>कुल पद: 500<br>आवेदन की अंतिम तिथि:10 नवंबर ,2025<br>पात्रता: स्नातक<br>आयु सीमा: 33 से 43 साल<br>करें आवेदन:<br>**esb.mp.gov.in** |

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

## देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट: अमित कुमार

बाल विवाह अधिनियम के तहत दो साल की जेल व एक लाख रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि देवउठनी ग्यारस बहुत अधिक शादियां हैं। ऐसे शुभ मुहूर्त पर बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है। इस दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए उपमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। बाल विवाह करने व करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने उपमंडलवासियों का आह्वान किया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मैरिज पैलेस व बैंक्वेट हॉल के संचालक, मैरिज पैलेस के मालिकों भी अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बंध में पहले दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करें। जांच के दौरान यदि लडके की आयु 21 वर्ष से कम व लडक़ी की आयु 18 वर्ष से कम है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि



आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है, तो वह कानूनन अपराध है। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसके तहत दो साल की जेल व एक लाख रूपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में कोई भी व्यक्ति सूचना नजदीकी पुलिस थाना/चौकी, आंगनवाड़ी वर्कर, डब्ल्यूसीडीपीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बाल विवाह निषेध अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलान नंबर 1098, और पुलिस हैल्पलाईन नंबर 112 पर भी दे सकते हैं।

## समय समय पर बच्चों का अभिभावक करते रहे अवलोकन: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। यूं तो जीवन का हर पल ही एक सबक है लेकिन धरती पर सबसे प्रथम शिक्षक बच्चे के माता-पिता होते हैं। बच्चे के जीवन का प्रथम विद्यालय उसका अपना घर ही होता है। घर में बच्चे के माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची जो संस्कार दिए जाते हैं वे बच्चों के जीवन में आगे चलकर उनका चरित्र निर्माण करते हैं। यही से बच्चे के सामाजिक ढांचे की नींव पड़ती है। बच्चों में ऐसी आदत डालना चाहिए, जिससे समय-समय पर वे अपना आत्म अवलोकन करते रहें। किसी की कोई बात यदि अच्छी न लगें तो तुरंत प्रतिकार न करें बल्कि धैर्य के साथ सोच-विचार कर चुप रहना बेहतर है। इससे सामने वालों को यह सोचने का अवसर मिल जाता है कि उसने कोई गलत बात तो नहीं कह दी। बच्चों को यह सिखाया जाना चाहिए कि किसी से भी ईर्ष्या न करें। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने कहा कई बार ऐसा भी होता है कि प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चे नर्वस होने लगते हैं। तब उनके आत्मविश्वास को जगाना



चाहिए। ऐसे समय बच्चों को भावनात्मक सहयोग की जरूरत होती है। यह परिवार और स्कूल दोनों जगह बच्चों को मिलना चाहिए। कई बार स्कूल में बच्चों को भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को शिक्षक देखें और उसका समाधान कराएं। क्योंकि भेदभाव से बच्चों के अंदर हीन भावना पैदा होती है जो उसके स्वाभावित विकास को अवरुद्ध कर सकती है। स्कूलों में पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ ही विभिन्न तरह की प्रतियोगिता भी कराई जाती हैं। बच्चों को सवालों के जवाब पता होते हैं लेकिन कई बार वे आत्मविश्वास की कमी के चलते उत्तर दे ही नहीं पाते। ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित करने का दायित्व शिक्षक-शिक्षिका पर ही होता है।

मनीषसंत ने आगे कहा जीव का जीवन ही माता और पिता के माध्यम से प्रारंभ होता है। बिना मां-बाप के किसी भी योनि में जीव की परिकल्पना नहीं है। ऐसे में जन्मदाता मां-बाप उनके लिए प्रथम गुरु या भगवान ही होते है। उनकी छत्रछाया में पल-बढ़कर वे अपना भविष्य सुंदर व सुखमय बनाते है। लेकिन बर्तमान समय में बढ़ती भौतिकवादी प्रवृति ने ऐसे-ऐसे पवित्र रिश्तों को भी तार-तार करने का काम किया है। आजकल तो सिर्फ स्वार्थ तक ही कोई बच्चे अपने मां-बाप से नाता बनाए रखते है। इससे पारवारिक व सामाजिक परिस्थिति में बदलाव आया है। इसी बदलाव व दुराव को पाटने के लिए फादर्स डे एक महत्वपूर्ण यादगार दिन लेकर आता है। जिस दिन बच्चे अपने पिता को याद कर इस धराधाम पर आने के लिए शुक्रगुजार करते है। मनुष्य के जीवन में पिता का काफी महत्वपूर्ण स्थान होता है। पिता की ही उंगुली पकड?र कोई भी इंसान चलना सिखता है। बचपन में पिता बच्चों के लिए गुरु होते है जो जवानी में एक दोस्त। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही कोई सफल हो सकता है। माता-पिता का हर किसी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।

## पंचांग

शुक्रवार, 24 अक्तूबर, 2025, सूर्योदय: 06:28 ए एम, सूर्यास्त: 05: 43 पी एम, चन्द्रोदय: 08:53 ए एम, चन्द्रास्त: 07:13 पी एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2082 पिङ्गल, अमान्त महीना: कार्तिक, पूर्णिमान्त महीना: कार्तिक, वार: शुक्रवार, पक्ष: शुक्ल पक्ष, तिथि: तृतीया - 01:19 ए एम, अक्टूबर 25 तक, नक्षत्र: अनुराधा - पूर्ण रात्रि तक, योग: सौभाग्य - 05:55 ए एम, अक्टूबर 25 तक, करण: तैतिल - 12:03 पी एम तक, द्वितीय करण: गर - 01:19 ए एम, अक्टूबर 25 तक, सूर्य राशि: तुला, चन्द्र राशि: वृश्चिक, राहुकाल: 10:41 ए एम से 12:05 पी एम, गुलिक काल: 07:52 ए एम से 09:16 ए एम, यमगण्ड: 02:54 पी एम से 04:18 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:43 ए एम से 12:28 पी एम, दुर्मुहूर्त: 08:43 ए एम से 09:28 ए एम, दुर्मुहूर्त: 12:28 पी एम से 01:13 पी एम, अमृत काल: 08:09 पी एम से 09:57 पी एम, वर्ज्य: 09:21 ए एम से 11:09 ए एम।

## भविष्य फल



**मेष:** आय के स्रोतों में वृद्धि में होगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास कार्यों में सफलता दिलाएगा।

**वृष:** बुजुर्गों के आशीर्वाद से व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति बनेगी।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अनावश्यक खर्च बढने से चिंतित रहेंगे, जिससे क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क:** आज का दिन आर्थिक दृष्टि से काफी अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। आय के स्रोत बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह:** व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च की भी अधिकता रहेगी।

**कन्या:** कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ रहेगा। कठिन परिश्रम से सभी कार्य समय पर पूरे होंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति प्रतिकूल हो सकती है।

**तुला:** कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों की सफलता से धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपने प्रयासों और कड़ी मेहनत से कार्यों में सफल होंगे।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ की प्राप्ति हो सकती है। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश लाभदायक रहेगा।

**मकर:** व्यवसाय-धंधे में लाभ की स्थिति रहेगी। किसी नये कार्य की शुरुआत कर सकते हैं।

**कुंभ:** कारोबार में धन प्राप्ति के योग हैं। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कुछ परेशानियां भी आ सकती हैं।

**मीन:** कार्यक्षेत्र में दूसरों पर भरोसा न करें। अपनी मेहनत पर विश्वास करें और आगे बढ़ते रहें। अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

गोहाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध हथियार रखने वाला व हथियार सप्लाई करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले की क्राईम यूनिट गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित व अवैध हथियार मुहैया करवाने वाले दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रविन्द्र उर्फ गागू पुत्र प्रेम निवासी छत्तेहरा जिला सोनीपत व कृष्ण पुत्र बिजेन्द्र निवासी रभड़ा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 22 अक्तूबर 2025 को क्राईम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम मे नियुक्त सहायक उप निरिक्षक अनित अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु गोहाना से पानीपत रोड नजदीक बाईपास मोड गोहाना मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि रविन्द्र उर्फ गागू पुत्र प्रेम निवासी गाँव छतेहरा जिला सोनीपत जिसके पास अवैध हथियार है कुछ देर बाद शहर गोहाना की तरफ से पैदल-पैदल इसी तरफ आएगा अगर नाकाबन्दी की जाए तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है जो प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वहीं पर दुरस्त नाकाबन्दी की गई जो कुछ देर बाद एक नौजवान लडका शहर गोहाना की तरफ से पैदल-पैदल आता दिखाई दिया जो सामने खड़ी पुलिस पार्टी को देखकर एकदम पीछे मुडकर तेज-तेज कदमो से वापिस शहर गोहाना की तरफ चलने लगा। पुलिस टीम द्वारा शख्स को शक की बिनाह पर काबू करके नाम पता पूछा तो शख्स ने अपना नाम रविन्द्र उर्फ गागू पुत्र प्रेम निवासी गाँव छतेहरा जिला सोनीपत बताया। पुलिस टीम द्वारा संदेह के आधार पर युवक की नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक द्वारा पहनी हुई पैंट से एक पिस्तौल देशी 32 बोर मिला जो बरामद पिस्तौल की मैगजीन को निकालकर चैक किया जिसमे 1 जिन्दा रौन्द 32 बोर मिला।

## इतिहास

भूले जो इतिहास को, बंदा वो कमाल नहीं
चढ़ना छिपना सूरज का काम, आया कोई भूचाल नहीं
डगमा रहा है चिट्टा कबूतर, लगता उसका इंतेकाल नहीं
सोचो समझो पत्थर पर बैठो, फूलो से बनता जल नहीं
प्रीतम महंत संत गोविंद के सेवक,
तेरा लिखना जग पे बवाल नहीं

-प्रीतम सिंह, चंडीगढ़

## देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट: सुशील सारवान

बाल विवाह अधिनियम के तहत दो साल की जेल व एक लाख रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि देवउठनी ग्यारस बहुत अधिक शादियां हैं। ऐसे शुभ मुहूर्त पर बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है। इस दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। बाल विवाह करने व करवाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के



लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मैरिज पैलेस व बैंक्वेट हॉल के संचालक, मैरिज पैलेस के मालिकों भी अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बंध में पहले दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करें। जांच के दौरान यदि लडके की आयु 21 वर्ष से कम व लडक़ी की आयु 18 वर्ष से कम है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है, तो वह कानूनन अपराध है। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसके तहत दो साल की जेल व एक लाख रूपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में कोई भी व्यक्ति सूचना नजदीकी पुलिस थाना/ चौकी, आंगनवाड़ी वर्कर, डब्ल्यूसीडीपीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बाल विवाह निषेध अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलान नंबर 1098, और पुलिस हैल्पलाईन नंबर 112 पर भी दे सकते हैं।

### लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2025 के लिए 15 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन: उपायुक्त

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए दिए जाने वाले प्रधानमंत्री पुरस्कार-2025 के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2006 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार नाम से एक योजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों/संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को स्वीकार करना, मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। पुरस्कार प्रथम श्रेणी जिलों का समग्र विकास, द्वितीय श्रेणी आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम व श्रेणी नवाचार में प्रदान किए जाएंगे। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए https://pmawards.gov.in पोर्टल तथा दूरभाष 011-23367966 पर संपर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि प्राथमिकता कार्यक्रमों, नवाचारों और आकांक्षी जिलों में जिला कलेक्टरों के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए 2014 में इस योजना का पुनर्गठन किया गया। जिले के आर्थिक विकास की दिशा में जिला कलेक्टरों के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए 2020 में इस योजना का फिर से पुनर्गठन किया गया। रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, प्रतिकृति और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2021 में एक नए दृष्टिकोण के साथ योजना को नया रूप दिया गया। इस दृष्टिकोण के तहत केवल मात्र लक्ष्यों की प्राप्ति के बजाए सुशासन, गुणात्मक उपलब्धि और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए, पुरस्कारों के लिए आवेदनों का मूल्यांकन तीन मानदंडों सुशासन, गुणात्मक और मात्रात्मक आधार पर किया जाएगा।

## शहीद पुलिसकर्मियों की याद में सोनीपत पुलिस ने चलाया सफाई अभियान व किया पौधारोपण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के दिशा-निर्देशानुसार 'पुलिस स्मृति सप्ताह' के तहत आज सोनीपत पुलिस द्वारा पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व थाना/चौकी स्तर पर सफाई अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस लाइन्स परिसर, सभी पुलिस उपायुक्तों के कार्यालय, पुलिस थाने व चौकी और आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया



तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान देने हेतु पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, लाइन अफसर सहित अनेक पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। सभी ने शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया। सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजीत सिंह ने बताया कि शहीद पुलिसकर्मियों की याद में यह अभियान समर्पण और सेवा की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और हरियाली समाज के विकास में अहम भूमिका निभाती है, और पुलिसकर्मी इस दिशा में भी समाज के लिए प्रेरणा बनें।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पुलिसकर्मियों ने स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

## दिव्यांग छात्रवृति योजना के लिए 31 अक्तूबर तक करें आवेदन: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि दिव्यांग छात्रों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग केंद्र सरकार द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक, प्री-मैट्रिक व टॉप क्लास एजुकेशन स्कॉलरशिप योजना चलाई जा रही हैं। जिसके तहत दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल https://scholarships.gov.in/Students पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2025 निर्धारित की गई है। उपायुक्त ने सभी पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पोर्टल पर पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर लें, ताकि वे छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त कर सकें।

अखिलेश पर बरसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बोले-

# गद्दी विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देश में बड़ी बहस छेड़ते हुए कहा कि देश में ब्रिटिश उपनिवेश की चर्चा होती है, फ्रांसीसी उपनिवेश की चर्चा होती है लेकिन 'राजनीतिक इस्लाम' की चर्चा नहीं होती है, जिसने सनातन आस्था पर सबसे ज्यादा कुठाराघात किया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप और महाराणा सांगा राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ ही लड़ाई लड़ी थी। पूर्व में हमारे पूर्वजों ने राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी, जिसकी चर्चा नहीं होती। मुख्यमंत्री योगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पर गोरखपुर विभाग द्वारा आयोजित विचार-परिवार कुटुंब स्नेह मिलन एवं 'दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने मंदिर के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संघ की सौ वर्ष की यात्रा के कालखंड में असंभव को भी संभव होते देखा गया है। राम मंदिर को लेकर सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग प्रश्न करते थे संघ के स्वयंसेवक दृढ़ संकल्प से कहते थे कि मंदिर जरूर बनेगा। संघ ने बंदिशें झेलीं, स्वयंसेवकों ने लाठी गोली खाई। परिणाम भव्य श्रीराम मंदिर के रूप में सबके सामने है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के दीपोत्सव को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर एक बार फिर शाब्दिक प्रहार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दीपावली पर दीये जलाने के विरुद्ध बयान देकर अखिलेश यादव ने यह सिद्ध कर दिया है कि उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर, देवी देवताओं, सनातन धर्मऔर दीपावली जैसे इसके पर्व-त्योहारों से भी नफरत है। उनका बयान प्रजापति समाज (कुम्हारों) का अपमान करने वाला है। उन्होंने अखिलेश पर यह भी तंज कसा कि गद्दी तो विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। बिना विवेक वाले लोग ही दीपावली का विरोध करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अयोध्या साढ़े आठ वर्ष पूर्व वीरान थी, अब वहां का भव्य दीपोत्सव नई पहचान बन गया है। इस बार 26 लाख 17 हजार दीये जलाने का नया विश्व रिकार्ड बना है। उन्होंने कहा कि सपा को दीया जलाने पर भी परेशानी है। सपा प्रमुख कहते हैं कि दीया जलाने की आवश्यकता क्या है, मोमबत्ती जला लेते। उनका यह बयान तिलहन की पैदावार कर दीयों को तेल देने वाले अन्नदाता किसानों और मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का अपमान है। 2017 के पूर्व मिट्टी को लेकर कुम्हारों की पीड़ा को अगर समझा होता तो बबुआ (सपा प्रमुख अखिलेश यादव) बचकाना बयान नहीं देते। उन्हें नहीं मालूम है कि दो करोड़ लोग मिट्टी के दीयों से लेकर बर्तन के कारोबार से जुड़े हुए है। मिट्टी के उत्पाद आर्थिक निर्भरता और स्वावलंबन का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश को सनातन धर्म के त्योहारों, देवी-देवताओं से नफरत है। अखिलेश, दुर्योधन की मूर्ति लगाने की बात करते हैं, हमनें कहा कि कंस की भी मूर्ति लगवा लो। सपा को रामद्रोही, कृष्णद्रोही और सनातन पर्व द्रोही बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अयोध्या, मथुरा, वृंदावन की है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कांग्रेस को भी निशाने पर रखा। कहा कि कांग्रेस प्रभु राम और कृष्ण को नकारती थी। कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर कहा था कि भगवान राम और कृष्ण मिथक हैं। सपा ने निर्ममता के साथ राम भक्तों पर गोलियां चलाई थीं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया अयोध्या में आकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर अभिभूत हो रही है। पिछले साल 6 करोड़ लोगों ने अयोध्या में प्रभु राम का दर्शन किया। प्रयागराज में महाकुंभ के 66 करोड़ से अधिक लोग साक्षी बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग इसमें शुरूआत से ही खोट निकाल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे देश में अंग्रेजी शासन से मोर्चा लेने की चर्चा तो होती है लेकिन राजनीतिक इस्लाम की चर्चा नहीं होती। राजनीतिक इस्लाम ने हमारी आस्था पर कुठाराघात किया। हमारे पूर्वजों ने ब्रिटिश और फ्रांस के उपनिवेश के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी, राजनीतिक इस्लाम को लेकर भी मोर्चा लिया था। वीर शिवाजी और महाराणा प्रताप के नाम इसमें उल्लेखनीय हैं। उन्होंने कहा कि आज भी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के रूप में राजनीतिक इस्लाम को बढ़ाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि हलाल सर्टिफिकेशन उत्पाद के प्रदेश में बिक्री पर रोक लगाई गई है। हलाल उत्पाद खरीद से मिलने वाले रुपये से ही धर्मांतरण, लव जिहाद और आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तय किए गए पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी से आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्यों का उल्लेख किया और कहा कि पंच परिवर्तन विकसित भारत की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि विकसित समाज और विकसित राष्ट्र के लिए समाज को आगे और सरकार को समाज के पीछे चलना होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोरक्ष प्रांत के प्रचारक रमेश ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि सनातन, भारत और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कोई फर्क नहीं है। तीनों एक ही हैं। यह दुनिया का पहला संगठन है जो स्वावलंबी है। उन्होंने कहा कि सौ वर्ष की यात्रा में संघ ने अनेक चुनौतियों का सामना किया लेकिन विरोधों के सागर में चट्टान की भांति खड़ा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत संघचालक डॉ. महेंद्र अग्रवाल ने की।

## पुलिसकर्मियों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य पूंजीः मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस समारोह में प्रदेश पुलिस के वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान प्रदेश और देश की अमूल्य पूंजी है, जिसे हम कभी भूल नहीं सकते। उनकी स्मृतियां हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा का अमर संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4,061.87 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर प्रदेश के तीन बहादुर पुलिसकर्मियों एसटीएफ निरीक्षक सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह (जौनपुर) और आरक्षी सौरभ कुमार (गौतमबुद्ध नगर) ने अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ हर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 96 पुलिस कर्मियों (केंद्रीय बलों एवं अन्य राज्यों के मूल निवासी यूपी के पुलिसकर्मी सहित) को कुल 30.70 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पुलिस बल के मनोबल, कार्यकुशलता और व्यावसायिक दक्षता को सशक्त करने के लिए कई अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों की सेवानिवृत्ति और मृत्यु के उपरांत 90 प्रतिशत जीपीएफ के 2,511 प्रकरणों का भुगतान किया गया, जबकि उत्तर प्रदेश सामान्य भविष्य निधि नियमावली 1985 के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय संभाग के 108 पुलिस कार्मिकों को अग्रिम धनराशि स्वीकृत की गई। 234 पुलिसकर्मियों के मेधावी बच्चों को 51.10 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई तथा 1.12 करोड़ रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की गई।

स्वास्थ्य सुरक्षा के तहत चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 519 मामलों में 11.85 करोड़ रुपये की चिकित्सा प्रतिपूर्ति दी गई, जबकि 170 कर्मियों को जीवन रक्षक निधि से 6.64 करोड़ रुपये अग्रिम दिए गए। 374 मृतक पुलिस कर्मियों के आश्रितों को 11.86 करोड़ की बीमा धनराशि और 124 आश्रितों को बैंक ऑफ बड़ौदा के 'बड़ौदा पुलिस सैलरी पैकेज' से 67.76 करोड़ रुपये का भुगतान कराया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों के सम्मान में 34 कर्मियों को राष्ट्रपति वीरता पदक, 11 को विशिष्ट सेवा पदक और 145 को सराहनीय सेवा पदक मिले हैं। गृह मंत्रालय ने 763 कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, जबकि 486 को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए हैं। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक तीन राजपत्रित अधिकारियों को प्रदान किए गए। पुलिस महानिदेशक द्वारा 90 राजपत्रित और 404 अराजपत्रित कर्मियों को सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। वहीं 35 प्लेटिनम, 115 गोल्ड और 789 सिल्वर प्रशंसा चिन्ह भी दिए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी पुलिस ने भर्ती और प्रशिक्षण में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2017 से अब तक 2.09 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है, जिनमें 34,000 महिलाएं शामिल हैं।



वर्तमान में 28,154 पदों पर भर्ती और 2,391 पर पदोन्नति प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि 60, 244 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को हाइब्रिड मॉडल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें शारीरिक, कानूनी, तकनीकी, साइबर अपराध और एआई आधारित सिमुलेशन अभ्यास शामिल हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने अयप्पा मंदिर में इरुमुड़ी के साथ टेका माथा

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



पथानामथिट्टा (केरल)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला पर्वत पर स्थित अयप्पा स्वामी मंदिर में दर्शन किए जो देश में पहली महिला राष्ट्रपति हैं। पथानामथिट्टा जिले के घने वन क्षेत्र में स्थित सबरीमाला अयप्पा स्वामी मंदिर में दर्शन करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति बनकर मुर्मू ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

इससे पहले, 1970 के दशक में तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी. गिरि ही राष्ट्रपति के रूप में सबरीमाला गए थे। तब वे पालकी में सवार होकर आए थे। उल्लेखनीय है कि उसके बाद से किसी भी राष्ट्रपति ने इस मंदिर में दर्शन नहीं किए हैं। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार सुबह 7 बजे सबरीमाला दर्शन के लिए तिरुवनंतपुरम से सेना के हेलीकॉप्टर से रवाना हुए और पथानामथिट्टा के पास प्रमधाम कस्बे के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में उतरे। वहाँ से वे अपने काफिले के साथ पंबा नदी पहुँचे और उन्होंने नदी के पानी में अपने पैर धोए। बाद में, उन्होंने पास के गणपति मंदिर सहित कई मंदिरों का दौरा किया। काली साड़ी में पहुंची मुर्मू ने केट्टुनिरा मंडपम में गणपति मंदिर के मुख्य पुजारी इरुमुदी को अपने सिर पर रखा। बाद में, वहां पत्थर की दीवार पर नारियल से उनकी पिटाई की गई। वह अपने सिर पर इरुमुदी के साथ सन्निधानम के लिए रवाना हुईं। इसके लिए, वह 4.5 किलोमीटर लंबे स्वामी अय्यप्पन रोड पर एक विशेष वाहन में आईं। राष्ट्रपति मुर्मू के साथ, उनके एयर-डी एयर-डी-कैंप 5-डी-कैंप (एडीसी) (एडीसी) सौरभ एस नायर, निजी सुरक्षा अधिकारी विनय मधुर और उनके दामाद गणेश चंद्र होम्ब्रम ने भी अपने सिर पर इरुमुदी पहनी थी। सन्निधानम पहुँचने के बाद, वह 18 सबसे पवित्र सीढ़ियों से होते हुए सीधे मंदिर पहुँचीं। वहाँ, केरल के मंदिर मंत्री वीएन वसावन और त्रावणकोर देवस्थानम बोर्ड के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने उनका स्वागत किया। मंदिर के तंत्री कंडादार महेश मोहनारू ने पूर्णकुंभम से राष्ट्रपति का स्वागत किया। बाद में, उन्होंने इरुमुडी के साथ मंदिर के दर्शन किए। गर्भगृह के पास पहुँचकर, इरुमुडी को मंदिर की मुख्य सीढ़ियों पर रखा गया। मुख्य पुजारी ने इरुमुडी को लिया और पूजा के लिए गर्भगृह में ले गए।

## मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू कल अबू धाबी दौरे पर: निवेश व औद्योगिक सहयोग पर करेंगें कई अहम बैठकें

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी

**दुबई।** निवेश आकर्षित करने के लिए दुबई, संयुक्त अरब अमीरात के दूसरे दिन के दौरे पर आए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू अबू धाबी में उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। कल सुबह 10.15 बजे दुबई से अबू धाबी के लिए रवाना होने वाले मुख्यमंत्री अबू धाबी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अहमद जसीम अल ज़ाबी से मुलाकात करेंगे। यह बैठक अबू धाबी के अल मैराह द्वीप स्थित एडीजीए स्क्वायर में होगी। मुख्यमंत्री जी42 के सीईओ मंसूर अल मंसूरी से भी मुलाकात करेंगे। बाद में, मुख्यमंत्री अबू धाबी राष्ट्रीय तेल कंपनी के प्रतिनिधियों अहमद बिन तलित, रसद विभाग के प्रतिनिधि अब्दुल करीम अल मसाबी, राशिद अल मजरोई, जायद अल शायेया, सईद अल अमेरी और इसी कंपनी के अन्य प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। बाद में, वह अबू धाबी में स्थानीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक गोलमेज बैठक में भाग लेंगे। दोपहर में, सीएम अबू धाबी निवेश विभाग के अध्यक्ष खलीफा खौरी से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री लुलु समूह के सीएमडी यूसुफ अली से भी मिलेंगे और विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा में लुलु मॉल के निर्माण और मल्लवल्ली में लॉजिस्टिक्स सेंटर पर चर्चा करेंगे। सीएम अगिता समूह के सीईओ सलमीन अलमेरी से भी मिलेंगे, जो एपी में एक खाद्य प्रसंस्करण पार्क स्थापित करने में रुचि रखते हैं। वह अबू धाबी में मसदर सिटी के सीईओ मोहम्मद जमील अल रामही से मिलेंगे। बाद में, वह यास द्वीप में पर्यटन परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों पर कंपनी के सीईओ मोहम्मद अब्दुल्ला अल ज़ाबी से मिलेंगे। इस बैठक के बाद, चंद्रबाबू भारतीय महावाणिज्य दूत के निवास पर मुख्यमंत्री के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे।



## हजारीबाग पुलिस ने 2.7 किलो अफीम के साथ चार तस्करों को धर-दबोचा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के हजारीबाग जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र के छड़वा डैम के पास पुलिस ने आज 2.7 किलो अफीम के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि यहां नशा तस्करी की वारदात हो रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम ने छड़वा डैम के पास छापेमारी की। वहां एक छह चक्का ट्रक और तीन मोटरसाइकिलें खड़ी थीं। पुलिस को देखकर मौके पर खड़े लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने लंबा पीछा कर चारों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप कुमार, मोहम्मद जाहिद आलम, मोहम्मद सहजाद उर्फ सोनू (सभी चतरा से) और मंजीत सिंह (लुधियाना, पंजाब) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अफीम के अवैध कारोबार में संलिप्त हैं और बरामद पदार्थ को पंजाब के लुधियाना ले जाने वाले थे। मौके से पुलिस ने 2.7 किलो अफीम, तीन मोटरसाइकिलें, एक ट्रक और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

असम के बीटीएडी क्षेत्र में रेलवे विकास की रफ्तार तेज

## एनएफआर चला रहा है कई परिवर्तनकारी परियोजनाए

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मालीगांव। असम के बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र जिलों (बीटीएडी) में कनेक्टिविटी, बुनियादी ढाँचा और आर्थिक विकास को मज़बूत करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) कई परिवर्तनकारी रेल विकास परियोजनाएँ चला रहा है। इन पहलों का उद्देश्य क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना, रोज़गार सृजन करना और विकसित भारत के विजन के तहत बीटीएडी को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क के साथ और अधिक मजबूती से जोड़ना है।

इनमें से एक प्रमुख परियोजना कोकराझार जिले के बासबाड़ी में प्रस्तावित वैगन पीरियोडिक ओवरहालिंग (पीओएच) कारखाना है। हाल ही में, एनएफआर के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिकारियों और बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद के प्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। 256.35 करोड़ रुपये (पहला चरण) की लागत से लगभग 2,500 बीघा में विकसित की जाने वाली यह आधुनिक सुविधाओं वाले कारखाना में शुरुआती तौर पर प्रति माह 75 वैगनों की हैंडलिंग की जाएगी, जिसे बाद के चरणों में बढ़ाकर 250 वैगन प्रति माह किया जाएगा। रणनीतिक रूप से बासबाड़ी रेलवे स्टेशन और रूपसी हवाई अड्डा के निकट बनने वाला यह कारखाना एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स केंद्र के रूप में काम करेगा, जो स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और कौशल विकास के अवसर उत्पन्न करेगा और साथ ही एनएफआर की वैगन रखरखाव क्षमता को बढ़ाएगा। इसके अलावा, कोकराझार-गेलेफू नई रेलवे लाइन परियोजना को भारत सरकार ने एक विशेष रेल परियोजना के रूप में घोषित किया है, जो 69 किलोमीटर लंबी भारत-भूटान सीमा पार कनेक्टिविटी पहल है। इस प्रस्तावित परियोजना का नेतृत्व एनएफआर कर रहा है।



## माता साहिब कौर जी के चरणों के ऐतिहासिक जोड़ा साहिब 'चरण सुहावे' यात्रा नगर कीर्तन के रूप में तख्त पटना साहिब के लिए रवाना: हरमीत सिंह कालका

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि तख्त श्री हरमंदर जी पटना साहिब की ओर से साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और खालसा की माता, माता साहिब कौर जी के चरणों के ऐतिहासिक जोड़ा साहिब को तख्त श्री हरमंदर जी पटना साहिब में सुशोभित करने के लिए 'चरण सुहावे' यात्रा नगर कीर्तन के रूप में आज गुरुद्वारा मोती बाग साहिब से तख्त पटना साहिब के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर संगतों ने भारी संख्या में हाजिरी भरी। यह यात्रा दिल्ली में आर.के. पुरम, सफदरजंग, ग्रीन पार्क, मालवीय नगर, जी.के.-2, कालका जी, गोविंदपुरी, बदरपुर आदि मार्गों से होती हुई रात्रि विश्राम फरीदाबाद में करेगी। इसके अलावा, सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर जी के चरणों के ऐतिहासिक जोड़ा साहिब को तख्त श्री हरमंदर जी पटना साहिब में सुशोभित करने की इस ऐतिहासिक यात्रा के उपलक्ष्य में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुद्वारा मोती बाग साहिब में एक विशेष गुरमत समागम आयोजित किया गया।



इस विशेष समागम के दौरान संगत ने ऐतिहासिक जोड़ों के दर्शन किए और भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## रेलवे बोर्ड के महानिदेशक हरि शंकर वर्मा ने किया रेल डिब्बा कारखाना का दौरा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

कपूरथला। रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (संरक्षा) श्री हरि शंकर वर्मा ने आज रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला का दौरा किया, जहां उनके आगमन पर रे डि का के प्रिंसिपल चीफ मेकेनिकल इंजीनियर श्री रवि कुमार और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। रेल डिब्बा कारखाना पहुँचने पर, श्री वर्मा ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोचों की संरक्षा, उत्पादन क्षमता और चालू वित्त वर्ष में नए प्रकार के कोचों के निर्माण से संबंधित मुख्य मुद्दों पर एक बैठक की। इस अवसर पर, रे डि का के डिज़ाइन विभाग ने डिब्बों में इलेक्ट्रिकल वायरिंग और संरक्षा के अन्य पहलुओं में सुधार के लिए रे डि का द्वारा उठाए गए कदमों पर एक प्रस्तुति दी। बाद में, वर्कशॉप के अपने दौरे के दौरान, श्री वर्मा ने वर्कशॉप में कोच निर्माण प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रे डि का द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कोचों, जैसे ए सी और नॉन ए सी डिब्बों आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने डिब्बों में लगे विद्युत उपकरणों और उनके अनुप्रयोगों की भी जाँच की और रे डि का के साथ संरक्षा पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कोचों के त्वरित निर्माण के लिए रे डि का के बुनियादी ढाँचे की प्रशंसा की और इस प्रक्रिया में अग्नि सुरक्षा एवं अन्य पहलुओं पर अपनी बहुमूल्य सलाह भी दी। श्री हरि शंकर वर्मा ने भारतीय रेलवे को विश्व मानकों के अनुरूप बनाने में रे डि का के योगदान की सराहना की और आर सी एफ को डिज़ाइनिंग एवं निर्माण में अपनी सर्वोच्च स्थिति बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करने पर ज़ोर दिया।

हिंदुस्तान जिंक बनी दुनिया की सबसे गहरी मैराथन की पार्टनर

# पृथ्वी से 1,120 मीटर नीचे होगा ऐतिहासिक आयोजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

उदयपुर। दो दिन बाद होने वाली दुनिया की सबसे गहरी मैराथन के लिए उत्साह चरम पर है। यह असाधारण आयोजन स्वीडन में बोलिडेन की गारपेनबर्ग जिंक खदान में, समुद्र तल से 1,120 मीटर नीचे हो रहा है, जो दुनिया की सबसे आधुनिक खदानों में से एक है। इस रोमांच की झलक देने के लिए, एक 30 सेकंड का टीजर फिल्म भी जारी किया गया है। 25 अक्टूबर को, 18 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 धावक, जिनमें सीईओ, खनन उद्योग के प्रतिनिधि, चैरिटी कार्यकर्ता और शौकिया धावक मिलकर अपनी शारीरिक और मानसिक सीमाओं को आगे बढ़ाएँगे। इनमें से कई लोग अपनी पहली मैराथन दौड़ेंगे। वे एक ऐसे वातावरण में यह चुनौती पूरी करेंगे जिसका अनुभव कुछ ही लोग कर पाते हैं। सभी का एकजुट होकर चुनौती की भावना और सकारात्मक प्रभाव डालने की प्रेरणा से 1 मिलियन डॉलर (करीब 8 करो? रुपये) चैरिटी के लिए जुटाने का लक्ष्य है। दुनिया की सबसे बड़ा एकीकृत जस्ता उत्पादक और वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच चांदी उत्पादकों में से एक कंपनी हिंदुस्तान जिंक, विश्व की सबसे गहरी मैराथन के लिए आधिकारिक पार्टनर है।

इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान जिंक का प्रतिनिधित्व सीईओ अरुण मिश्रा एवं सीओओ किशोर एस करेंगे, जो इस रिकॉर्ड तोड़ चुनौती में अन्य उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और साहसी लोगों के साथ शामिल होंगे।



हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा, ने इस सहयोग के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि, हिंदुस्तान जिंक में, हमारा मानना है कि सच्ची ताकत सीमाओं को चुनौती देने में निहित है, चाहे वह मानव क्षमता हो, सुरक्षा में उत्कृष्टता हो, या तकनीकी नवाचार हो। दुनिया की सबसे गहरी मैराथन दृढ़ता और प्रगति की उस भावना का प्रतिनिधित्व करती है जो आधुनिक खनन को परिभाषित करती है। आईसीएमएम के सदस्य और सस्टनेबल खनन में वैश्विक अग्रणी कंपनी के रूप में, हमें इस असाधारण पहल का समर्थन करने पर गर्व है जो हमारे उद्योग को आकार देने वाले परिवर्तन और सुरक्षा मानकों को भी रेखांकित करती है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस उल्लेखनीय दौड़ में अपने वैश्विक सहकर्मियों के साथ शामिल होने के लिए उत्साहित हूँ, यह एकता, मजबूती और खनन के भविष्य को फिर से परिभाषित करने की साझा प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक है।

इस आयोजन से कंपनी का जुड़ाव खेल, फिटनेस और सामुदायिक कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसी वर्ष, हिंदुस्तान जिंक ने सफलतापूर्वक वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का दूसरा संस्करण उदयपुर में आयोजित किया था। इसमें 7 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने फिटनेस और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भाग लिया था और नंदघर, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की पहल रन फॉर जीरो हंगर के लिए समर्थन किया था। एआईएफएफ से 3 स्टार मान्यता प्राप्त जिंक फुटबॉल अकादमी भारत की पहली आवासीय तकनीक-संचालित गर्ल्स अकादमी, जिंक फुटबॉल गर्ल्स अकादमी, एवं एआईएफएफ जिंक ब्लू क्यूब्स लीग जैसी पहलों के माध्यम से, कंपनी जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है। यह युवा एथलीटों, जिनमें बालिकाएं और सामुदायिक खिला?ी के लिए दे कर मजबूत स्थानीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर रही है जो टीमवर्क, फिटनेस और सामुदायिक प्रगति को प्रेरित करते हैं।

# हरजोत सिंह बैंस और दीपक बाली ने जत्थेदार ज्ञानी कुलवंत सिंह को श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी समारोह के लिए दिया आमंत्रण

पंजाब के शिक्षा मंत्री ने पावन स्थल पर हुई अपनी 'दस्तारबंदी' को याद किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/नांदेड़, 23 अक्टूबर।** पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार दीपक बाली ने आज तख्त सचखंड श्री हज़ूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) में नतमस्तक होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलवंत सिंह जी से भेंट कर उन्हें 23 से 25 नवंबर, 2025 तक श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले नौवें पातिशाह श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। इस अवसर पर तख्त साहिब के प्रबंधकों ने हरजोत सिंह बैंस को दस्तार सजाई और सिरोपा भेंट किया।

भेंटवार्ता के दौरान हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि दसमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चरण छोह पावन स्थल पर नतमस्तक होना उनके लिए अत्यंत भाग्यशाली अनुभव है। उन्होंने तख्त साहिब पर हुई अपनी दस्तारबंदी को याद किया। बैंस ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी की लासानी शहादत से संबंधित यादगारी समारोहों का हिस्सा बनना उनके लिए आध्यात्मिक अनुभव है। उन्होंने कहा कि यह केवल आमंत्रण नहीं है, बल्कि पंजाब की पवित्र धरती की ओर से तख्त साहिब के जत्थेदार को सम्मान और ससम्मान अपील भी है।

हरजोत सिंह बैंस ने ज्ञानी कुलवंत सिंह जी को अवगत कराया कि श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित शहीदी समारोह में विश्वभर से एक करोड़ से अधिक संगत के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 19 से 30 नवंबर तक रोजाना 11,000 से अधिक संगत की ठहराई के लिए पवित्र शहर में टेंट सिटी (चक्क नानकी) स्थापित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि शहीदी समारोह 23 नवंबर को सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के साथ प्रारंभ होंगे। इसके पश्चात सर्वधर्म सम्मेलन, विरासत-ए-खालसा में प्रदर्शनी, शाम 5 बजे गुरु तेग बहादर साहिब जी के जीवन और लासानी शहादत को दर्शाता अद्वितीय ड्रोन शो, और शाम 6 बजे कीर्तन दरबार का आयोजन होगा। रात में ÷शहादत दी लोअ÷ के माध्यम से पवित्र शहर मशालों की रौशनी से जगमगाएगा।

उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को नगर कीर्तन 'सीस भेंट' श्री कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब तक आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इतिहास में पहली बार श्री आनंदपुर साहिब स्थित भाई जैता जी स्मारक में शहीदी समारोहों के लिए पंजाब विधान सभा का विशेष सत्र भी आयोजित किया जाएगा। 25 नवंबर को अखंड पाठ साहिब का भोग होगा, जिसके उपरांत प्रसिद्ध कीर्तनियों द्वारा नौवें पातिशाह के शब्दों का गायन किया जाएगा।

## मंत्री संजीव अरोड़ा व गुरमीत खुड्डियां ने गोवा के मुख्यमंत्री को दिया 350वें शहादत दिवस समारोहों के लिए आमंत्रण



**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री श्री संजीव अरोड़ा तथा कृषि और पशुपालन मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत से भेंट की और श्री गुरु तेग़ बहादर साहिब जी के 350वें शहादत दिवस के अवसर पर होने वाले आगामी समारोहों के लिए औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया। इस बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्रियों ने नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग़ बहादर साहिब जी, जिनकी धर्म की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए नि:स्वार्थ बलिदान की वजह से 'हिंद की चादर' के रूप में जाना जाता है, के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि और सम्मान व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्रियों संजीव अरोड़ा और गुरमीत सिंह खुड्डियां ने गोवा के मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र सौंपा, जिसमें पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे व्यापक स्मृति समारोहों की श्रृंखला का उल्लेख किया गया है। ये समारोह विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे, जो गुरु जी के जीवन, शिक्षाओं और अद्वितीय बलिदान से संबंधित हैं। कैबिनेट मंत्रियों ने कहा कि यह समारोह गुरु तेग़ बहादर साहिब जी के मानवता और धर्म निरपेक्षता के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने के लिए आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की शहादत केवल सिख इतिहास का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए स्वतंत्रता, सहिष्णुता और न्याय का संदेश है।

# गुलज़ार ग्रुप में नए विद्यार्थियों का भव्य स्वागत फ्रेशर पार्टी में छात्रों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

देशभर से आए विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीता सबका दिल

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 23 अक्तूबर।** खन्ना जी.टी. रोड पर बने गुलज़ार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए एक भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और योग्यता प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था।

इस रंगारंग समारोह में गुलज़ार ग्रुप के सभी कॉलेजों और विभागों से लगभग 3,000 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डांस, गायन, रंगोली, मेंहदी, रोबोटिक्स जैसे लगभग 28 प्रतियोगिता वर्गों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुलज़ार ग्रुप के चेयरमैन गुरचरण सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुरकीरत सिंह और कैंपस डायरेक्टर डॉ. हनी शर्मा भी उपस्थित रहे। चेयरमैन गुरचरण सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा मानवता के विकास की रीढ़ है। गुलज़ार ग्रुप से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी न केवल योग्य नागरिक बनेंगे, बल्कि समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। उन्होंने आगे कहा कि गुलज़ार ग्रुप ने विश्वविद्यालय स्तर पर न केवल शिक्षा में, बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है।

### देश-विदेश से आई विविध संस्कृति की झलक

कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों और विदेशों से आए विद्यार्थियों ने अपने-अपने राज्यों की लोक-संस्कृति का प्रदर्शन किया। पूर्वोत्तर भारत, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और दक्षिण भारत से आए छात्रों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर पूरे समारोह को रंगीन बना दिया।

### मिस्टर और मिस फ्रेशर बने आकर्षण का केंद्र

फ्रेशर पार्टी में सबसे आकर्षक प्रतियोगिता रही 'मिस्टर और मिस फ्रेशर', जिसमें नए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व से सबका दिल जीता।

### भांगड़ा और गिद्दा ने बांधा समां

कार्यक्रम का समापन पंजाब की शान – गिद्दा और भांगड़ा की प्रस्तुतियों से हुआ। जैसे ही ढोल की थाप बजी, पूरा सभागार झूम उठा – छात्र और शिक्षक सभी मंच पर आकर नाचने लगे।

# लुधियाना में घर में ब्लास्ट, 10 लोग झुलसे

## पटाखे फोड़ते वक्त पोटाश पर गिरी चिंगारी, धमाका हुआ; 5 बच्चे भी चपेट में आए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 23 अक्तूबर।** पंजाब के लुधियाना में एक घर में रखे बारूद (पोटाश) में ब्लास्ट होने से करीब 10 लोग झुलस गए। इसकी चपेट में बाहर खेल रहे 4-5 बच्चे भी घायल हो गए। घर में ब्लास्ट होने से अंदर आग लग गई, जिससे वहां रखा सामान भी जलकर खाक हो गया। वहीं ब्लास्ट की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग भी घरों से बाहर निकल आए। पुलिस जांच में सामने आया है कि घर के बाहर बच्चे पटाखे फोड़ रहे थे। उसकी चिंगारी घर में रखे बारूद तक चली गई, जिससे हादसा हुआ। मकान मालिक उस्मान खान रावण के पुतले बनाता था। इसके लिए ही घर में बारूद रखा था।

सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। वहीं झुलसे लोगों को पड़ोसियों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घर में उस समय 2-3 बच्चे सहित 3 लोग मौजूद थे।

लुधियाना में चीमा चौक के पास इंदिरा कॉलोनी उस्मान खान नाम के एक व्यक्ति का भी घर है। वह दशहरे में रावण के पुतले बनाता है। इसे लेकर घर में बारूद और पटाखे भी रखता है। गुरुवार दोपहर के समय कॉलोनी में कुछ बच्चे पटाखे जला रहे थे। पटाखे जलाते-जलाते बच्चे उस्मान के घर के पास तक आ गए। पड़ोसियों का कहना है कि पटाखे जलाते समय चिंगारी उस्मान के घर के अंदर चली गई। अंदर रखे पोटाश में चिंगारी लगने से ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से घर में रखे कपड़े और घरेलू सामान जल गया। उस समय घर में कुछ कीमती सामान नहीं था।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के समय घर में उस्मान के 3 बच्चे मौजूद थे। धमाका होते ही तीनों घर से बाहर की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद आसपास रहने वाले लोगों ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। उस समय घर में और कोई मौजूद नहीं था।

पटाखों में ब्लास्ट होने से पड़ोस में रहने वाले 2 बच्चे भी झुलस गए। पड़ोसी उषा देवी का कहना है कि उनका बेटा घर की ऊपरी मंजिल में था। हादसा होने से वो भी जल गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घर के बाहर खड़े अन्य 4-5 लोग भी झुलस गए।

फायर अफसर जशिन कुमार का कहना हे कि जब तक वो मौके पर पहुंचे तो घर में लगी आग बुझ चुकी थी। धमाके की चपेट में आए लोगों को वहां से निकालकर अस्पताल पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है कि घर में रावण बनाने के लिए पोटाश रखा हुआ था। उसी में ब्लास्ट हुआ है।

# पीआर 7 रोड़ नहीं है सीवरेज लाइन की सुविधा, खुल्ले में गिराया जा रहा सीवरेज का पानी

सीवरेज का पानी टैंकरों में भर कर खुले में गिरा रहे लोग, पर्यावरण को हो रहा नुकसान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 23 अक्तूबर।** शहर की पॉश व बड़ी 200 फीट रोड़ पर कई नामी कंपनियों बड़े बड़े रिहायशी व व्यपारिक प्रोजेक्ट हैं और पिछले लंबे समय से पीआर 7 रोड़ की सभी सोसाइटीयां लगभग आबाद हो चुकी है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है के मेकडी से लेकर छत लाइट प्वाइंट तक करीब पांच से 3 किलोमीटर के पैच में सीवरेज लाइन नहीं बिछाई गई है। जबकि खाना पूर्ति के तौर पर सभी सोसाइटीयों द्वारा लोगों की आंखों में धुल झोंकने के लिए अपने अपने एस्टीपी लगाए हुए हैं। लेकिन वह केवल दिखावे के लिए हैं, किसी भी सोसाइटी का एसटीपी ऑपरेशनल नहीं है। इस रोड़ पर मौजूद सोसाइटीयों द्वारा सीवरेज का पानी या तो खुले में खाली पड़े खेतों में गिराया जा रहा है या फिर अंधेरे का फायदा उठाकर रात को या सुबह सीवरेज का दूषित पानी टैंकरों में भर कर खुले मे गिरा दिया जाता है। जिसका नुकसान पर्यावरण व आसपास लोगों को पड़ रहा है। खुले में दूषित पानी गिराने के कारण बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। जिसके जिम्मेवार बिल्डर व प्रसाशन के अधिकारी है जो इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों की मांग है के ऐसे बिल्डरों व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पीआर 7 रोड़ पर रिहायशी सोसाइटीयां इतनी महंगी है के एक फ्लैट डेढ़ से दो करोड़ तक है और इतना महंगा घर लेने के बाद भी यदि सीवरेज की समस्या से जूझना पड़े तो इससे बुरी बात उपभोगताओं के लिए क्या हो सकती है। यहां यह बताना भी अनिवार्य है के एसटीपी की सुविधा ना होने के कारण सरकार द्वारा जीरकपुर में नए प्रोजेक्ट को परमिशन देने पर पाबंदी लगाई हुई है। लेकिन इस सबके बावजूद शहर में धड़ल्ले से निर्माण हो रहा है। जबकि सरकारी आदेशों के अनुसार कोई सोसाइटी डिवेलप नहीं होनी चाहिए। लेकिन हैरानी की बात तो यह है के सरकारी अधिकारियों की मिली भगत से निर्माण कर्ता कोई ना कोई रास्ता निकाल कर कैसे ने कैसे निर्माण कर ही लेते हैं। बता दें के शहर मे मात्र एक 16.5 एम्एलडी का एक ही एसटीपी है वह भी प्रॉपर काम नहीं करता है और सीवरेज का दूषित पानी बिना ट्रीट किए घग्गर मे गिराया जा रहा है, जोकि चिंता का विषय है लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

पीआर 7 रोड़ पर सीवरेज लाइन नहीं है। यहां नई लाइन बिछाने के लिए हमने नगर परिषद से आसपास जगह की मांग की है। क्योंकि पीआर 7 रोड़ वाले साइड की ढलान घग्गर की तरफ है तो एसटीपी भी इसी साइड ही होना चाहिए। जगह मिलने के बाद टैंडर आदि का प्रक्रिया को पूरा होते होते करीब एक साल से ऊपर का समय लग जाता है। इसलिए जितनी जल्दी जमीन मिलेगी उतनी जल्दी काम शुरू हो जाएगा।

**जसबीर सिंह, जेई सीवरेज बोर्ड विभाग जीरकपुर।**

एसटीपी लगाने के लिए जमीन की तलाश कर ली गई है और जल्द ही एस्टीमेट तैयार करने के बाद काम शुरू करवा दिया जाएगा।पीआर 7 रोड की सभी सोसाइटीयों को सीवरेज के पानी को ट्रीट करने के बाद इस्तेमाल करने के आदेश दिए गए है। जोकि जरूरी है, यदि कोई खुले मे गिराता हुआ पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**परविंदर सिंह भट्टी, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।**

# पंजाब सरकार का ऐतिहासिक कदम, गांवों में बनेंगे 3,117 'आदर्श खेल के मैदान'

## 966 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना का होगा शुभारंभ, खन्ना विधानसभा क्षेत्र के 30 गांव शामिल: मंत्री सौंद

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 23 अक्तूबर।** पंजाब के ग्रामीण इलाकों में खेल और सामुदायिक जीवन को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री तरुण प्रीत सिंह सौंद ने बताया कि पंजाब सरकार 23 जिलों के गाँवों में 966 करोड़ रुपये की लागत से 3,117 'आदर्श खेल के मैदान' (मॉडल प्लेग्राउंड) बनाने जा रही है।

इन खेल मैदानों का उद्देश्य केवल खेलों को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि गांव में सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाना भी है। परियोजना को अगले 6 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री सौंद ने बताया कि परियोजना के तहत अमृतसर में 194, बरनाला में 94, बठिंडा में 186, फरीदकोट में 91, फतेहगढ़ साहिब में 93, फाजिल्का में 123, फिरोजपुर में 121, गुरदासपुर में 198, होशियारपुर में 202, जालंधर में 168, कपूरथला में 107, लुधियाना में 257, मलेरकोटला में 57, मानसा में 119, मोगा में 144, पठानकोट में 58, पटियाला में 191, रूपनगर में 73, संगरूर में 186, एसएएस नगर (मोहाली) में 89, मुक्तसर साहिब में 134, तरनतारन में 138 और शहीद भगत सिंह नगर में 94 खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं।

मैदानों का आकार 0.35 एकड़ से 4.10 एकड़ तक है, और इनमें ओपन जिम, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी और क्रिकेट जैसी आधुनिक खेल सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर बीडीपीओ सतविंदर सिंह कंग, एसडीओ अर्पित शर्मा, एपीओ हरसिमरन सिंह, पंचायत अधिकारी कुलदीप सिंह, जेई गुरप्रीत सिंह, ओएसडी करण अरोड़ा और एडवोकेट मनरीत सिंह नागरा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### खन्ना क्षेत्र में 30 गांवों को मिलेगा लाभ

खन्ना विधानसभा क्षेत्र के कुल 67 गांवों में से 30 गाँवों में मॉडल खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इनमें भादला ऊंचा, बूथगढ़, गोह, मलकपुर, मानक माजरा, साहिबपुरा, भूमड़ी, चकोही, इकोलाही, कमाना, दैहडू, फैजगढ़, किशनपुर, पंजरुखा, तुरमरी, बीबीपुर, गंधुआं, कौरी, किशनगढ़, लल्हेड़ी, लिबड़ा, मेहंदीपुर, जसपालों, फतेहपुर, राजेवाल, रोहनो खुर्द, इसरू, नसराली और खटड़ा जैसे गांव शामिल हैं।

### युवाओं को नशे से दूर रखने की पहल

मंत्री सौंद ने आगे बताया कि 'पंजाब की असली ताकत उसके गांव में है। यदि गाँव मजबूत होंगे, तो पंजाब मज़बूत होगा। ये खेल के मैदान सिर्फ़ खेल के लिए नहीं, बल्कि गाँवों की आत्मा बनेंगे जहाँ बच्चे खेलेंगे, समाज जुड़ेगा और संस्कृति जीवित रहेगी।' उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना युवाओं को नशे से दूर रखने की दिशा में सरकार का ठोस कदम है। खेल और व्यायाम से जुड़कर युवा नकारात्मक प्रवृत्तियों से बचेंगे और सकारात्मक ऊर्जा की ओर अग्रसर होंगे।

### यह पंजाब के भविष्य में निवेश है

मंत्री सौंद ने भावुक शब्दों में कहा –'यह हमारा वादा, हमारा सपना और हमारी ज़िम्मेदारी है। हम पंजाब के हर बच्चे को खेलने का अवसर देंगे, हर गांव को एक सुंदर खेल मैदान देंगे। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि पंजाब के भविष्य में एक निवेश है।' आने वाली पीढ़ियां जब इन मैदानों में खेलेंगी, तो यह परियोजना इतिहास में एक यादगार कदम के रूप में दर्ज होगी।

# विधायक रंधावा ने बहनों के साथ मनाया भाई दूज का त्यौहार, बहनों ने तिलक लगाकर की लंबी उम्र की कामना



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 23 अक्तूबर।** भाई-बहनों के प्यार का त्यौहार भाई दूज शहर में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर और आरती उतारकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को आशीर्वाद और उपहार दिए। इस अवसर पर, डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को उनकी बहनों सावित्री और उर्मिला ने उनके ज़ीरकपुर स्थित कार्यालय में भाई दूज के अवसर पर माथे पर तिलक लगाकर व्रत तुड़वाया। बहनों ने भाई को तिलक लगाकर, आरती उतारकर उनका मुँह मीठा कराया और उनकी लंबी उम्र की कामना भी की। इस अवसर पर रंधावा ने अपनी बहन को सुखी रहने का आशीर्वाद दिया। विधायक रंधावा ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। उन्होंने शहरवासियों को भाई-बहन के इस पावन त्यौहार की बधाई दी। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में भाई दूज का त्योहार पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखा और उन्हें तिलक लगाकर उनके सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाइयों ने बहनों को आशीर्वाद देने के साथ-साथ उपहार भी दिए।

# 'नदी में अपनी जमीन खो चुके लोगों को भूमि आवंटित करें'

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 23 अक्टूबर।** पंजाब में अगस्त में आई बाढ़ से उत्पन्न संकट के बीच, एक प्रमुख सामाजिक-राजनीतिक संगठन, मिसल सतलुज ने सरकार से उन लोगों के लिए बेहतर मुआवज़े की माँग की है, जिनका जीवन बाढ़ से तबाह हो गया है। यह उल्लेख करते हुए कि मिसल सतलुज प्रभावित परिवारों को ज़मीनी स्तर पर मदद प्रदान कर रही है, मिसल सतलुज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बराड़ ने ज़ोर देकर कहा कि लोगों ने अपने घर, अपनी ज़मीन और अपनी आजीविका खो दी है। लगभग 2500 गाँव सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं और 4 लाख एकड़ ज़मीन पर लगी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। हालाँकि सरकार और गैर-सरकारी संगठन ज़मीनी स्तर पर लोगों की मदद कर रहे हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

कच्ची ज़मीन वाले लोगों को दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उनकी ज़मीन की कोई गिरदावरी नहीं की जाती और उन्हें अपनी कृषि भूमि के लिए कोई मुआवज़ा भी नहीं मिलता, जिस पर वे 1947 से खेती कर रहे हैं। मिसल सतलुज ने इन ज़मीनों के पंजीकरण और नदी में डूबी ज़मीनों के लिए बेहतर मुआवज़े की माँग की।

कई जगह पर लोगों की ज़मीनें नदी में समा गई हैं। मिसल सतलुज ने इन लोगों के लिए बेहतर मुआवज़ा और ज़मीन आवंटन की माँग की।

बराड़ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में शिक्षा का मुद्दा भी उठाया। 7,000 से ज़्यादा स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि मिसल सतलुज ने कई इलाकों में कक्षा 10 और 12 के लिए प्रवेश शुल्क का भुगतान किया है और माँग की कि बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए इसे माफ़ किया जाए।

इसके अलावा, मिसल सतलुज ने बताया कि जिन लोगों ने कुछ गाँवों को गोद लिया है, उन्होंने कुछ मदद की है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। प्रशासन ज़्यादा मदद नहीं कर रहा है क्योंकि ये गाँव गोद लिए गए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें आगे आकर प्रशासन से ज़रूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए कहना चाहिए। प्रभावित क्षेत्रों में राहत दलों का नेतृत्व करने वाले मान सिंह किल्ली, रोमन बराड़ और सुखविंदर सिंह भगता भाई भी प्रभावित किसानों के साथ मौजूद थे।

# बलटाना के हरजिंदर सिंह तीसरे एशियाई युवा खेल के लिए भारतीय ताइक्वांडो राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच नियुक्त

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 23 अक्तूबर।** बलटाना और ज़ीरकपुर क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है, क्योंकि बलटाना निवासी हरजिंदर सिंह को आगामी तीसरे एशियाई युवा खेल, जो 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक बहरीन में आयोजित होंगे के लिए भारतीय ताइक्कांडो राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

बलटाना निवासी हरजिंदर सिंह ने ताइक्कांडो के क्षेत्र में अपनी निरंतर लगन और उल्लेखनीय उपलब्धियों से अपने गृहनगर का नाम रोशन किया है। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने कई एथलीटों को प्रशिक्षित और मार्गदर्शन किया है, जिन्होंने विश्व ताइक्कांडो चैंपियनशिप और अन्य प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पदक जीते हैं। अपनी नवीनतम नियुक्ति के बारे में बात करते हुए, हरजिंदर सिंह ने कहा, मैं एक बार फिर अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए, इस बार भारतीय राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में, बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। यह मेरे और मेरे गृहनगर बलटाना और ज़ीरकपुर के लिए गर्व का क्षण है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूँगा कि हमारे एथलीट एशियाई युवा खेलों में देश को गौरवान्वित करें।

मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति का जश्न बलटाना और ज़ीरकपुर में मनाया जा रहा है, जहाँ समुदाय अपने किसी खिलाड़ी को इतनी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय भूमिका में पहुँचते देखकर गर्व महसूस करता है। हरजिंदर का सफ़र इस क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो उत्कृष्टता प्राप्त करने में कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की शक्ति को दर्शाता है।

# मानवीय मूल्यों पर वैश्विक एकजुटता का पक्षधर भारत : अनुराग

## पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने कहा, भारत मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के मूल मानवीय सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध

जिनेवा, स्विट्जरलैंड में संकट के समय में मानवीय मानदंडों का पालन विषय पर 151वीं आईपीयू सभा को संबोधित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला। 23 अक्तूबर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व कोयला, खान एवं इस्पात की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 151वीं सभा की आम बहस में संकट के समय में मानवीय मानदंडों का पालन और मानवीय कार्यों का समर्थन विषय पर भारत का पक्ष रखा।

अनुराग सिंह ठाकुर ने 170 से अधिक देशों के सांसदों के समक्ष भारत की संसदीय आवाज़ का प्रतिनिधित्व किया और वैश्विक मानवीय कार्यों के प्रति भारत की सभ्यतागत प्रतिबद्धता को दोहराया।

भारत के सैद्धांतिक रुख की पुष्टि करते हुए, अनुराग सिंह ठाकुर ने रेखांकित किया कि भारत की मानवीय भागीदारी संप्रभुता, अहस्तक्षेप और नैतिक जिम्मेदारी द्वारा निर्देशित है, और भारत मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के मूल मानवीय सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी सांसदों से पक्षपातपूर्ण और भू-राजनीतिक विभाजनों से ऊपर उठने, सभी मनुष्यों की गरिमा के लिए एकजुट होने और कमजोर लोगों की रक्षा के लिए सामूहिक कार्रवाई को मजबूत करने का आग्रह किया।



अंतर्राष्ट्रीय मानवीय ढांचे पर दबाव की पृष्ठभूमि में, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बहुपक्षीय सहयोग में गिरावट और मानवीय निधि में कमी की चेतावनी दी। उन्होंने बहुपक्षीय संस्थानों को, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के, अधिक समावेशी और प्रतिनिधि बनाने के लिए व्यापक सुधारों का आह्वान

बढ़ते संघर्षों, आपदाओं और किया और सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और निजी हितधारकों से समय पर, पर्याप्त और सैद्धांतिक सहायता सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता प्रणाली के लिए समर्थन बढ़ाने की अपील की।

अनुराग सिंह ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में भारत के दीर्घकालिक योगदान, 49 संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में 200,000 से अधिक भारतीय कर्मियों की सेवा और कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के नेतृत्व को याद किया, जब इसने वैक्सीन मैत्री के तहत 100 से अधिक देशों और संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं को 301 मिलियन से अधिक वैक्सीन खुराक की आपूर्ति की।

उन्होंने ऑपरेशन ब्रह्मा (म्यांमार, मार्च 2025) और ऑपरेशन सद्भाव (पश्चिम एशिया) जैसे लक्षित मानवीय अभियानों के माध्यम से भारत के तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण का वर्णन किया, जो तत्काल आवश्यकता के समय संसाधनों को तैनात करने की भारत की तत्परता को रेखांकित करता है।

घरेलू मोर्चे पर, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए भारत के मजबूत कानूनी, संस्थागत और वित्तीय ढांचे को रेखांकित किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन अधिनियम (2005) और हाल के संशोधनों का उल्लेख किया जो राज्य और शहरी आपदा संस्थानों को मजबूत करते हैं; उन्होंने 16,000 से अधिक प्रशिक्षित कर्मियों वाले राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) पर प्रकाश डाला, जिसने अपनी स्थापना के बाद से 159,293 लोगों की जान बचाई है और 864,316 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया है; और राष्ट्रीय एवं राज्य आपदा जोखिम प्रबंधन कोष, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योगदान और नागरिक समाज के साथ साझेदारी जैसे वित्तपोषण तंत्रों की ओर इशारा किया, जो सामूहिक रूप से भारत की लचीलापन क्षमता को रेखांकित करते हैं।

अनुरागक सिंह ठाकुर ने पुष्टि की कि 151वीं आईपीयू सभा में भारत की भागीदारी उसके सभ्यतागत मूल्यों और वैश्विक एकजुटता के प्रति समकालीन प्रतिबद्धता को व्यक्त करती है, जो ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास÷ के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है।

## प्रदेश में लगेंगे 13 हजार मेगावाट के प्रोजेक्ट, पहले चरण में 4300 मेगावाट की दो परियोजनाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** देश के सबसे बड़े हाइड्रो प्रोजेक्ट भाखड़ा बांध और डैहर परियोजना का निर्माण कर चुका भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड अब एक बार फिर हिमाचल प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बड़ा निवेश करने जा रहा है। बीबीएमबी चेयरमैन ई. मनुज त्रिपाठी ने सुंदरनगर में बताया कि बोर्ड प्रदेश में करीब 13 हजार मेगावाट क्षमता के नए हाइड्रो प्रोजेक्ट स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि 10 अक्तूबर को चंडीगढ़ में हुई बीबीएमबी बोर्ड बैठक में हिमाचल सरकार और बीबीएमबी के अधिकारियों के बीच इस प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने एमओयू का प्रारूप ड्राफ्ट तैयार किया है। इसके तहत एक पार्टनर स्टेट कमेटी गठित की गई है जो 31 अक्तूबर को अंतिम निर्णय लेगी कि परियोजनाओं का निर्माण किस प्रकार किया जाएगा।

बीबीएमबी चेयरमैन ने बताया कि 31 अक्तूबर के बाद 1500 मेगावाट की भाखड़ा परियोजना और 2800 मेगावाट की पौंग परियोजना की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने का कार्य शुरू किया जाएगा। डीपीआर तैयार करने में करीब 18 माह का समय लगेगा, जिसके बाद इसे सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी से स्वीकृति मिलेगी। बीबीएमबी चेयरमैन ई. मनुज त्रिपाठी ने कहा कि बिजली उत्पादन में हिमाचल की बड़ी भूमिका है। हिमाचल प्रदेश के पास ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। बीबीएमबी और सरकार मिलकर आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बीबीएमबी चेयरमैन ई. मनुज त्रिपाठी ने यह भी स्वीकार किया कि वर्तमान में प्रदेश सरकार की ऊर्जा नीति कुछ परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा बन रही है। इसी कारण 42 मेगावाट क्षमता का बग्गी हाइड्रो प्रोजेक्ट फिलहाल अटका हुआ है। हालांकि, अगर 31 अक्तूबर की बैठक में बीबीएमबी और प्रदेश सरकार के बीच सहमति बन जाती है, तो भाखड़ा और पौंग दोनों में कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा।

# बस हादसे के पीड़ित परिवारों को मदद के लिए मित्र मंडल दमन द्वीप आगे आया

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर।** जिले के अंतर्गत भल्लू पुल के पास हुए दर्दनाक निजी बस हादसे के पीड़ित परिवारों को एक मदद को लेकर हिमाचल प्रदेश मित्रमंडल दमन द्वीप आगे आया है। हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल दमनदीप के उपाध्यक्ष राजकुमार धीमान की अगवाई में दीक्षा कुमारी निवासी गांव बरड पंचायत सुनहानी को 41000 की आर्थिक मदद हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल की ओर से की गई है। वहीं इसके अलावा कांता देवी निवासी भल्लू व मोनू निवासी डोहग को भी यह 41000 हजार रुपए की आर्थिक राशि प्रदान की गई है। हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल दमन दीप के उपाध्यक्ष राजकुमार धीमान की अगवाई में इन परिवारों के घर में जाकर यह आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

उधर इस बारे में हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल दमन दीप के उपाध्यक्ष राजकुमार धीमान ने कहा है कि भल्लू पुल पर हुआ निजी बस हादसा दर्दनाक और दुखद है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल दमनदीप की ओर से यह एक छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी भविष्य में भी जरूरतमंद पीड़ित परिवारों की मदद को लेकर इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

उधर झंडूता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने भल्लू पुल निजी बस हादसे के पीड़ित परिवारों की मदद करने पर हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल दमन दीप का अभार जताया है। उन्होंने कहा है कि भल्लू पुल हादसा दर्दनाक और दुखद हादसा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद हिमाचल प्रदेश मित्र मंडल दमनदीप की ओर से की गई है। जो की एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए पूरे प्रयास किया जा रहे हैं और उनके समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विवेक कुमार ने अन्य लोगों से भी आग्रह किया है कि भल्लू पुल के पास हुए बस हादसे के जरूरतमंद पीड़ित परिवारों की मदद को सभी लोग आगे आएं।

# चम्बावासी ध्यान दें : बिजली बिल न भरे तो कटेंगे कनेक्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंबा।** आदेश में स्पष्ट कहा है कि 60 दिनों से बिल न जमा करवाने वाले डिफाल्टरों के कनैक्शन काट दिए जाएंगे, भले ही उनके बिल की राशि 50 रुपए ही क्यों न हो। इससे पूर्व उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए तथा उपभोक्ताओं को 15 दिनों का समय दिया कि अगर निर्धारित समय पर बिल जमा नहीं करवाया गया तो अस्थायी तौर पर कनैक्शन काटने के आदेश जारी किए जाएंगे लेकिन नोटिस के बावजूद बिल जमा न करवाए जाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बोर्ड ने खजियार से 72, चनेड़ से 63, सरोल से 93, मरेड़ी से 50 व साहो से 33 डिफाल्टर उपभोक्ताओं की सूची जारी की गई है जिनके कनैक्शन काटे जाएंगे।

**मीटर को सुचारू करने को देने होंगे अतिरिक्त 250 रुपए :** बिजली बोर्ड मंडल चम्बा 2 के तहत लाखों रुपए बिजली उपभोक्ताओं के पास लटके हुए हैं। डिवीजन के तहत बोर्ड के राजस्व पर कुंडली मारी हुई है।

ऐसे में बोर्ड को राजस्व एकत्रित करने में काफी नुक्सान झेलना पड़ रहा है। बोर्ड के मुताबिक अगर एक बार अस्थायी तौर पर कनैक्शन कट गया तो उसके बाद मीटर को सुचारू करवाने के लिए उपभोक्ताओं से 250 रुपए अतिरिक्त शुल्क वसूला जाएगा। बोर्ड के करीब सवा 5 लाख रुपए जमा नहीं हो पाए हैं।

# राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की ओर से लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 23 अक्तूबर।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के पर्यटन विभाग द्वारा लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप - 2025 का आयोजन किया। इस कैंप में 49 विद्यार्थियों ओर 3 प्राध्यापकों ने भाग लिया।

इस कैंप का नेतृत्व पर्यटन विभाग के अध्यक्ष डॉ हीरामणि ने किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप मास्टर्स इन टूरिज्म और बीए टूरिज्म के सिलेबस से संबंधित रहता है।

इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को मानसिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक रूप से परिपक्व करना है। इस कैंप में विद्यार्थी ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग, कैंपिंग, मैप रीडिंग, साहसिक पर्यटन से संबंधित इक्यूपमेंट की जानकारी, हाय एल्टीट्यूड सिकनेस जैसे कई विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त करते है।

उन्होंने कहा कि इस बार के इस कार्यक्रम का मुख्य बेस कैंप जिस्पा को बनाया गया था। कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों ने टेंट पिचिंग, मैप रीडिंग के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण हासिल किया।

दूसरे दिन विद्यार्थीयों ने लाहुल घाटी को जांस्कर घाटी ( लद्दाख) से जोड़ने वाले शिको-ला (पास) 16580 फीट को पार कर गोनबो रंगोंन का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रामजक पीक, मूलकिला पीक , के आर पीक ग्रुप, पालमो, समदो आदि को देखा।

तीसरे दिन विद्यार्थियों ने बारालाचा पास 16040 फीट ऊंचा, सूरजताल, दीपकताल का भ्रमण किया और आस पास के पर्वतों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस संबंध में कुल्लू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश राणा ने कहा कि इस तरह के कैंप से बच्चों के अंदर एक पॉजिटिव सोच का विकास होता है और किसी भी तरह की विपरीत परिस्थिति से कैसे बाहर निकले इसमें सहायता मिलती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप खाई में गिरी, दो की मौत

**सोलन (यशपाल कपूर)।** सोलन जिला के कंडाघाट में एक पीकअप के खाई में गिर जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई । घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।इस घटना में 3 लोग घायल भी हुए है जिनका उपचार क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में चल रहा है। एसपी गौरव सिहं ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रात को एक पीकअप गाड़ी जुब्बड नामक स्थान पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में कुल 5 लोग सवार थे जिनमें से दो व्यक्ति मौके पर ही मृत पाए गए तथा दो व्यक्ति व एक महिला को इस सड़क हादसें में घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलैस की सहायता से सोलन अस्पताल भेजा गया है । घटना में हादसाग्रस्त पिकअप के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी पहचान अमन निवासी चौपाल जिला शिमला उम्र करीब 31 वर्ष के तौर पर हुई है। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति की मौत भी हुई है। जोकि नेपाली मूल का है। इसकी पहचान पूर्ण सिंह के रूप में हुई है।

### किसानों को 8.16 करोड़ का भुगतान

**शिमला।** प्रदेश के किसानों को धान की फसल का 8.16 करोड़ का भुगतान जारी किया है। प्रदेश 978 किसानों को धान की फसल का भुगतान जारी किया है। प्रदेश के धान खरीद केंद्रों में अब तक किसानों से 5988.70 मीट्रिक टन धान की फसल की खरीद की गई है। किसानों से धान की फसल खरीदने के लिए धान खरीद केंद्र तीन अक्तूबर से खुल गए हैं और किसानों से धान की फसल की खरीद शुरू कर दी गई है। धान की फसल बेचने को किसान धड़ाधड़ बुकिंग करवा रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों से धान खरीद करने के लिए पोर्टल खोल दिया है। किसान धान की फसल बेचने के लिए किसानों ने विभाग के पोर्टल पर पजीकरण करवाना शुरू कर दिया है।

# शिमला–मंडी में मानसून की तरह बरसे बादल, गोंदला में गिरे बर्फ के फाहे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और मंडी में गुरुवार को मौसम के मिजाज ने लोगों को हतप्रभ किया और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के विपरीत शिमला व मंडी में मानसून की तरह बारिश हुई, जबकि भुंतर, जुब्बड़हट्टी, नारकंडा व सुंदरनगर में बारिश हुई तथा बुधवार रात्रि को गोंदला में बर्फ के फाहे गिरे हैं। वीरवार को शिमला में 11, मंडी में 16, भुंतर व नारकंडा में 5-5, जुब्बड़हट्टी में 2 व सुंदरनगर में 0.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई, जिससे इन शहरों के तापमान में गिरावट आई है।

बुधवार रात्रि को गोंदला में बर्फ के फाहे गिरने के अलावा जोत में 6, कोठी में 3, कसोल में 2, सेऊबाग में 0.6 मिलीमीटर बारिश व शिमला में बूंदाबांदी हुई थी। कांगड़ा, शिमला व जोत में मेघ गर्जन हुई, जबकि सुंदरनगर में मध्यम कोहरा छाया रहा। वीरवार को काफी समय तक चली इस बारिश से शहर के कई नाले उफान पर आ गए और सड़कों पर पानी बहने लगा। तेज बारिश के कारण शिमला के मालरोड और रिज मैदान पर घूम रहे सैलानियों को इधर-उधर भागकर शरण लेनी पड़ी।

छुट्टी के बाद घर लौट रहे स्कूली बच्चों और दफ्तरों से लौटते लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को भी फिसलन भरी सड़कों पर बड़ी सावधानी से चलना पड़ा।

लोगों का कहना है कि मानसून को प्रदेश से विदा हुए करीब एक महीना हो गया है, लेकिन गुरुवार की बारिश ने सबको हैरान कर दिया। बारिश के बीच सर्द हवाओं ने माहौल को पूरी तरह सर्दियों में बदल दिया। लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार यह बारिश पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई है, जिसने अचानक मौसम में बदलाव ला दिया। राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है, जबकि ऊपरी पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति और चम्बा जिले के ऊंचे क्षेत्रों में गुरुवार को फिर हिमपात दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि 24 से 29 अक्तूबर तक राज्य में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान कहीं भी बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं है।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री 24 अक्तूबर को करेंगे विभिन्न कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 23 अक्तूबर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 24 अक्तूबर को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

इस बारे जानकारी देते हुए एक विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि राजेश धर्माणी 24 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे बझोआ में पार्किंग-एक तथा पार्किंग-दो का उद्घाटन करने के बाद नगर परिषद् घुमारवीं के अंतर्गत सीवरेज योजना में सीवरेज वितरण योजना के सुधार कार्य का शिलान्यास करेंगे।

उन्होंने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री दोपहर 12:30 बजे ?ींगू से सुक?ी तक निर्मित संपर्क स?क का उद्घाटन सुक?ी में करने के बाद दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत मेहरी काथला में नव निर्मित पंचायत घर का उद्घाटन करेंगे।

# अगले हफ्ते तक पर्यटकों के लिए पौंग में शुरू हो सकती हैं वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कांगड़ा।** पर्यटन राजधानी कांगड़ा के पौंग क्षेत्र में शुरू होने वाली वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां अब अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान की अंतिम आने वाली अनुमति के बाद शुरू हो पाएगी। जिला वाटर स्पोर्ट्स सोसायटी ने पौंग में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के संचालन के लिए एक ऑप्रेटर को चयनित किया था तथा उक्त ऑप्रेटर ने जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई तकनीकी कमेटी को वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां चलाने के लिए लाए गए सभी उपकरणों को कमेटी से जांच करवा ली है तथा जिला कमेटी ने अंतिम अनुमति के लिए इसे अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान के निदेशक को भेज दिया है।


उक्त अनुमति के मिलने के बाद ही पौंग में उक्त ऑप्रेटर व्यावसायिक गतिविधियों को पौंग में पर्यटकों के लिए शुरू कर पाएगा। पर्यटन विभाग की मानें तो अगले हफ्ते तक अनुमति मिलने की संभावना जताई जा रही है। पर्यटन विभाग की मानें तो पौंग में वाटर स्पोर्ट्स के लिए जैसे ही अनुमति मिल जाती है तो उक्त संस्थान से यहां पर पर्यटकों के लिए छोटे-छोटे कोर्स शुरू करने के लिए पत्र लिखा है।

# हिमाचल के स्कूलों में अब नए कार्ड से तय होगा बच्चों का भविष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** प्रदेश के स्कूलों में अब विद्यार्थियों के पढ़ाई और विकास को होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के माध्यम से मापा जाएगा। प्रदेश में इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कई कार्यशालाएं भी करवाई जा चुकी हैं, जहां शिक्षकों को इस बारे जानकारी दी गई और उन्हें प्रशिक्षित किया गया।

बताया जा रहा है कि देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश ने स्कूलों में विद्यार्थियों की पढ़ाई और विकास को मापने के लिए यह नया तरीका अपना लिया है। इनमें हिमाचल भी शामिल है। जल्द ही यहां भी इसे लागू किया जा रहा है। अभी इसे 9वीं से 12वीं कक्षा के लिए शुरू किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रस्तावित इस प्रगति कार्ड को परख की ओर से ही विकसित किया है। परफॉर्मैंस असैसमैंट, रिव्यू एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर होलिस्टिक डिवैल्पमैंट) राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र है, जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के अंतर्गत आता है।




**क्या है होलिस्टिक प्रोग्रैस कार्ड :** होलिस्टिक प्रोग्रैस कार्ड विद्यार्थियों की पढ़ाई का एक नया रिपोर्ट कार्ड है, जो केवल नंबरों या ग्रेड पर ध्यान नहीं देता। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के पूरे विकास को मापा जाता है, उनके सोचने का तरीका, भावनात्मक समझ और शारीरिक गतिविधियों में भागीदारी आदि शामिल है। यह कार्ड यह भी बताता है कि बच्चे के अंदर कौन सी स्किल डिवैल्प हो रही या भविष्य में कौन सी स्किल डिवैल्प होगी। इसके अलावा इस कार्ड से यह भी पता चल जाता है कि बच्चा किस स्किल में अभी शुरूआती स्तर पर है या दक्ष हो चुका है। इससे शिक्षक और माता-पिता को यह समझने में मदद मिलती है कि बच्चे को और क्या मदद दी जा सकती है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया कार्ड : राजेश

समग्र शिक्षा के निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि परख द्वारा विकसित यह प्रगति कार्ड राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सिफारिशों के अनुरूप तैयार किया गया है। यह केवल छात्रों की अकादमिक उपलब्धियों पर आधारित नहीं है, बल्कि उनके संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, शारीरिक और रचनात्मक विकास को भी समान रूप से महत्व देता है। इसका उद्देश्य छात्रों के मूल्यांकन में एक संतुलित और समग्र दृष्टिकोण अपनाना है, अब जल्द ही स्कूलों में इसे लागू किया जाएगा।




**भैया दूज पर विशेष सत्संग, साध संगत का उमड़ा जन सैलाब**

# धर्म-कर्म को सत्संग सुधारता है : सतगुरु कंवर साहेब

भाई-बहन का रिश्ता सबसे पवित्र, भैया दूज समाज की समृद्ध जड़ों का प्रतीक : सतगुरु कंवर साहेब जी

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चरखी दादरी।** भैया दूज का त्योहार केवल भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भर नहीं है अपितु ये हमारी समृद्ध ज?ी की और इशारा करता है। दुनिया में इंसान अनेकों रिश्ते निभाता है लेकिन इन रिश्तों में सबसे ऊंचा और पवित्र रिश्ता भाई बहन का है। हर त्यौहार का एक उद्देश्य होता है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने सोनीपत के रोहट कस्बे में रोहतक रो? पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए।

भैया दूज पर साध संगत को सत्संग देते हुए गुरु महाराज जी ने फरमाया कि हिंदुस्तान की परम्पराए इतनी गहरी हैं यदि इनको पूर्ण निष्ठा के साथ मनाया जाए तो इस समाज से सब कुरीतियां मिट जाएं। आज हम जितना इनसे दूर होते जा रहे हैं समाज में उतने ही कष्ट ब?ते जा रहे हैं।

गुरु महाराज जी ने कहा कि भैया दूज के त्योहार की कहानी ब्रह्मा जी ने नारद को सुनाई थी। कहानी अनुसार यम की यमुना नाम की बहन थी। बहन भाई को हमेशा अपने घर आने का न्यौता देती थी लेकिन कार्य का ज्यादा भार होने के लिए यम नहीं जा पा रहे थे। एक दिन जब बहन ने कार्तिक शुक्ल की दूज पर जोर दिया तो यम टाल नहीं सके। बहन के घर जाने के लिए यम महाराज ने उस दिन अपने सारे कार्य बंद कर दिए और रूहो के लिए उस दिन नरक के द्वार बंद कर दिए। तभी से इस दिन की प्रथा प?ी। भैया दूज का त्योहार भाई की लंबी उम्र के लिए बहन की दुआ का त्योहार है। कहते हैं कि ब्रह्मा जी ने इस दिन बहन की दुआ लेने वालों के लिए नरक के द्वार बंद रखने का हुक्म सुनाया।

गुरु महाराज जी ने कहा कि इसके अलावा भी अनेको लौकिक कथाएं हैं। महाराज श्री फरमाया कि कथाएं चाहे कितनी ही हो लेकिन उनका सन्देश हमेशा सकारात्मक ही होता है। ये कथा कहानियां हमें हमारे संस्कारों को पोषित करती हैं हमें हमारे धर्म से जोड़े रखती हैं। परमसंत जी ने कहा कि यदि आपका धर्म गया तो समझो आपका कर्म गया। आज के इस युग में इंसान धर्म और कर्म से हटता जा रहा है। धर्म और कर्म को सत्संग सुधारता है। सत्संग इंसान को विचार और ज्ञान देता है। सतगुरु से मिला सतनाम आपको मुक्ति का मार्ग सुझाता है। पहले बदकर्म से मुक्ति फिर चौरासी से मुक्ति। सत्संग आपके मन को साधता है और आपके ख्यालों को सकारात्मक करता है।

गुरु महाराज जी ने फरमाया कि जब हम अपने मन को एकाग्र कर सारी वृतियों को एक तार में पिरो लेते हैं तब हमारे काम भी सिद्ध हो जाते हैं। धीरज रखना होगा। धैर्य धार कर अपने संकल्प को पुख्ता करते जाओ तो सकल सृष्टि भी आपकी मदद करती है। परमसंत जी ने कहा कि पहले अपना हृदय पवित्र करो फिर सत्संग सतनाम सतगुरु की समझ आएगी। धीरे धीरे अपने मन को अभ्यास में लगाओ ताकि हृदय में शुद्धता आए। महाराज श्री ने कहा कि कालिख को साफ किए बिना यदि पात्र में दूध डालोगे तो दूध भी काला ही हो जाएगा इसलिए अशुद्ध हृदय में सद्विचार भी अशुद्ध हो सकते हैं। गुरु महाराज जी ने कहा कि नाम भक्ति ना केवल आपके वर्तमान को सुधारती है बल्कि ये आपके भूत को भी दुरुस्त करती है और भविष्य को भी संवारती है। कर्मयोगी बनो ताकि आप किसी का बुरा करने की सोचो भी ना। परमसंत जी ने कहा कि साध संगत को एहसास कराते हुए कहा कि इंसान को परमात्मा ने अपने ही समकक्ष बनाया था लेकिन इंसान ने काल के फंदे में फंस कर अपने आप को विद्रूप बना लिया। महाराज श्री ने कहा कि मन को मारने की कोशिश भी मत करना बल्कि उसे अपने अनुसार साध कर उसे पंगु बना दो। दया प्रेम त्याग से अपने हृदय को सजाओ। परमसंत जी ने कहा कि इंसान सामाजिक प्राणी है इसलिए उसे व्यक्तिगत नहीं बल्कि समाज कल्याण के लिए अपना आचरण बनाना होगा। मां बाप और गुरु की बात का कभी बुरा मत मानो। गुरु तो उस माली की भांति है जो व्यर्थ की टहनियों को काट कर पौधे को और ज्यादा फलने फूलने में मदद करता है।

### गुरु का ध्यान ही परमात्मा तक ले जाता है

हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि इस जगत के मोटे बंधन गुरु भक्ति से कटेंगे और झीने बंधनों को नाम भक्ति काटेगी। भक्ति करनी है तो बुराई को छोड़ दो अच्छाई स्वत रह जाएगी। महाराज श्री ने कहा कि मन की वृतियों को एकाग्र करने के लिए आपको समस्त ध्यान एक लक्ष्य एक भाव पर टिकाना होगा। ये लक्ष्य ऐसा हो जिसके ध्यान से आपका हृदय शुद्ध हो क्योंकि जिसका ध्यान करोगे उसके गुण आपके अंदर आयेंगे इसलिए ध्यान करो तो अपने आदर्श अपने गुरु का करो क्योंकि गुरु का ध्यान आपको उस बिंदु तक ले जायेगा जहां परमात्मा निवास करता है। परमसंत जी ने कहा कि पहले योग्य बनो तभी योग्यताओं को सम्भाल पाओगे। वचन सुनो तो गुरु के सुनो, ध्यान करो तो गुरु का करो। नाम जपो तो गुरु का जपो क्योंकि गुरु के बिना कोई नहीं छूट पाया। सद्कर्म करो, औरों के लिए आदर्श स्थापित करो। बड़े बुजुर्ग मां बाप की सेवा करो, आदर सत्कार करो। घरों में प्यार प्रेम रखो, दीन दुखियों की सेवा करो, बच्चो को उत्तम शिक्षा दो, मीठा बोलो।

## बीजों की गुणवत्ता से समझौता करने वालों पर होगी कार्रवाई : देवेंद्र कुहाड़

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन



**पानीपत, 23 अक्टूबर।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने रबी सीजन से पहले बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. आत्मा राम गोदारा के निर्देशानुसार, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. देवेंदर कुहाड़ ने गुरुवार को जिले के विभिन्न बीज डीलरों के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर बीजों के नमूने एकत्र किए।

उन्होंने बताया कि इस समय धान की कटाई जोरों पर है और किसान रबी फसलों की बुवाई की तैयारियों में भी जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बीजों की गुणवत्ता जांच बेहद जरूरी है, ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज मिलें और फसल उत्पादन में वृद्धि हो।

डॉ. कुहाड़ ने सभी बीज डीलरो को निर्देश दिए कि वे हर किसान को बीज की बिक्री का 'पक्का बिल' अवश्य दें। उन्होंने कहा कि इससे लेन देन में पारदर्शिता बनी रहेगी और भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद से बचा जा सकेगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी डीलर बीजों की गुणवत्ता से समझौता करेगा या सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. कुहाड़ ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी खाद, बीज या कीटनाशक विक्रेता किसानों को जबरन किसी अतिरिक्त दवाई या सामग्री की खरीद के लिए बाध्य नहीं करेगा। विभाग ने यह कदम किसानों की बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उठाया है।

डॉ. कुहाड़ ने बताया कि जिले में नियमित रूप से बीजों की जांच और निगरानी की जाएगी ताकि किसानों को केवल प्रमाणित और उच्च गुणवत्ता वाले बीज ही उपलब्ध हों। इस पहल से डीलरों में जिम्मेदारी और पारदर्शिता की भावना बढ़ेगी, जो जिले की कृषि उत्पादकता को और बेहतर बनाएगी।

## हरियाली बढ़ाना हमारा संकल्प, पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता : दहिया

वन क्षेत्र की पहचान को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

वन विभाग अधिकारी वन जैसी भूमि की संभावना है, वहां जाकर करें निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 23 अक्टूबर।** उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ऐसे सभी क्षेत्रों की पहचान की जाए, जो डिक्शनरी मीनिंग के अनुसार वन क्षेत्र की श्रेणी में आते हैं।

डॉ विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि हरियाली न केवल पर्यावरण का आधार है बल्कि यह आने वाली पीढि?ों के स्वस्थ जीवन की गारंटी भी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक संभव भूमि को हरित किया जाए और वन क्षेत्र की सटीक पहचान सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन-जिन स्थलों पर वन जैसी भूमि की संभावना है, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत की जाए।

डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि पानीपत को हरा-भरा बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन, वन विभाग और स्थानीय निकायों के संयुक्त प्रयासों से जिले में पर्यावरण संरक्षण को एक जन आंदोलन बनाया जाएगा। बैठक में नगर निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, जिला वन अधिकारी विजय लक्ष्मी, जिला राजस्व अधिकारी कनक कालरा टाउन प्लानर, कृषि विभाग के उप निदेशक आत्मा राम गोदारा, एचएसआईआईडीसी के एस्टेट ऑफिसर सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## देश के लिए शहीद हुए अनिल कुमार को भावभीनी विदाई, 26 को श्रद्धांजलि सभा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चरखी दादरी।** देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले खरकड़ी माखवान गांव के वीर शहीद अनिल कुमार की शहादत को अंतिम विदाई देने के लिए पिछले चार दिनों से क्षेत्र के गणमान्य और देशप्रेमी लगातार गांव पहुंच रहे हैं। हर आँख नम है, लेकिन हर दिल में शहीद के प्रति गर्व है।

शहीद अनिल कुमार के चचेरे भाई राजेश पंघाल ने बताया कि अनेकों देशप्रेमी नम आंखों से वीर शहीद को नमन करने आ रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शहीद अनिल कुमार को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा रविवार, 26 अक्टूबर को रखी गई है।

राजेश पंघाल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम जो खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह हमारे शहीदों की बदौलत ही संभव हो पाया है। हम शहीदों के इस महान बलिदान और एहसान को कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र का नाम विश्व पटल पर सुनहरे अक्षरों में अंकित कर दिया है।

शहीद के सम्मान में शोक प्रकट करने और परिवार को सांत्वना देने के लिए आस-पास के क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति खरकड़ी माखवान पहुंचे। इनमें रवी आजाद, जोगेन्द्र बागनवाला, अमित अ?त्री कुंडल, रजेश पंघाल, कृष्ण सरल (पूर्व सरपंच), धर्म सिंह (पूर्व सरपंच), राज (पूर्व सरपंच), सचिन शर्मा मिरान, नवयुग स्कूल स्टाफ, जेपी टाला, रामफल टाला, रुघा पटवारी, मुकेश शर्मा ढाणी माहु, अशोक मलिक सातबास, पवन फौजी थिलोड, रमेश टमाटर वाला, टिम राजबीर फरटिया के सदस्य, बलजीत (श्व× बीडीसी लक्ष्मणपूरा), और रिटायर एसडीओ जगबीर लक्ष्मण पूरा आदि शामिल थे।

## श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में मथुरा वृंदावन की तर्ज पर हुई गोवर्धन पूजा

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 23 अक्तूबर।** मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी एवं अन्य संतों के सान्निध्य में गोवर्धन पूजा मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर की गई। संतों के साथ स्वामी पृथ्वी पुरी और महिला श्रद्धालुओं ने ब? भक्ति भाव के साथ गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाई। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि यह पूजा भगवान कृष्ण की लीला को समर्पित है जब उन्होंने इंद्र के अहंकार को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था। इस अवसर पर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए ब्रज क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं की भांति इस पर्व को आयोजित करने का संतों के मार्गदर्शन में प्रयास किया गया। सामूहिक रूप से बनाए गोवर्धन महाराज के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था एवं उत्साह दिखा।

ग्रामीण आंचल की महिलाओं ने गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाने में विशेष रूचि दिखाई। पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं ने पूजन के साथ भजन संकीर्तन किया और गोवर्धन महाराज की महिमा का बखान किया। स्वामी पृथ्वी पुरी ने बताया कि गोवर्धन पूजा का संबंध द्वापर युग से है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री कृष्ण के कहने पर लोगों ने पर्वतराज गोवर्धन को सजीव देवता मानकर उनकी पूजा की थी। इस अवसर पर स्वामी संतोषानंद, स्वामी रामनाथ पुरी, स्वामी सीताराम, स्वामी आलोकानन्द, आकाश गिरी, बिल्लू पुजारी, राम कुमार, नाजर सिंह, सुक्खा सिंह, रविंद्र कुमार, सीमा राणा, बबीता सिंह, गीता रानी, सुमन राणा, नीलम, आशा इत्यादि भी मौजूद रहे।

## अच्छी पहल : शहीदों के सम्मान में पौधरोपण और स्वच्छता मुहिम में जुटी जिला रेवाड़ी पुलिस

अर्थ प्रकाश/धनेश विद्यार्थी



**रेवाड़ी।** एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में जिला रेवा?ी टीम ने सभी थाना, चौकियों और पुलिस लाइन परिसर में शहीद पुलिस कर्मियों के सम्मान में पौधरोपण और स्वच्छता मुहिम चलाई, जिसमें सैंकड़ों जवान शामिल हुए। स्मृति दिवस एवं झंडा दिवस सप्ताह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों की अमर गाथा को स्मरण करना और समाज में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।

इस मुहिम में वीरवार को थाना प्रभारियों सहित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और उनकी वीरता को नमन किया। सभी ने शपथ ली कि वे अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा, ईमानदारी और देशभक्ति के साथ करते हुए शहीदों के आदर्शों पर चलेंगे। इस मुहिम के दौरान जिला पुलिस लाईन परिसर, थाना, चौकी तथा आस-पास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की गई। कचरा हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाया गया और पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि हर एक पौधा एक शहीद के नाम से समर्पित रहेगा, जिसकी देखभाल उसी भाव से की जाएगी जैसे परिवार का सदस्य की जाती है।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने अपने संदेश में कहा कि शहीद हमारे प्रेरणास्रोत हैं। उनकी वीरता और बलिदान हमें सदैव कर्तव्यनिष्ठ रहने की प्रेरणा देते हैं। वृक्षारोपण व स्वच्छता के माध्यम से हम न केवल उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश भी दे रहे हैं। हर पुलिसकर्मी को चाहिए कि वह अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाए रखे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि यह एक सतत प्रयास है, जिसे सभी पुलिस कर्मियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

**तैयारी** — उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने समाधान शिविर में सुनीं आमजन की शिकायतें

## आमजन समाधान शिविर में रखें अपनी समस्याएं, किया जाएगा हर संभव समाधान

शिकायतकर्ता अधिकारी-कर्मचारी पर बेवजह न लगाए कोई भी आरोप, बोले उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का बेहतरीन माध्यम है।

उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि यदि उनकी किसी प्रकार की कोई समस्या है तो वे बिना संकोच व झिझक के जिला प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखें, जिला प्रशासन की ओर से समस्या का उचित समाधान किया जाएगा। उन्होंने गुरूवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निपटारे के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर से शिकायतकर्ताओं का विश्वास शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से मौके पर ही निवारण किया जा रहा है।

**शिकायतकर्ता अधिकारी-कर्मचारी पर बेवजह न लगाए कोई भी झूठा आरोप :** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने समाधान शिविर में अधिकारियों-कर्मचारियों पर बेवजह झूठा आरोप लगाने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि कोई भी शिकायतकर्ता जिला प्रशासन के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी पर बेवजह कोई भी झूठा आरोप न लगाए। यदि कोई शिकायतकर्ता किसी अधिकारी या कर्मचारी पर किसी प्रकार का कोई आरोप लगाता है तो उसके पास उससे संबंधित ऑडियो, वीडियो आदि रूप में कोई न कोई पुख्ता सबूत अवश्य होना चाहिए। अन्यथा आरोप लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ मौके पर ही नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी व कर्मचारी पर आरोप लगने से उसके साथ-साथ जिला प्रशासन की छवि भी जनता की नजरों में धूमिल होती है। इस अवसर पर एडीसी जयदीप कुमार, सीटीएम अप्रतिम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आज दोपहर पलवल की सीमा में प्रवेश करेगी चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा 'पवित्र जोड़ा साहिब'

'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा को पलवल के लिए रवाना करेंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सिखों के दशम गुरु श्री गोबिंद सिंह महाराज और खालसा की माता साहिब कौर के दिल्ली से पटना साहिब तक जाने वाली चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा 'पवित्र जोड़ा साहिब' के शुक्रवार 24 अक्टूबर को जिला पलवल की सीमा में प्रवेश करने को लेकर संबंधित अधिकारियों व सिख समुदाय के प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा के रूट प्लान अनुसार सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित की जाए तथा यात्रा से संबंधित अन्य आवश्यक तैयारियां और प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला की सीमा में प्रवेश करने पर जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों की ओर से 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा का गर्मजोशी से भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा को गुरुवार को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा मोती बाग साहिब से रवाना किया गया है जो शनिवार 1 नवंबर को तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब पर जाकर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर को 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा का हरियाणा के जिला फरीदाबाद में रात्रि ठहराव होगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 24 अक्टूबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा को अगले गंतव्य की ओर रवाना करेंगे।

कहा कि चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा 'पवित्र जोड़ा साहिब' यात्रा शुक्रवार 24 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे गदपुरी के रास्ते जिला पलवल की सीमा में प्रवेश करेगी, जहां जिला के प्रशासनिक अधिकारी यात्रा का स्वागत करेंगे।

# हत्या से पहले ही मामला सुलझा, नाबालिग काबू

**आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 23 अक्तूबर।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की थाना मलोया पुलिस ने एक बड़ी कारवाई करते हुए सुपारी लेकर हत्या करने वाले एक नाबालिंग आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी को पुलिस ने तुंरत बाल सुधार गृह में भेज दिया। जिसके कब्जे से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर सिंह की टीम में शामिल एएसआई रत्न सिंह बुधवार को रात करीब साढ़े 9 बजे एरिया में गशत कर रहे थे। उन्होंने पार्क सेक्टर-38 बेस्ट चंडीगढ़ के पास से एक किशोर 'के' उम्र-17+ वर्ष को हिरासत में लिया और उसके पास से बिना किसी लाइसेंस या परमिट के एक देसी कट्टा और 2 कारतूस बरामद किए। मामले में अन्य आरोपी प्रीतम,साहिल, सूरज मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार किशोर 'के' उम्र-17+ वर्ष ने खुलासा किया कि बानो, उसके बेटे दीपक, विशाल और उसके पति बबलू ने उन्हें बंती और उसके भतीजे रोहन की सुपारी लेकर हत्या करने के लिए देसी कट्टा किराए पर लिया था। पुलिस ने तुंरत मामले में कारवाई करते हुए फरार हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह में भेज दिया।



























अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)